e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com
रांची संस्करण
हिन्दी दैनिक
# प्रभात मंत्र
वर्ष 11, अंक 272
शुक्रवार
04.10.2024
RNI No. - JHAHIN/2014/59110
prabhatmantra.com
पृष्ठ 12 | मूल्य 4 रुपये
पोस्टल रजिस्ट्रेशन : आरएन /257/2024-26

**सुविचार**
दो तरह से देखने से चीजे छोटी नजर आती है, एक दूर से और एक गुरुर से!

ताजा खबरों के लिए देखें

## द्वितीय : ब्रह्मचारिणी



**ह्रीं श्री अम्बिकायै नमः**
ब्रह्म का अर्थ है तपस्या, कठोर तपस्या का आचरण करने वाली देवी को ब्रह्मचारिणी कहा जाता है. भगवान शिव को पाने के लिए माता पार्वती ने वर्षों तक कठोर तप किया था. इसलिए माता को ब्रह्मचारिणी के नाम से जाना गया.

## सीएम ने सुकुरहुटू में ट्रांसपोर्ट नगर फेज -1 का किया उद्घाटन, फेज -2 की रखी आधारशिला

# ट्रांसपोर्ट नगर से शहर का होगा विस्तार : हेमंत सोरेन

*** ट्रांसपोर्ट नगर से यातायात और परिवहन व्यवस्था सुगम एवं सुदृढ़ होगा, ट्रांसपोर्ट व्यवसाय को मिलेगी गति**



**प्रभात मंत्र संवाददाता**
**रांची** : रांची को एक सुसज्जित और व्यवस्थित ट्रांसपोर्ट नगर मिल रहा है। ट्रांसपोर्ट नगर से जहां यातायात और परिवहन व्यवस्था सुगम एवं सुदृढ़ होगा, वहीं ट्रांसपोर्ट व्यवसाय को गति मिलेगी। मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने राजधानी रांची के सुकुरहुटू में नगर विकास एवं आवास विभाग द्वारा नवनिर्मित ट्रांसपोर्ट नगर के फेज- 1 का उद्घाटन एवं फेज - 2 की आधारशिला रखते हुए अपने संबोधन में ये बातें कही। उन्होंने कहा कि ट्रांसपोर्ट व्यवसायियों का यह स्थायी ठिकाना होगा, जहां उन्हें कारोबार से संबंधित सारी सुविधाएं मिलेंगी।

### आम नागरिक के साथ ट्रांसपोर्ट व्यवसाईयों को भी नहीं होगी कोई परेशानी

मुख्यमंत्री ने कहा कि ट्रांसपोर्ट नगर से आम नागरिकों को काफी सहूलियत होगी। इससे शहर में लगने वाले जाम से काफी हद तक निजात मिलेगी। यातायात व्यवस्था सुगम होगा।शहर में भारी वाहन नहीं आएंगे, जिससे सड़कों पर आवागमन में आसानी होगी। वहीं, भारी माल वाहक वाहनों के पार्किंग, लोडिंग-अनलोडिंग, वाहन चालकों के ठहरने सहित ट्रांसपोर्ट व्यवसाय से जुड़े कार्य एक ही जगह हो सकेंगे।

### जरूरत के हिसाब से सुविधाएं बढ़ाई जाएगी

मुख्यमंत्री ने कहा कि ट्रांसपोर्ट नगर में आने वाले दिनों में जो जरूरत और आवश्यकता होगी। उसी के अनुरूप सुविधाओं में विस्तार किया जाएगा। आज ट्रांसपोर्ट नगर के फेज वन का उद्घाटन संपन्न हुआ। फिलहाल यहां ट्रांसपोर्ट व्यवसाय से संबंधित कई सुविधाएं उपलब्ध कराई गई है और फेज-2 में भी कई आधुनिक सुविधाएं यहां उपलब्ध कराया जाना है।

### ट्रांसपोर्ट नगर बनने से शहर का होगा विस्तार, बढ़ेंगी गतिविधियां : हेमंत सोरेन

### कार्यक्रम में इनकी रही उपस्थित

इस अवसर पर मंत्री हफीजुल हसन, राज्य सभा सांसद महुआ माजी, प्रधान सचिव सुनील कुमार, निदेशक सूडा अमित कुमार, उपायुक्त रांची मंजूनाथ भजंत्री, रांची नगर निगम के नगर आयुक्त संदीप सिंह एवं अन्य पदाधिकारी मौजूद थे।

### कई अन्य गतिविधियों को मिलेगा बढ़ावा

मुख्यमंत्री ने कहा कि ट्रांसपोर्ट नगर से इस इलाके में कई अन्य गतिविधियों को बढ़ावा मिलेगा। इससे शहर का विस्तार होगा। यहां शहरी गतिविधियां भी तेजी से बढ़ेगी। कारोबार में गति आएगी। रोजगार के नए अवसर पैदा होंगे। कुल मिलाकर ट्रांसपोर्ट नगर से विकास को एक नया आयाम मिलेगा।

## केंद्र ने शुरू किया प्रधानमंत्री इंटर्नशिप योजना



**एजेंसी**
**नई दिल्ली :** सरकार ने गुरुवार को युवाओं को रोजगार के काबिल बनाने के मकसद ने पायलट आधार पर प्रधानमंत्री इंटर्नशिप योजना शुरू की। योजना के तहत इंटर्नशिप के लिए चयनित युवाओं को 5,000 रुपये मासिक वित्तीय सहायता मिलेगी। इसके अलावा, उन्हें इंटर्नशिप के लिए जॉइन करने को लेकर एकबारगी 6,000 रुपये की सहायता दी जाएगी। सरकारी सूत्रों ने बताया कि चालू वित्त वर्ष में 1.25 लाख इंटर्नशिप के अवसर उपलब्ध कराने की योजना है। इस पर 800 करोड़ रुपये का खर्च आने का अनुमान है। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने वित्त वर्ष 2024-25 के अपने बजट भाषण में कहा था कि सरकार इंटर्नशिप प्रदान करने के लिए एक व्यापक योजना शुरू करेगी। इसके तहत पांच साल में एक करोड़ युवाओं को 500 शीर्ष कंपनियों में प्रशिक्षण का अवसर दिया जाएगा। उन्हें वास्तविक रूप से कारोबारी माहौल, विभिन्न कारोबार क्षेत्रों में 12 महीने कामकाज के गुर सीखने का मौका मिलेगा और साथ ही रोजगार के अवसर भी मिलेंगे। सूत्रों ने कहा,योजना को ऑनलाइन पोर्टल,डब्ल्यूडब्ल्यूडब्ल्यू डॉट पीएमइंटर्नशिप डॉट एमसीए डॉट गॉव डॉट इन के जरिये लागू किया जाएगा। पोर्टल का विकास कॉरपोरेट कार्य मंत्रालय ने किया है।

**सरकारी सूत्रों ने बताया कि चालू वित्त वर्ष में 1.25 लाख इंटर्नशिप के अवसर उपलब्ध कराने की योजना है। इस पर 800 करोड़ रुपये का खर्च आने का अनुमान है। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने वित्त वर्ष 2024-25 के अपने बजट भाषण में कहा था कि सरकार इंटर्नशिप प्रदान करने के लिए एक व्यापक योजना शुरू करेगी।**

इंटर्नशिप के लिए चयनित युवाओं को प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना और प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना के तहत बीमा कवर दिया जाएगा। इसके लिए प्रीमियम का भुगतान सरकार करेगी। इसके अलावा, कंपनियां चयनित उम्मीदवार को अतिरिक्त दुर्घटना बीमा उपलब्ध करा सकती हैं।सूत्रों ने कहा कि पायलट परियोजना दिसंबर के पहले सप्ताह में पूरी होने की उम्मीद है। उसके बाद इसे पूर्ण रूप से लागू किया जाएगा। केंद्र सरकार की नौकरियों में आरक्षण का नियम इस योजना में भी लागू होगा।

## क्विक न्यूज

### भूटान नरेश के निमंत्रण पर थिंपू पहुंचे नेपाल के पूर्व राजपरिवार का भव्य स्वागत

**काठमांडू :** भूटान के राजा जिग्मे खेसर वांचुक के निमंत्रण पर थिम्पू पहुंचे नेपाल के पूर्व राजा ज्ञानेंद्र शाह और उनके परिवार का भव्य स्वागत किया गया। नेपाल के पूर्व राजा अपने परिवार के साथ चार दिन के भ्रमण पर भूटान पहुंचे हैं।काठमांडू से भूटान के थिंपू पहुंचे नेपाल के पूर्व राजा ज्ञानेंद्र शाह के स्वागत के लिए भूटान राजपरिवार के सदस्य खुद विमानस्थल पर मौजूद रहे। सन 2006 में नेपाल से राजशाही के खात्मे के बाद से यह पहला मौका है, जब किसी देश के राजपरिवार ने नेपाल के राजपरिवार को औपचारिक भ्रमण पर आमंत्रित किया है।नेपाल के पूर्व राजा के साथ उनकी पत्नी कोमल शाह, उनकी बहू हिमानी शाह और हिमानी की दोनों बेटियां भी इस यात्रा में शामिल हैं।

### देश में नवरात्रि पर 50 हजार करोड़ से ज्यादा के व्यापार का अनुमान : कैट

**नई दिल्ली** : नवरात्रि का त्योहार गुरुवार से प्रारंभ हो गया है। देश में 10 दिनों तक चलने वाले इस त्योहारी सीजन में नवरात्रि, रामलीला, गरबा और डांडिया जैसे उत्सव बड़े धूम-धाम से मनाए जाते हैं। इससे देशभर में व्यापारिक गतिविधियों को बढ़ावा मिलता है। कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स को इन उत्सवों से देश में 50 हजार करोड़ रुपये से अधिक के कारोबार होने का अनुमान है।

### बिहार और झारखंड में एटीएम काटने वाला अंतर्राज्यीय चोर गिरोह का पर्दाफाश

**रामगढ़ :** रामगढ़ पुलिस ने एटीएम काटकर रुपए चोरी करने वाले अंतर्राज्यीय चोर गिरोह का पर्दाफाश कर दिया है। इस गिरोह के पांच शातिर अपराधियों को पकड़ा गया है। उनके पास से चोरी की रकम 1.70 लाख रुपए भी बरामद की गई है। इस मामले की जानकारी गुरुवार को प्रेस कांफ्रेंस में रामगढ़ एसपी अजय कुमार ने दी। उन्होंने बताया कि अंतर्राज्यीय चोर गिरोह में शामिल अपराधी हरियाणा और बिहार राज्य के हैं।

### इजरायल का गाजा पट्टी पर कहर, हवाई हमले में हमास प्रमुख रावी मुश्तहा समेत तीन ढेर

**यरुशलम :** इजरायल का गाजा पर हमला लगातार जारी है। हमास से इस जंग में इजरायली सेना को बड़ी कामयाबी मिल है। गुरुवार को इजरायली सेना ने बताया कि उसके द्वारा तीन महीने पहले किए गए में हमले में हमास के तीन बड़े नेताओं की मौत हो गई।इजरायली सेना द्वारा तीन महीने पहले किए गए हवाई हमलों के दौरान गाजा में हमास प्रमुख रावी मुश्ताहा और दो वरिष्ठ सुरक्षा अधिकारियों की मौत हो गई।

## रांची का तापमान

| | |
|---|---|
| अधिकतम | 28° |
| न्युनतम | 22° |

# 77 नक्सली घटनाओं का आरोपी माओवादी गिरफ्तार




**प्रभात मंत्र संवाददाता**
**गुमला :** माओवादियों के खिलाफ पुलिस को बड़ी सफलता मिली है. पुलिस ने पांच लाख रुपये के इनामी कोयल शंख जोन के सब जोनल कमांडर व कुल्ही आंजन निवासी रंथू उरांव उर्फ गुरु चरण समेत पांच लोगों को गिरफ्तार किया है. इनके पास से भारी मात्रा में हथियार भी बरामद हुए हैं. सभी को गुरुवार को जेल भेज दिया गया.दक्षिणी छोटानागपुर क्षेत्र के पुलिस उप महानिरीक्षक अनूप बिरथरे व गुमला एसपी शंभू कुमार सिंह ने प्रेस वार्ता कर पूरे मामले की जानकारी दी. उन्होंने बताया कि दो अक्टूबर की शाम करीब सवा छह बजे सूचना पर थाना प्रभारी के नेतृत्व में क्यूआरटी टीम आंजन हरिनाखाड़ जंगल पहुंची. वहां दो बाइक पर तीन संदिग्ध व्यक्ति पहुंचे. पुलिस द्वारा रोके जाने पर उन्होंने फायरिंग शुरू कर दी और भागने का प्रयास किया, जिसके बाद उन्हें पकड़ लिया गया. पूछताछ में उनकी पहचान रंथू उरांव उर्फ गुरु चरण उरांव, कटारी महुआ टोली निवासी जयशंकर महतो व खरका भरनो निवासी रोहित उरांव के रूप में हुई. तलाशी के दौरान उनके पास से दो देसी कट्टा, चार पहचान पत्र, 16 गोलियां, माओवादी पर्चा बरामद किया गया. जिसके बाद उनकी निशानदेही पर एक कार्बाइन, तीन राइफल, एक बंदूक और भारी मात्रा में गोलियां आदि भी बरामद की गई.इसके बाद दी गई सूचना पर पुलिस ने नक्सलियों के सहयोगी कुटमा निवासी राजू अहीर उर्फ राजू गोप और सुरेंद्र मुंडा को गिरफ्तार कर लिया. उनके पास से एक देसी कट्टा और छह राउंड गोलियां बरामद की गई.गिरफ्तार सबजोनल कमांडर रंथू उरांव अब तक कुल 77 नक्सली घटनाओं में आरोपी नक्सली है. उसके खिलाफ गुमला में 62, लोहरदगा में 10 और लातेहार में 5 मामले दर्ज हैं.

# संविधान और लोकतंत्र को बचाना सबसे बड़ी लड़ाई : राहुल गांधी



**एजेंसी**
**नई दिल्ली :** हरियाणा के नूंह में चुनाव प्रचार के आखिरी दिन कांग्रेस सांसद और लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने भाजपा और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार पर तीखे हमले किए। उन्होंने बेरोजगारी, संविधान की कमजोर होती स्थिति और समाज में नफरत फैलाने जैसे अहम मुद्दों पर अपनी चिंता व्यक्त की। गांधी ने अपने संबोधन में कहा कि देश के संविधान और लोकतंत्र को बचाना आज की सबसे बड़ी लड़ाई है। उन्होंने गरीबों, किसानों और मजदूरों के अधिकारों की रक्षा के लिए इन स्तंभों की सुरक्षा को आवश्यक बताया। राहुल गांधी ने हरियाणा में बढ़ती बेरोजगारी पर गहरी चिंता जताते हुए कहा कि राज्य के युवाओं को अपने ही राज्य में रोजगार नहीं मिल रहा। जबकि उन्हें अमेरिका में काम ढूंढना पड़ रहा है। उन्होंने अपने हालिया अमेरिका दौरे का जिक्र करते हुए बताया कि वहां हरियाणा के ऐसे युवाओं से मुलाकात हुई। जो राज्य में रोजगार की कमी के चलते विदेश में काम करने को मजबूर हैं। उन्होंने बेरोजगारी के लिए मोदी सरकार की नीतियों को जिम्मेदार ठहराया। जिनमें अमीरों को फायदा पहुंचाने के लिए आम लोगों की अनदेखी की जा रही है।राहुल गांधी ने भाजपा और आरएसएस पर संविधान को खत्म करने की कोशिश का आरोप लगाया और इसके खिलाफ जनता से मजबूत विरोध करने की अपील की। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के नेतृत्व वाली सरकार युवाओं के लिए रोजगार के अवसर पैदा करेगी और राज्य में फैली बेरोजगारी का हल निकालेगी। साथ ही गांधी ने अपने भारत जोड़ो यात्रा के अनुभवों को साझा करते हुए भाजपा द्वारा फैलाई जा रही नफरत का जिक्र किया और कहा कि प्यार ही इसका एकमात्र समाधान है।

### पूर्व सांसद अशोक तंवर कांग्रेस में शामिल, राहुल ने किया स्वागत

**नई दिल्ली :** विधानसभा चुनाव से पहले भाजपा को गुरुवार को बड़ा झटका लगा। पूर्व सांसद अशोक तंवर ने महेंद्रगढ़ के गांव बवानिया में कांग्रेस ज्वाइन कर ली। राहुल गांधी ने उन्हें कांग्रेस पार्टी का पटका पहनाकर स्वागत किया। अशोक तंवर हिसार से लोकसभा सांसद और हरियाणा कांग्रेस के अध्यक्ष रह चुके हैं। उन्होंने 5 अक्तूबर 2019 को कांग्रेस की प्राथमिक सदस्यता से इस्तीफा दे दिया था। इसके बाद वे आप में शामिल हो गए थे। वे आप के हरियाणा चुनाव अभियान समिति के अध्यक्ष थे। फिर उन्होंने आप भी छोड़ दी थी। इसके बाद जनवरी 2024 में तंवर भाजपा में शामिल हो गए थे।

# हरियाणा में थम गया प्रचार, 5 को वोटिंग



**एजेंसी**
**नई दिल्ली :** हरियाणा विधानसभा चुनाव के लिए प्रचार वीरवार शाम थम गया है। चुनाव प्रचार के आखिरी दिन सभी राजनीतिक दलों के दिग्गज नेताओं ने प्रदेश के अलग-अलग जगहों में रैली और जनसभाएं की। अब 90 सीटों के लिए पांच अक्तूबर को मतदान होगा। वहीं, आठ अक्तूबर को चुनाव परिणाम घोषित किए जाएंगे। मतदान को लेकर पोलिंग पार्टियां शुक्रवार को मतदान केंद्रों पर रवाना होंगी। राज्य में कुल 20,632 मतदान केंद्र बनाए गए हैं। सबसे ज्यादा केंद्र फरीदाबाद सीट पर 1650 केंद्र है, जबकि सबसे कम डबवाली विधानसभा क्षेत्र में 400 केंद्र है। इसके बाद पंचकूला में 455 मतदान केंद्र है। चुनाव के लिए रिजर्व इवीएम सहित कुल 27,866 ईवीएम (बैलेट यूनिट) का उपयोग होगा। इसके साथ 26,774 वीवीपैट मशीनों का उपयोग किया जाएगा। 24,719 कंट्रोल यूनिट भी बनाए गए हैं।चुनाव आयोग को राज्य में सी-विजिल एप के जरिए 28 हजार शिकायतें मिली हैं। इन सभी पर 100 मिनट के अंदर कार्रवाई की गई है। चुनाव आयोग में 97 प्रतिशत शिकायत वाहनों में पोस्टर चिपकाने, घर पर पोस्टर लगाने और तेज आवाज में प्रचार करने से संबंधित रहीं। इसमें सबसे ज्यादा फरीदाबाद से 7274 शिकायतें, सिरसा से 3375 शिकायत और रोहतक जिले से 2701 शिकायतें आई हैं। कार्यवाहक मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के चुनावी प्रचार में स्कूल ड्रेस में नाबालिग को शामिल करने जैसी शिकायत भी मिली है।

# ईरान में जहरीली शराब पीने से 26 की मौत



**एजेंसी**
**तेहरान :** ईरान में मेथनॉल युक्त जहरीला मादक पेय पदार्थ पीने से कम से कम 26 लोगों की मौत हो गई है। सरकारी मीडिया ने इस बारे में जानकारी दी है। आधिकारिक आईआरएनए समाचार एजेंसी ने बुधवार देर रात बताया कि जहरीले मेथनॉल के कारण उत्तरी प्रांतों माजंदरान और गिलान तथा पश्चिमी प्रांत हमादान के विभिन्न शहरों और कस्बों में पुरुषों और महिलाओं की मौत हो गई। आईआरएनए ने कहा कि जहरीली शराब के कारण सैकड़ों लोगों को अस्पताल में भर्ती होना पड़ा है। रिपोर्ट में मादक पेय का स्रोत स्पष्ट नहीं था।



# जनता को अपने हाल पर छोड़ देना पूर्व के जन प्रतिनिधियों का था काम : मंत्री मिथिलेश

## 5 हजार लोग जेएमएम में हुए शामिल



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गढ़वा :** रमकंडा प्रखंड के अंतर्गत उदयपुर पंचायत के पुनदागा दुर्गा पूजा मैदान में बुधवार को झामुमो का कार्यकर्ता सम्मेलन सह मिलन समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन गढ़वा विधायक झारखंड सरकार के पेयजल एवं स्वच्छता, पर्यटन, कला संस्कृति, खेलकूद व युवा कार्य विभाग मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर ने दीप प्रज्जवलित कर किया। इससे पूर्व मंत्री ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की तस्वीर पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया। इस दौरान पारंपरिक आदिवासी गीत, नृत्य, बड़ा माला एवं पत्तों का पारंपरिक माला व टोपी पहनाकर मंत्री का भव्य स्वागत किया गया। समारोह में भाजपा के कई वरिष्ठ नेताओं सहित पूरे रमकंडा प्रखंड के सभी पंचायतों से लगभग पांच हजार लोग झारखंड मुक्ति मोर्चा में शामिल हुए। मंत्री श्री ठाकुर ने माला व पार्टी का पट्टा पहनाकर सभी को पार्टी में शामिल किया। मौके पर मंत्री ने क्षेत्र के कई प्रबुद्ध जनों को शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया।मौके पर मंत्री श्री ठाकुर ने कहा कि ठग कर वोट लेना एवं जनता को अपने हाल पर छोड़ देना ही पूर्व के जनप्रतिनिधियों का काम था।उन्होंने कहा कि आज गरीब, बेटी बहनों को सरकार एक हजार रूपये प्रतिमाह दे रही है, तो विरोधियों के कलेजे पर सांप लोट रहा है। भाजपा के लोग इसे बंद कराने के लिए कोर्ट में केस कर रहे हैं। मंत्री ने कहा कि किसी भी हाल में मंईयां सम्मान योजना बंद नहीं होगा। बल्कि अगले साल से राशि बढ़ाकर 1250 रूपये, फिर 1500 रूपये कर दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि अपना काम कराने के लिए आपको सरकार के पास नहीं जाना पड़ रहा है। बल्कि सरकार एवं सभी अधिकारी आपके द्वार तक पहुंचकर आपका काम कर रहे हैं।पार्टी में शामिल होने वालों में मुख्य रूप से भाजपा छोड़ कर उमेश यादव, राजेंद्र सिंह खरवार, रामप्रवेश यादव, चंदन प्रसाद, नागेश्वर तिवारी, धर्मदेव यादव, राजेश्वर यादव, रविंद्र विश्वकर्मा, एआईएमआईएम के खुर्शीद अंसारी, ब्रजेश पासवान, सुनील भुईयां, गुड्डु खान, राजीव रंजन, दुर्गावती देवी, देवनाथ राम, रमकंडा के सेमरतांड़ टोला के पिंटु ठाकुर, सुशीला देवी, कुबली देवी, कमोदा देवी सहित उदयपुर, रमकंडा, कछरवा, दाहो, मंगराही, चेटे, विराजपुर, पुनदागा सहित सभी पंचायतों के लगभग पांच हजार लोगां का नाम शामिल है। मौके पर मुख्य रूप से बीस सूत्री जिला उपाध्यक्ष नितेश सिंह, झामुमो जिलाध्यक्ष तनवीर आलम, सचिव मनोज ठाकुर, श्रवण कमलापुरी, शकुंतला देवी, गायत्री गुप्ता, विनोद प्रसाद, दुर्गावती देवी सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।

## राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की 155 वीं जयंती समारोह सीपीआईएम के जिला सचिव के आवास पर किया गया आयोजित



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बंशीधर नगर :** राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की 155 वी जयंती समारोह सीपीआईएम के जिला सचिव जयप्रकाश गुप्ता के आवास पर बुधवार को आयोजित किया गया। जयंती समारोह का शुभारंभ राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के चित्र पर माल्यार्पण कर किया गया। समारोह को सम्बोधित करते हुये वक्ताओं ने कहा कि आजादी की लड़ाई में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के योगदान को भुलाया नही जा सकता। महात्मा गांधी सत्य व अहिंसा के मार्ग पर चलकर देश को अंग्रेजो की गुलामी से मुक्त कराया। वे सत्य व अहिंसा के पुजारी थे। वक्ताओं ने कहा कि उनके बताये मार्ग पर चलने व उनके जीवन संघर्ष को आत्मसात करने की जरूरत है। मौके पर सीपीआई के जिला सचिव रामेश्वर प्रसाद अकेला, राजकुमार राम, विद्या पासवान, राजकुमार भुइयां, रामनाथ उरांव, किशुन उरांव, श्रीराम, कांग्रेस सेवा दल के मुख्य संगठक ईश्वरी चौधरी, जिला महासचिव ओमप्रकाश चौबे, प्रखंड अध्यक्ष संजय प्रसाद, नगीना पासवान, सीपीआईएम के जिला सचिव जय प्रकाश गुप्ता सहित अन्य उपस्थित थे।

## पिपरा में कलश यात्रा के साथ दुर्गा पूजा का हुआ शुभारंभ



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पिपरा :** पिपरा प्रखंड क्षेत्र में 16 जगहो पर दुर्गा पूजा का आयोजन किया जा रहा है. अधिकांश जगहों के आयोजन स्थल के ग्रामीणों के द्वारा नवरात्र के प्रथम दिन भव्य कलश यात्रा निकला गया. श्रद्धालुओं ने अपने-अपने सुविधा अनुसार कलश में जल उठाव के लिए स्थान का चयन किया देवगन धाम से लेकर पुनपुन उद्गम स्थल तक हजारों हजार की संख्या में श्रद्धालु जल का उठाव करते हुए देखे गए. पूरे प्रखंड क्षेत्र में भक्तिमय वातावरण हो गया है. प्रखंड क्षेत्र के सभी जगहो के पूजा पंडाल अध्यक्ष अभिमन्यु कुमार, रेखा ठाकुर पंकज कुमार सर्वेश कुमार सिंह मनीष कुमार शिवलाल कुमार यादव राजू यादव उपेंद्र यादव विनय मेहता सतीश कुमार सिंह अभय कुमार सिंह फुलेंद्र कुमार विवेक कुमार जयप्रकाश सिंह प्रफुल्ल पाठक सहेंद्र दुबे के कुशल नेतृत्व में अपने-अपने स्थान पर दुर्गा पूजा का आयोजन कराया जा रहा है. तेंदुई पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि सह वरिष्ठ समाजसेवी अरविंद कुमार सिंह भी श्रद्धालुओं के साथ जल उठाव करने पुनपुन पहुंचे थे.वही पूर्व जिला पार्षद प्रतिनिधि संदीप पासवान ग्राम दलपतपुर के कलश यात्रा में अपने समर्थकों के साथ शामिल हुए थे. नवरात्र को लेकर बाजार क्षेत्र में भी चहल-पहल बढ़ गया है. पिपरा थाना प्रभारी बिमल कुमार एवं पिपरा पुलिस बल प्रखंड क्षेत्र के आयोजनों पर पैनी नजर बनाए हुए हैं कोई भी अप्रिय घटना घटती है या कोई भी असामाजिक व्यक्ति पंडाल के आसपास दिखाई देता है तो इसकी सूचना तुरंत थाना को देंगे वैसे व्यक्तियों पर त्वरित कार्रवाई किया जाएगा।

## विशेष ग्राम सभा में:- पंचायत को विकसित बनाने का लिया संकल्प



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चैनपुर :** चैनपुर प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत बुढ़ीवीर के उच्च विद्यालय प्रांगण में गांधी जयंती के अवसर पर बुधवार को विशेष ग्राम सभा आयोजित की गई। जीपीडीपी के तहत विकास योजनाओं का चयन किया गया। 75 वर्ष पूर्ण कर चुके वरिष्ठ नागरिकों को सम्मानित किया गया।साथ ही एक पेड़ मां के नाम के तहत पौधारोपण किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत राष्ट्रपिता महात्मा गांधी व पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की तस्वीर पर माल्यार्पण व दीप प्रज्ज्वलित कर की गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता मुखिया अरविंद तिवारी व संचालन शिक्षक सह कवि राकेश कुमार ने किया। मौके पर जिप सदस्य प्रमोद सिंह ने कहा कि गांव की सरकार में ग्राम पंचायतें सशक्त हो रही हैं। प्रखंड प्रमुख गायत्री देवी ने कहा कि ग्राम सभा के माध्यम से चयन किए गए योजनाओं पर प्राथमिकता के अनुसार कार्य किए जाते हैं। इसमें पंचायत प्रतिनिधियों की भूमिका अहम होती है।टीआरआई संस्था के रांची से आए सौरभ भट्टाचार्य ने कहा कि पंचायत प्रतिनिधि अपने अधिकार व कर्तव्यों को जानें, इससे उन्हें योजनाओं के चयन व उसके क्रियान्वयन में आसानी होगी। 15 वें वित्त के प्रखंड समन्वयक अमित कुमार चौबे ने कार्यक्रम आयोजन के उद्देश्यों पर प्रकाश डाला। टीआरआई की पीपीआईए एना रॉय चौधरी व प्रखंड समन्वयक मोनीष खान ने जीपीडीपी के उद्देश्यों पर विस्तृत प्रकाश डाला। संचालन में रामप्रवेश चौरसिया, चंदन प्रजापति, वार्ड सदस्य मालती देवी, सरिता देवी सहित कई लोग महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

## हुसैनाबाद एसडीओ के सम्मान में विदाई समारोह का आयोजन



**हुसैनाबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता):** हुसैनाबाद के निवर्तमान अनुमंडल पदाधिकारी पियुष सिन्हा के सम्मान में अनुमंडल कार्यालय के सभागार में विदाई समारोह का आयोजन किया गया। पुलिस प्रशासन के लोगों व स्थानीय प्रबुद्धजनों द्वारा आयोजित सादे समारोह में उन्हें पुष्प गुच्छ व अंगवस्त्र देकर भावभीनी विदाई दी गई। इस दौरान भावुक होते हुए एसडीओ पीयूष सिन्हा ने कहा कि हुसैनाबाद क्षेत्र के लोगों से जो प्रेम, स्नेह तथा सहयोग मिला उसे सदा याद रखेंगे। वहीं उपस्थित पदाधिकारियों ने भी उनके कार्यकाल में किए गए कार्यों को याद कर उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। मौके पर नवपदस्थापित एसडीओ कृष्कान्त कनवड़िया, एसडीपीओ मुकेश कुमार महतो, बीडीओ, थाना प्रभारी संजय कुमार यादव, ओमप्रकाश श्रीवास्तव, सुदामा मेहता, टिंकू चौधरी, सुजीत कुमार समेत कई लोग मौजूद थे।

## किशुनपुर पंचायत सचिवालय मे गांधी जयंती मनाया गया



**पाटन(प्रभात मंत्र संवाददाता):** दो अक्टूबर ग्राम पंचायत सचिवालय किशुनपुर में मुखिया सुमन गुप्ता के अध्यक्षता में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं लाल बहादुर शास्त्री के जयंती पर उन्हें नमन किया। इसके उपलक्ष्य में पंचायती राज विभाग के निर्देशानुसार विशेष ग्राम सभा का आयोजन किया गया। सबकी योजना सबका विकास अभियान के तहत त्रिस्तरीय पंचायती राज संस्थाओं के वार्षिक कार्ययोजना बनाने के लिए जीपीडीपी पर चर्चा की गई।

## लंगर कोट गांव में नवरात्र पर्व को लेकर भब्य कलश यात्रा का हुआ आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हुसैनाबाद :** प्रखंड के लंगर कोट गांव में नवरात्र पर्व को को लेकर भब्य कलश यात्रा का आयोजन किया गया. कलश यात्रा की शुरूआत दुर्गा मंडप स्थल से की गयी. जो गाजे - बाजे के साथ नगर भ्रमण करते हुये त्रीवेणी सरोवर छठी घाट पहुँची. जहाँ आचार्य रामाकांत तिवारी ने संयुक्त रूप से वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ जलभरी की प्रक्रिया पूरी की. पुनः कलशयात्रा में शामिल श्रद्धालू लोग श्री दुर्गा मंडप स्थल पहुँचे. इसके बाद आचार्य रामाकांत तिवारी के द्वारा कलश स्थापित की गयी. सम्पूर्ण महायज्ञ अनुष्ठान किया गया। मौके पर गोलू पटेल लवकुश कुमार हिमांशु पटेल लीलावती देवी डां 0 रामचन्द्र चौधरी शिवपूजन चौधरी दिनेश्वर चौधरी समाजसेवी सैनिक सुधीर कुमार सिंह उर्फ पप्पू सिंह नन्दलाल चौधरी सतोष कुमार सिंह अरूण कुमार सिंह गोपाल चौधरी अरविन्द शर्मा सुरज कुमार अंगद कुमार कमलेश चौधरी समाजसेवी पवन कुमार पटेल दीलीप चौधरी राहुल ठाकुर अवध बिहारी सिंह सहित काफी संख्या ग्रामीण लोग मौजूद थे।

## धूमधाम से निकाला गया कलश यात्रा



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**विश्रामपुर :** विश्रामपुर अंचल व नगर परिषद क्षेत्र में स्थापित पूजा पंडालों से गुरुवार को नवरात्र के प्रथम दिन कलश शोभा यात्रा निकाली गई. विश्रामपुर गढ़ मुंहल्ला के सार्वजनिक दुर्गा पूजा कमिटी का कलश यात्रा ऐतिहासिक पंचमुखी मंदिर प्रांगण से शुरू हुआ. जयघोष के साथ नगर भ्रमण के बाद यात्रा भेलवा नदी तट पहुंचा, जहां वैदिक मंत्रीचारणो के बीच कलश में जल भरा गया. कलश में जल लेकर श्रद्धालु पूजा पंडाल आए, जहां धार्मिक अनुष्ठान के बीच कलश को स्थापित किया गया. कलश यात्रा में समाजसेवी संजय पांडेय, विधायक प्रतिनिधि राजन पांडेय, भाजपा नेता मुंशी प्रसाद गुप्ता, संत पोल कॉन्वेंट स्कूल के निदेशक एस एम एस्ले, समाजसेवी विजय कुमार रवि, पार्षद पूनम देवी, सुनील कुमार चौधरी, गोपाल सोनी, हरिशंकर सिंह सहित कई लोग शामिल हुए। इधर मुरमा खुर्द पूजा पंडाल से भी आज ही कलश यात्रा निकाली गई. यात्रा को भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य अरविंद सिंह ने भगवा ध्वज दिखाकर नदी के लिए रवाना किया. यहां भी काफी संख्या में श्रद्धालु मौजूद थे. इसके अलावा क्षेत्र के कई और पूजा पंडालों से भी कलश स्थापित किया गया.कलश स्थापना के साथ ही नवरात्र पूजन शुरू हो गया।

## अपर सचिव कमल किशोर सोन ने आकांक्षी जिला लोहरदगा में संचालित विकास योजनाओं की किया समीक्षा

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** श्री कमल किशोर सोन, सचिव श्रम एवं रोजगार मंत्रालय भारत सरकार सह केंद्रीय प्रभारी लोहरदगा जिला की अध्यक्षता में जिला परिषद के सभागार में आकांक्षी जिला कार्यक्रम की समीक्षा बैठक की गई। बैठक से पूर्व श्री सोन ने उपस्थित सभी पदाधिकारियों से उनका परिचय प्राप्त किया। साथ ही उन्होंने पूर्व के बैठकों में लिए गए निर्णयों का एक-एक समीक्षा की। समीक्षा के क्रम में उन्होंने कहा कि जिले के सभी स्कूलों में बिजली की समुचित व्यवस्था होनी चाहिए। साथ ही प्रत्येक विद्यालय में पेयजल की उपलब्धता हर हाल में हो। इसके लिए उन्होंने जिला शिक्षा पदाधिकारी, जिला शिक्षा अधीक्षक एवं पेयजल के कार्यपालक अभियंता को समन्वय स्थापित कर कार्य करने का निदेश दिया। उन्होंने अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति, पिछडा वर्ग एवं अन्य गरीब छात्रों को उच्च प्रतियोगी शिक्षा के लिए विशेष क्लास कराने का निर्देश दिया।साथ ही उन्हें प्रेरित कर उत्साहित करने की भी बात कही। उन्होंने सभी स्कूलों तक पहुंच पथ बनाने का निर्देश संबंधित विभाग को दिया।साथ ही उन्होंने इसके लिए भूमि विवाद का निपटारा भी जल्द से जल्द करने का निदेश अपर समाहर्ता को दिया।सिविल सर्जन को उन्होने सिकल सेल एनीमिया के मरीजों को चिन्हित कर उन्हें समुचित चिकित्सा सहायता एवं लाभ देने का निर्देश दिया।समाज कल्याण विभाग के पदाधिकारी को निर्देश दिया गया कि वे आंगनबाड़ी केंद्रों को सुसज्जिकरण एवं अर्ध निर्मित भवनों को जल्द से जल्द पूर्ण करें।स्वास्थ्य विभाग को निर्देश दिया गया कि गरीब वंचित वर्ग को चिकित्सा लाभ देने के लिए आयुष्मान कार्ड का ज्यादा से ज्यादा निबंधन कराए। सरकारी अस्पताल में प्राइवेट जैसा सुविधा उपलब्ध हो।श्रम विभाग को ज्यादा से ज्यादा अंतर्राष्ट्रीय प्रवासी मजदूरों को चिन्हित कर निबंधन कराने का निर्देश दिया।अग्रणी बैंक प्रबंधन को आधार सीडिंग के कार्यों में गति लाने का निर्देश दिया। कृषि विभाग को के.सी.सी लाभुकों को हर संभव कृषि कार्य में लाभ देने का निर्देश दिया गया।

## पुराने कांग्रेसी कार्यकर्ता के साथ कांग्रेस प्रत्याशी मुकेश पासवान ने किया चर्चा

**सिमरिया(प्रभात मंत्र संवाददाता):** कांग्रेस के पुराने कार्यकर्ता सह पूर्व प्रखण्ड अध्यक्ष कमख्या नारायण सिंह के साथ चुनाव पर चर्चा में सिमरिया विधान सभा के कांग्रेस प्रत्याशी मुकेश पासवान ने सिमरिया विधान सभा चुनाव को लेकर चर्चा किया। कहा यदि कांग्रेस पार्टी से मुझे सिमरिया विधान सभा से चुनाव के लिए टिकट दिया तो अवश्य हीं मैं सिमरिया विधान सभा से जीत कर कांग्रेस का परचम लहराऊंगा। वहीं चुनाव संबंधी बातों को लेकर पुराने एवं बुजुर्ग कांग्रेस कार्यकर्ता कमख्यां नारायण सिंह के साथ काफी देर तक चर्चा की गई। कांग्रेस कार्यकर्ता कामख्या नारायण सिंह ने आश्वस्त किया की कांग्रेस से टिकट मिली मुकेश पासवान को तो अवश्य जीत हासिल होगी। जनता का प्यार स्नेह बना हुआ है।

## स्वच्छता से समाज में समरसता बढ़ती हैं : शशि कुमार



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हुसैनाबाद :** हुसैनाबाद नगर पंचायत हुसैनाबाद के द्वारा भारत सरकार द्वारा चलाए जा रहे कार्यक्रम स्वच्छता ही सेवा के तहत हुसैनाबाद टाउन हॉल में क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम के तहत 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक विशेष स्वच्छता अभियान स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम था जिसका आज स्वच्छता पर प्रतियोगिता आयोजित कर समापन किया गया। जिसके तहत शहर के विभिन्न विद्यालय के छात्रों को हुसैनाबाद टाउन हॉल में बुलाकर स्वच्छता और सफाई पर आधारित क्विज प्रतियोगिता कराया गया। जिसमें सामाजिक समरसता एवं स्वच्छता विषय पर लिखित प्रतियोगिता लिया गया। जिसमें हुसैनाबाद के राजकीय मध्य विद्यालय, उर्दू मध्य विद्यालय, बक्शी उच्च विद्यालय, कन्या मध्य विद्यालय हुसैनाबाद आदि स्कूल के छात्र शामिल हुए। प्रतियोगिता कार्यक्रम में बेहतर प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को पुरूस्कृत किया गया। वही नगर पंचायत सफाई कर्मियों को पीपीई किट दिया गया। जिसमें टीशर्ट, हाथ का दास्ताना, हैंड वाश, मास्क, टोपी, चिटर जैकेट आदि शामिल हैं। इस कार्यक्रम की शुरुआत निवर्तमान नपं अध्यक्ष शशि शशि कुमार, डॉ दीपक कुमार व कनीय अभियंता, आशीष सिंह, वृजलाल यादव, अजित कुमार, अभिजीत दुबे आदि ने दीप प्रज्वलित कर किया। सभी ने पौधा रोपण कर स्वच्छता का संदेश दिया। इस मौके पर नपं अध्यक्ष ने कहा कि शहर को स्वच्छ रखना केवल नगर पंचायत का दायित्व नहीं है अभी हम सभी नागरिकों का यह कर्तव्य होना चाहिए कि हमारे घर के आसपास अनावश्यक रूप से कचरा का भंडारण ना हो तथा हमें अपने स्वच्छता पर विशेष देने ध्यान देने की जरूरत है। शहर स्वच्छ होने से समाज स्वच्छ होता है। मौके नगर पंचायत के कर्मी रविकांत पटेल, नाजिर अरुणजय, धीरज कुमार, रवि कुमार, सफाई जमादार अवधेश राम, संजीत पासवान, रवि यादव सहित कई सफाई कर्मी सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

## ऋषि महर्षि के द्वारा खोजे गए तकनीक का अध्ययन कर प्रदर्श बनाएं : सच्चिदानंद लाल



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** शीला अग्रवाल सरस्वती विद्या मंदिर लोहरदगा में गुरुवार को विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन हुआ। जिसमें विद्यार्थियों ने हस्तकला,व्यर्थ समान, विज्ञान से संबंधित विभिन्न मॉडल के द्वारा अपनी प्रतिभा को प्रस्तुत किया। विज्ञान प्रदर्शनी का उद्धघाटन आगत अतिथियों द्वारा सामूहिक रूप से दीप प्रज्वलन कर किया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सच्चिदानंद लाल माननीय प्रांत संघचालक झारखंड थे। इस अवसर पर मुख्य रूप से विद्यालय प्रबंधकारणी समिति के अध्यक्ष शशिधर लाल अग्रवाल, उपाध्यक्ष विनोद राय, विद्यालय के प्रधानाचार्य बिपिन कुमार दास उपस्थित थे। आगत अतिथियों का परिचय विद्यालय के प्रधानाचार्य बिपिन कुमार दास ने कराया। बतौर मुख्य अतिथि सच्चिदानंद लाल ने भैया बहनों को अपने उद्बोधन में कहा कि विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन भैया बहनों में वैज्ञानिक चेतना उत्पन्न करने के लिए किया जाता है। भैया बहन ग्रंथों का अध्ययन कर हमारे ऋषि महर्षि के द्वारा खोजे गए तकनीक का अध्ययन करें और वर्तमान समय की चुनौतियों का समाधान के लिए उससे वैज्ञानिक सोच प्राप्त करें। अध्यक्ष शशिधर लाल अग्रवाल ने अपने संबोधन में कहा कि आज विज्ञान का युग है,छात्र जीवन में वैज्ञानिक सोच,अभिरुचि, जागरूकता को विकसित करने में विज्ञान प्रदर्शनी का महत्वपूर्ण योगदान होता है। राजीव कुमार सिंह ने विज्ञान प्रदर्शनी का भूमिका को बताते हुए कहा कि विद्यार्थियों में विज्ञान विषय के प्रति रुचि पैदा करना है यह विज्ञान प्रदर्शनी का मुख्य उद्देश्य होता है। विद्यालय के प्रधानाचार्य बिपिन कुमार दास ने अपने संबोधन में कहा कि विद्या मंदिर में पढ़ने वाले भैया बहनों में वैज्ञानिक चेतना का विकास करने के लिए विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन होता है। विज्ञान प्रदर्शनी में विद्यार्थियों ने कृषि तकनीक,संवेदक पर आधारित प्रदर्श नवाचारित प्रदर्श,जैव प्रक्रम पर आधारित प्रदर्श ,वायु प्रदूषण के नियंत्रण,नवीकरणीय ऊर्जा पर आधारित प्रदर्श के द्वारा भैया बहनों ने अपनी प्रतिभा को प्रस्तुत किया। विद्यालय की जीव विज्ञान की आचार्या नीलिमा सिंह ने अपने उद्बोधन में कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रम की आयोजन से विद्यार्थियों में विज्ञान विषय के प्रति रुचि पैदा होता है। आचार्य श्याम सुंदर कुमार ने प्रतियोगिता में प्रथम,द्वितीय ,तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को पुरस्कार वितरण में सहयोग किया। मंच संचालन जीव विज्ञान की आचार्या मंजू देवी ने किया।धन्यवाद ज्ञापन राजीव कुमार सिंह ने किया। सफल कार्यक्रम के आयोजन में विद्यालय के सभी आचार्य बंधु भगिनी एवं कर्मचारियों का सहयोग रहा।


प्रभात मंत्र प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक रेशमा खान द्वारा खबर-एक्सप्रेस प्रा0 लि0 3 व 4 ओपोजिट मोरिश फूड कोकर इन्डसट्रियल एरिया, कोकर, रांची से मुद्रित कर कार्यालय प्रभात मंत्र राईन मार्केट पहला तल्ला, उर्दू लाइब्रेरी, मेन रोड रांची से प्रकाशित, संपादकीय कार्यालय-2बी दूसरा तल्ला, अनवर अरकेड, विश्वकर्मा मंदिर लेन , मेन रोड, रांची। संपादक : रवींद्र कुमार उपाध्याय*। *पीआरबी एक्ट के तहत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। मो0 न0 7004121786, 06513571957

## संक्षिप्त खबरें

### राजवर्धन ठाकुर को दिल्ली पुलिस ने पूछताछ के लिए किया समन जारी

**रांची :** झारखंड कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राजेश ठाकुर के बेटे राजवर्धन ठाकुर को दिल्ली पुलिस ने पूछताछ के लिए समन जारी किया है। पुलिस ने समन नीट पेपर लीक मामले को लेकर दिल्ली में शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के घर के बाहर प्रदर्शन करने के मामले में जारी किया है।जेएलकेएम ने जारी की पहली लिस्ट, डुमरी से जयराम महतो को होगी बेबी देवी से भिडंत, जानिए कहां-कहां से कौन होगा उम्मीदवार ? नीट पेपर लीक के मामले को लेकर शिक्षा मंत्री के आवास के बाहर किये गए प्रदर्शन को लेकर दिल्ली के साउथ एवेन्यू थाने में आईपीसी की धारा 188 के तहत एफआईआर दर्ज किया गया था। राजवर्धन ने समन जारी किये जाने पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि वो डरने वाले नहीं है, सच की लड़ाई लड़ते रहेंगे चाहे जेल ही क्यों न जाने पड़े।

### सप्तमी को होगा भुताहा तालाब दुर्गा पूजा पंडाल का उद्घाटन

**रांची :** श्री दुर्गा पूजा समिति, भुताहा तालाब रांची हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी भव्य दुर्गा पूजा का आयोजन किया जा रहा है।श्री दुर्गा पूजा समिति के अध्यक्ष उमंग सुल्तानिया एवं महामंत्री प्रिंस मेहता ने कहा की पूजा पंडाल का 9 अक्टूबर बुधवार को उद्घाटन किया जाएगा। सुबह सात बजे नवपत्रिका प्रवेश, सर्ववेदी पूजन करने के बाद प्रातः 10:00 बजे श्री चैती दुर्गा पूजा महासमिति के मुख्य संरक्षक, संरक्षक मंडली, अध्यक्ष, महामंत्री एवं दुर्गा पूजा के भी सभी पदाधिकारी उपस्थित रहेंगे। प्रवक्ता नमन भारतीय ने बताया की आज कलश स्थापना सुबह 8-40 के बाद गौरी पूजन, गौरी गणेश पूजन एवं दुर्गा सप्तशती पाठ के बाद दुर्गा

# कांटा टोली फ्लाईओवर का उद्घाटन आज

परवेज कुरैशी@प्रभात मंत्र

**रांची ।** लंबे समय के बाद कांटाटोली में बन रहे फ्लाईओवर का अब उद्घाटन होने जा रहा है। इसे लेकर नगर विकास एवं आवास विभाग के प्रधान सचिव सुनील कुमार ने जुडको और एजेंसी को समय सीमा में काम पूरा करने को कहा था । फ्लाईओवर पर ट्रैफिक शुरू करने के लिए सभी जरूरी काम अंतिम चरण में हैं। चार अक्टूबर 24 को मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन बहुत बाजार स्थित संत पॉल कैथेड्रल मैदान के पास से उद्घाटन करेंगे। 224.94 करोड़ की लागत से बनाई गई है यह फ्लाईओवर जिसकी लंबाई बढ़ाकर 2240 मीटर और चौड़ाई 16.6 मीटर है। आचार संहिता से पहले ही फ्लाईओवर का उद्घाटन किया जाना है। वहीं रातू रोड फ्लाईओवर जो शुरुआत में तेजी के साथ काम हो रहा था अचानक धीमी गति से आगे बढ़ रही है। जिस कारण से रातू रोड वासियों को दिक्कतें हो रही है।



**फ्लाईओवर का काम लगभग पूरा हो चुका है:** 486 प्रीकास्ट सेगमेंटल बाक्स लगाया जा चुका हैं और उन्हें केबल से बांधकर विशेष ग्लू से जोड़ दिया गया है। सड़क बनाने के लिए 50 एमएम बिटुमिन की परत बिछाई जा चुकी है। अब 25 एमएम मास्टिक अस्फाल्ट की परत बिछाने का काम लगभग पूरी हो चुकी है। लगभग 125 बिजली के खंभे लगाए गये, ताकि फ्लाईओवर पर रोशनी की उचित व्यवस्था हो सके। फ्लाईओवर के नीचे भी एलईडी बल्ब लगाए गये हैं। मुख्य फ्लाईओवर शुरू होने के बाद खादगड़ा बस स्टैंड के एंट्री गेट के पास नामकुम और बस स्टैंड की ओर जाने के लिए रैंप बनाया जा रहा है। लालपुर जाने के लिए पेट्रोल पंप के पास एक और रैंप बनाया जाएगा। सिर्फ रांची रेलवे स्टेशन और मेकन कालोनी के पास का फ्लाईओवर को कांटा टोली फ्लाईओवर से जोड़ने का काम बाकी है।

**वर्ष 2016 से शुरु हुआः** यह फ्लाईओवर बनने से रांचीवासियों को आवागमन में काफी सुविधा होगी। ट्रैफिक जाम की समस्या से भी निजात मिलेगी। तत्कालीन मुख्यमंत्री रघुवर दास ने वर्ष 2016 में शिलान्यास किये थे। तभी से निर्माणाधीन कांटाटोली फ्लाईओवर का काम चल रहा है। इस साल 2024 तक फ्लाईओवर का निर्माण पूरा हो गया । योगदा सत्संग आश्रम बहू बाजार रांची से कांटाटोली होते हुए कोकर तक इस फ्लाईओवर का निर्माण होना है। इसकी लंबाई 2.24 किलोमीटर है। फ्लाईओवर के निर्माण पर 187.67 करोड़ रुपए खर्च होंगे। 2016 में इस फ्लाईओवर का काम कराने का निर्णय लिया गया था। इसको लेकर निविदा भी निकाली गई थी। झारखंड की मोदी कंस्ट्रक्शन को काम दिया गया था, जिसने 19 पिलर भी बनाए थे, पर काम पूरा नहीं हो पाया। 2020 तक फ्लाईओवर का निर्माण पूरा हो जाना चाहिए था, लेकिन अभी तक नहीं हो पाया था। फ्लाई ओवर के नीचे दोनों साइड में दुकानें बनाई गई हैं। ये दुकानें उन लोगों को मिलेंगी जिनकी जमीन इस फ्लाईओवर को बनाने में गई है। ये दुकानें मंगल टावर से लेकर खादगड़ा बस स्टैंड तक दोनों साइड बनाई जा गई हैं। यहां 40 दुकानों का निर्माण किया जा रहा है। झारखंड अर्बन इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट कंपनी (जुडको) की ओर से फ्लाईओवर के नीचे 40 दुकानों का निर्माण किया जा रहा है। इनका निर्माण करके रांची नगर निगम को सौंप दिया जाएगा। इसके बाद रांची नगर निगम इन दुकानों का अलॉटमेंट अपने तरीके से करेगा। इसके लिए रांची नगर निगम जिला प्रशासन की सहमति लेगा।

# घरेलू महिलाओं ने झारखंड मुक्ति मोर्चा का थामा दामन

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची।** झारखंड मुक्ति मोर्चा की माननीय राज्यसभा सांसद डॉ महुआ माजी ने रांची विधानसभा क्षेत्र के रातू रोड स्थित मोहल्ले में घरेलू महिलाओं को झारखंड मुक्ति मोर्चा में शामिल कराया, पार्टी का अंग वस्त्र पहनाकर। इस शुभ अवसर पर महिलाओं ने संयुक्त रूप से कहा कि झारखंड मुक्ति मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष सह राज्यसभा सांसद दिशोम गुरु शिबू सोरेन , झारखंड के मुख्यमंत्री सह कार्यकारी अध्यक्ष हेमंत सोरेन और विधायक कल्पना सोरेन ने महिला हितों में जो कार्य क्या है वह सराहनीय है और घरेलू महिलाओं का उज्जवल भविष्य झारखंड मुक्ति मोर्चा में ही है। इसलिए झारखंड मुक्ति मोर्चा में शामिल हो रहे हैं।इस मिलन समारोह को संबोधित करते हुए झारखंड मुक्ति मोर्चा की राज्यसभा सांसद डॉ0 महुआ माजी ने कहा कि झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन , राज्यसभा सांसद और पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष वीर शिबू सोरेन के नक्शे कदम पर चलकर झारखंड को हमेशा आगे बढ़ाने का काम कर रहे हैं, महिला हितों में उन्होंने जो कार्य किया है उससे झारखंड की महिला अपने उज्जवल भविष्य को लेकर बहुत ही खुश है, विधायक कल्पना मुर्मू सोरेन लगातार प्रयासरत है झारखंड को पूरे देश में अग्रिम श्रेणी पर पहुंचाने के लिए,आइए हम सब मिलकर विकसित झारखंड बनाने में अग्रसर होकर मुख्यमंत्र हेमन्त सोरेन के हाथों को मजबूत करें और झारखंड मुक्ति मोर्चा पार्टी में अधिक से अधिक लोगों को जोड़े। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में नन्द किशोर सिंह चंदेल और सोमू बनर्जी ने अपना योगदान दिया। सदस्यता ग्रहण कार्यक्रम का नेतृत्व - मोनी मुखर्जी जी ने किया साथ में लखी देवी,रूपा कविराज,सीमा शर्मा,मंजूरी भट्टाचार्य,रीना देवी ,सरोज शर्मा,उषा देवी ,अनीता देवी,नुपुर देवी,मंगला गोस्वामी,रिया राय,ममता चक्रवर्ती,सरिता पांडे,सीमा शर्मा,रीना शर्मा,चंदा मुखर्जी,पुतुल मुखर्जी, दीपाली कविराज और शोभा देवी सहित अनेकों घरेलू महिलाएं।



# ईमानदारी की अनोखी मिसाल पेश की ट्रैफिक पुलिस धर्मेंद्र ने, महिला खोया के खोये बैग को लौटाया

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची।** आज के दौर में पैसों से भरा बैग रास्ते में कहीं गिर गया तो आप भूल जाइये कि मिलेगा, ऐसी सोच रखने वालों के लिए ट्रैफीक पुलिस के पद पर पदस्थापित ट्रैफिक असिस्टेंट सब इंस्पेक्टर धर्मेंद्र सिंह से प्रेरणा लेने की जरुरत है कि आप किसी की अमानत को कैसे सुरक्षित उसे लौटाते हैं। दरअसल कांटा टोली चौक के पास एक महिला का बैग गिर गया था उसमें 1200 रुपये भी था, कांटा टोली ट्रैफिक पोस्ट पे तैनात ट्रैफिक असिस्टेंट सब इंस्पेक्टर धर्मेंद्र सिंह को यह बैग मिला। सब इंस्पेक्टर धर्मेंद्र सिंह ने उक्त बैग को अपने कब्जे में ले लिया और काफी खोजबीन कर उस महिला को ढूंढ निकाला जिसका बैग था। ईमानदारी की



मिसाल पेश करते हुए महिला का बैग लौटा दिया गया। महिला अपना बैग पाकर काफी खुश हुई और सभी ट्रैफिक के जवानों को धन्यवाद के साथ ढेर सारी दुआए दी। महिला ने पुलिस की सराहना की और कहा कि नगदी से ज्यादा जरूरी उनके दस्तावेज थे, जिसके गुम होने से वह काफी परेशान थे।

# झारखंड पुलिस मेंस एसोसिएशन का प्रतिनिधि मंडल ने रामेश्वर उरांव से किया भेंट

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची।** झारखंड पुलिस मेंस एसोसिएशन का एक प्रतिनिधि मंडल रामेश्वर उरांव, वित्त मंत्री, झारखंड रांची से शिष्टाचार मुलाकात किया।

इस मुलाकात के दौरान झारखंड राज्य के पुलिस कर्मियों को वर्दी भत्ता, राशन भत्ता, वाहन भत्ता, एवं अन्य भत्तों को केंद्र सरकार या पड़ोसी राज्य बिहार के तर्ज पर पुनरीक्षित दर पर लागू कराने तथा साक्षर आरक्षी को प्रथम एम एसीपी ग्रेड पे 2800, द्वितीय एम एसीपी ग्रेड पे 4200 तथा साधारण आरक्षी को प्रथम एम एसीपी ग्रेड पे 2400, द्वितीय एम एसीपी ग्रेड पे 4200 का अनुरोध किया गया।



वित्त मंत्री रामेश्वर उरांव द्वारा आश्वस्त किया गया कि इस संबंध मैं माननीय मुख्यमंत्री से बात कर यथाशीघ्र लागू करवाऊंगा द्य इस शिष्टाचार मुलाकात में झारखंड पुलिस मेंस एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष श्री कर्ण कुमार सिंह, महामंत्री रमेश उरांव, प्रदेश उपाध्यक्ष देवचंद मुंडा, सीआईडी शाखा अध्यक्ष अभय कुमार सिंह शामिल रहें।

# अपर नगर आयुक्त फिलयुस बारला का किया गया स्वागत

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची।** अखिल भारतीय आदिवासी विकास परिषद और ऑल इंडिया क्रिश्चियन माइनॉरिटी फ्रंट, राँची के तत्वावधान में रांची नगर निगम के नवनियुक्त अपर नगर आयुक्त फिलयुस बारला से शिष्टाचार भेंट कर पवन तिर्की अध्यक्ष (अखिल भारतीय आदिवासी विकास परिषद ,राँची महानगर ) और प्रवीण कच्छप, झारखंड प्रदेश महासचिव (ऑल इंडिया क्रिश्चियन माइनॉरिटी फ्रंट, रांची ) ने पुष्प गुच्छ और पारंपरिक अंग वस्त्र देकर स्वागत किए। पवन तिर्की और प्रवीण कच्छप ने संयुक्त रूप से कहा कि राँची शहर राँची नगर निगम सुरक्षा कवच है।चूंकि निगम ही सारी व्यवस्था शहर की करतीं हैं। जिसके

**पवन तिर्की और प्रवीण कच्छप ने संयुक्त रूप से कहा कि राँची शहर राँची नगर निगम सुरक्षा कवच है।**

कारण शहर को जाना जाता है परंतु कुछ समय से शहर की व्यवस्था चरमरा सी गई है शहर के अधिकांश इलाकों में स्ट्रीट लाइट या तो खराब हो चुकी है या तो नहीं हैं। शहर कचरे की अंबार में तबदील हो रही है, जिससे सड़के गंदी हो रही हैं ।साथ ही कई समास्याओं पर चर्चा विस्तार से किया गया। उन्होंने विश्वास दिलाया कि व्यवस्था को सुचारू तरीके से दुरुस्त किया जाएगा।

# सीआईडी और एनसीबी ने मिल कर चलाया नशा के खिलाफ जागरुकता अभियान

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची।** नशा मुक्ति जागरूकता कार्यक्रम के अंतर्गत 03 अक्टूबर 2024 को आर ए आई यूनिवर्सिटी नामकुम राँची में नशा/अवैध ड्रग्स को लेकर जागरूकता अभियान चलाया गया। इस कार्यक्रम में डीएलएसए राँची, सीआईडी झारखंड राँची, एनसीबी और ड्रग कंट्रोल डिपार्टमेंट के पदाधिकारियों ने लॉ संकाय के छात्रों को ड्रग्स के नाशक परिणाम, कानूनी पक्ष एवं इससे बचने के उपायों के बारे में विस्तार से बताया गया। एएनटीएफ,सीआईडी झारखंड से पुअनि रिजवान अंसारी ने अवैध ड्रग्स के क्रय - विक्रय करने वालों तथा इसमें संलिप्त व्यक्तियों से निपटने के लिए और उन पर कैसे और इस



दिशा में झारखंड पुलिस कार्रवाई कर रही है , इस पर विस्तार से बताया गया।सीआईडी टीम द्वारा मोबाइल नंबर छात्रों तथा विद्यालय प्रबंधन को उपलब्ध कराया गया, तथा बार कोड भी उपलब्ध कराया गया जिसे किसी भी वक्त छात्र/छात्राये और स्कूल प्रशासन अवैध ड्रग्स को लेकर किसी भी परेशानी/शिकायत के संबंध में संपर्क कर सकते हैं तथा जानकारी दे सकते है । इस कार्यक्रम में सीआईडी टीम के अलावा डीएलएसए के विशेष सदस्य अतुल गेरा,सदस्य पंचानन सिंह, एनसीबी के इंटेलिजेंस ऑफिसर मनोहर मंजुल,एवं अस्सिस्टेंट ड्रग्स डायरेक्टर प्रणव ने विस्तार से अपने अपने मंतव्य रखें ।उपस्थित सीआईडी टीम द्वारा विस्तार से अवैध ड्रग्स के विरुद्ध बने कड़े कानून और उनके प्रावधानों को बताया गया और एनडीपीएस एक्ट में ड्रग्स के रोकथाम के बारे में बताया तथा सभी उपस्थित पदाधिकारी, छात्र/छात्रा,एवं शिक्षको द्वारा सम्पूर्ण नशा मुक्ति हेतु शपथ लिया गया।

# अंडर-23 अंतर-जिला क्रिकेट टूर्नामेंट अब स्व0 अमिताभ चौधरी के नाम पर होगी

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची।** जेएससीए टूर्नामेंट कमेटी की बैठक में जिला संगठनों की मांग पर विचार करते हुए अंतर जिला मैचों की संख्या में लगभग 75त्न की वृद्धि करने का निर्णय लिया गया है। पहले विभिन्न श्रेणियों में 300 मैच आयोजित किए जाते थे, जो अब बढ़कर लगभग 525 हो जाएंगे। इसके अतिरिक्त, टूर्नामेंट समिति ने युवक और युवतियों दोनों के लिए अंडर-23 अंतर-जिला क्रिकेट टूर्नामेंट शुरू करने का निर्णय लिया, जिसका नाम जेएससीए के पूर्व अध्यक्ष स्वर्गीय अमिताभ चौधरी के नाम पर रखा गया।

**अन्य प्रमुख निर्णयों में शामिल हैं:** रणधीर वर्मा ट्रॉफी, एच.पी. बोधनवाला ट्रॉफी, सीनियर महिला वन डे टूर्नामेंट और अंतर-जिला महिला अंडर-15 टूर्नामेंट के लिए टूर्नामेंट प्रारूप में संशोधन। इनमें अब दो समूह होंगे, जिससे यह सुनिश्चित होगा कि प्रत्येक जिले को अधिक मैच मिलेंगे। एक दिवसीय मैचों के अलावा, क्षेत्रीय स्तर पर अंडर-16 लड़कों के लिए 2 दिवसीय मैच, सीनियर टीमों के लिए 3 दिवसीय क्षेत्रीय मैच तथा अंडर-19 लड़कों के लिए 3 दिवसीय मैच की शुरूआत की गई। पुनः प्रारूपित अंतर-राज्यीय यू-23 आमंत्रण टूर्नामेंट, जिसमें 6 खिलाड़ी शामिल होंगे। एक दिवसीय मैचों के अलावा अंडर-19 युवकों के लिए 3 दिवसीय मैच भी आयोजित किए जाएंगे।पुनः प्रारूपित अंतर्राज्यीय अंडर-23 आमंत्रण टूर्नामेंट, जिसमें 6 टीमें भाग लेंगी (झारखंड से 2, अन्य राज्यों से 4)। जेएससीए अध्यक्ष संजय सहाय ने टूर्नामेंट के सफल आयोजन के लिए पूर्ण सहयोग और समर्थन का आश्वासन दिया। टूर्नामेंट नवंबर के तीसरे सप्ताह से शुरू होगा। पिच समिति के सदस्य मैचों से पहले स्थल का निरीक्षण करेंगे।मैचों की बढ़ी हुई संख्या को समय पर पूरा करने के लिए नए स्थलों का विकास। टूर्नामेंट समिति के अध्यक्ष मनोज कुमार ने 2023-24 सत्र के सफल आयोजन में सहयोग के लिए सभी जिला संघों और मैच अधिकारियों को धन्यवाद दिया। बैठक में संयुक्त सचिव पी.एन.सिंह, मनोज कुमार सिंह, टी. उमा राव और एस.बी.सिंह भी उपस्थित थे।

# मध्याह्न भोजन में निर्धारित मेनू का कराया जाये अनुपालन : बादल राज



प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची।** जिला शिक्षा अधीक्षक रांची बादल राज ने सभी कोटि के प्राथमिक विद्यालयों के प्रभारी प्रधानाध्यपक/एम.डी.एम. प्रभारी / सभी संकुल साधन सेवी / प्रखण्ड साधन सेवी / प्रखण्ड कार्यक्रम पदाधिकारी, समग्र शिक्षा अभियान रांची एवं सभी कोटि के प्राथमिक विद्यालयों के प्रभारी प्रधानाध्यपक को निर्देश देते हुए कहा कि मध्याह्न भोजन में निर्धारित मेनू का अनुपालन करते हुए किचन शेड के बाहरी दीवार पर निर्धारित मेनू का दीवार-लेखन कराया जाए जिसमें अनिवार्य रूप से जिला शिक्षा अधीक्षक का मोबाईल संख्या-8409636008 अंकित किया जाए। मध्याह्न भोजन सम्बंधित कोई भी समस्या जिसमें छात्र या उनके अभिभावक को अगर लगता हैं, की शिकायत हैं, तो दिए गए मोबाइल न.- 8409636008 पर जिला शिक्षा अधीक्षक को सीधे शिकायत कर सकते हैं, किए गए शिकायत की कोई साक्ष्य या फोटो वीडियो उपलब्ध कराए। जिसपर जाँच करते हुए त्वरित कार्रवाई की जायेगी।

### हाई कोर्ट जस्टिस रत्नाकर भेंगरा 4 को होंगे सेवानिवृत्त

**रांची :** झारखंड हाई कोर्ट के जस्टिस रत्नाकर भेंगरा शुक्रवार को सेवानिवृत्त हो जाएंगे। शुक्रवार को कोर्ट में अंतिम कार्य दिवस होगा। जस्टिस भेंगरा वर्ष 2015 में झारखंड हाईकोर्ट के जज बने थे। इसके पूर्व वह झारखंड हाई कोर्ट में प्रैक्टिस करते थे। झारखंड हाई कोर्ट एडवोकेट एसोसिएशन की ओर से शुक्रवार को उनके सम्मान में दोपहर एक बजे विदाई समारोह का आयोजन भी किया गया है। जस्टिस भेंगरा वर्ष 2015 में वह झारखंड हाईकोर्ट के अपर न्यायाधीश नियुक्त हुए। वर्ष 2017 को वह स्थायी जज बने।

# एनएमएल ने स्वच्छ भारत दिवस पर सफाई मित्रों और सहयोगी सदस्यों को किया सम्मानित

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची।** 2 अक्टूबर 2024 को गांधी जयंती और स्वच्छ भारत दिवस की 10वीं वर्षगांठ एनटीपीसी कोल माइनिंग/एनटीपीसी माइनिंग लिमिटेड मुख्यालय रांची में मनाई गई । इस विशेष अवसर पर, अनिमेष जैन,एनटीपीसी माइनिंग लिमिटेड के मुख्य कार्यकारी अधिकारी और क्षेत्रीय कार्यकारी निदेशक (कोयला खनन) ने रजनीश रस्तोगी, मुख्य महाप्रबंधक (मानव संसाधन) और अन्य वरिष्ठ अधिकारियों की गरिमामयी उपस्थिति में, हाउसकीपिंग स्टाफ, ड्राइवर, इंडियन कॉफी हाउस, सुरक्षा कर्मी और



कार्यालय सहायकों आदि सहित संविदा कर्मियों को स्वच्छता की शपथ दिलाई। उन्होंने बताया कि स्वच्छ भारत अभियान एक परिवर्तनकारी पहल है जिसका उद्देश्य स्वच्छ राष्ट्र का निर्माण करना है, जो विकसित भारत की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।इसके बाद, जैन ने सफाई मित्रों (हाउसकीपिंग स्टाफ) और सहयोगी सदस्यों को स्वच्छता बनाए रखने में उनके अनुकरणीय प्रयासों के लिए सम्मानित किया ।अपने संबोधन में श्री जैन ने हाउसकीपिंग स्टाफ की महत्वपूर्ण भूमिका पर जोर दिया, जिनके योगदान को अक्सर अनदेखा कर दिया जाता है। उन्होंने कहा, ÷आज, हम उन लोगों के अमूल्य काम का जश्न मनाने और उसे स्वीकार करने के लिए एकत्र हुए हैं जो हमारे समुदायों को स्वच्छ और स्वस्थ रखने के लिए अथक प्रयास करते हैं। यह आवश्यक है कि हम उनका सम्मान करें ।इसके अतिरिक्त, 2 अक्टूबर को विशेष अभियान 4.0 का शुभारंभ भी किया गया , जिसका उद्देश्य विभिन्न सार्वजनिक स्थानों पर सफाई और स्वच्छता पर ध्यान केंद्रित करके स्वच्छ भारत मिशन के प्रयासों को तेज करना है।

# सुई से लेकर बीएमडब्ल्यू कार तक मिलता है एक्सपो में 27

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची।** 26 सितंबर से 2 अक्टूबर तक चलने वाला एक्सपो उत्सव 2024 का शानदार तरीके से समापन हो गया। रांची के ऐतिहासिक मैदान मोरहाबादी में आयोजित एक्सपो मेला में सुई से लेकर बीएमडब्ल्यू कार तक का स्टॉल लगाया गया था। इस एक्सपो में करोड़ों की बिक्री का अनुमान लगाया जा सकता है । करीब 324 स्टॉल और रोजाना भ्रमण करने वालों की संख्या की अगर अनुमान लगाया जाए तो रोजाना 50 हजार से अधिक लोग एक्सपो उत्सव का आनंद लेने पहुंचते थे। अगर 26 सितंबर से लेकर 2 अक्टूबर तक का अनुमान लगाया जाए तो इस बीच करीब




चार लाख लोगों ने एक्सपो मेला में भ्रमण करने पहुंचे और खरीदारी की है। यह आयोजन रांची जेसीआई के द्वारा पिछले 27 सालों से लगातार एक्सपो उत्सव के रूप में लगाते चले आ रहे हैं। एक्सपो के मीडिया प्रतिनिधि प्रतीक जैन बताते हैं कि इसकी शुरुआत आज से 27 साल पहले तीन दिवसीय एक्सपो के रूप में शुरू हुआ था। शुरुआत में यह बहुत छोटा सा था और टाउन हॉल रांची में लगाया गया था, लेकिन देखते-देखते आज एक्सपो उत्सव में तब्दील हो गया है। आज 274 लोगों की टीम है जो अपने-अपने औद्योगिक क्षेत्रों में महारत हासिल रखते हैं । सिर्फ इस मेले में खरीदारी ही नहीं बल्कि सांस्कृतिक कार्यक्रम कभी आयोजन किया जाता है, फैशन शो भी होता है। वर्तमान में जेसी विक्रम चौधरी के नेतृत्व में पुरी जेसीआई की टीम के सहयोग से यह एक्सपो का आयोजन सफलतापूर्वक संपन्न कराया गया।

# नव रात्रि पर निकाली गई कलश यात्रा

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची।** 52 किलोमीटर दूर सिल्ली थाना क्षेत्र राहें अंचल के बंसिया गांव में नव रात्रि के शुभ अवसर पर गांव के महिलाएं माताएं,बहनें,बेटियां पुरुषों के साथ कदम से कदम मिलाकर गांव से नदी तक मां श्री दुर्गा का जयकारा लगाते हुए कलश यात्रा निकाली गई जो गांव से नदी तक फिर नदी में विधिवत पूजन कर कलश में जल भरकर पुनः गांव में जयकारा शेरावाली की लगाते हुए आपस गांव में देवी स्थल स्थित श्री दुर्गा मंदिर पहुंचा। जहां नवरात्रि की तैयारी कर पूजा आरंभ किया गया। कलश यात्रा में आगे आगे झंडा लिए गुरुचरण साहु, विनय कुमार साहु साथ में पूजा के जजमान उमाचरण साहु एवम पुजारी बाबा और पिछे से गांव की समस्त नारी शक्ति पुरुषों संग नारा जयकारा लगाते गाजे बाजे के साथ फनीलाल साहु, मनोज महतो, आशाराम महतो,



टिंकू सुबोध, नंदू मुंडा, रोहित चौधरी, कार्तिक सिंह मुंडा ग्राम प्रधान, संतोष साहु के अलावे पूरे गांव के गण मान्य लोग मौजूद थे। बंसिया गांव में हर वर्ष की भाती इस वर्ष भी नवयुवकों में विशेष रुचि एवम उत्साह देखा जा रहा है। पुरा ग्रामीण क्षेत्र भक्तिमय हो गया है।

## पूर्व सांसद प्रतिनिधि ने किया ट्रांसफार्मर का उद्घाटन



**ओरमांझी (प्रभात मंत्र संवाददाता):** गुरुवार को प्रखंड के गगारी पंचायत के खटंगा में पिछले कई दिनों से ट्रांसफार्मर जल जाने के कारण बिजली नहीं थी। बिजली नही रहने के कारण ग्रामीण जनता को काफ़ी कठिनाई का सामना करना पड़ रहा था। जैसे ही पता चला केन्द्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ साथ ही राज्य सभा सदस्य आदित्य प्रसाद साहू की पहल पर ट्रांसफार्मर लगाया गया। गांव में बिजली आने के उपरांत ग्रामीणों में खुशी का ठिकाना नहीं रहा। ट्रांसफार्मर का उद्घाटन पूर्व सांसद प्रतिनिधि राजेश गुप्ता ने फीता काटकर किया। ट्रांसफार्मर उदघाटन कार्यक्रम में मुख्य रूप से ओरमांझी उपमुखिया संतोष कुमार गुप्ता, रूपेश साहू, कृष्णा पाहन, जादू महतो, पप्पू सिंह, पंचू महतो सहित सैकड़ो लोग उपस्थित थे।

## बापू एवं शास्त्री की जयंती धूमधाम से मनाई गई



**नामकुम (प्रभात मंत्र संवाददाता):** खादी ग्रामोधोग सेंटर टाटीसिलवे में देश के महान सपूत महात्मा गांधी एवम लाल बहादुर शास्त्री की जयंती धूमधाम से मनाई गई।कार्यक्रम में सबसे पहले दोनो महान सपूत के चित्र पर माल्यार्पण कर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी गई।अतिथि ने कहा की बापू एवम शास्त्री के बताए मार्ग पर चलकर ही हम आगे बढ़ सकते है।इस अवसर पर अतिथियों के रूप में भी चौधरी,मंडल महामंत्री अमित मिश्रा,संचालक मुकेश प्रसाद,राजेंद्र प्रमाणिक,के सी सिंह,अरुण कुमार श्रीवास्तव, एल डब्लू पीटर, उद्धव चंद्र महतो इत्यादि उपस्थित थे।

## जमुआदाग में दो दिवसीय फुटबाल मैच का आयोजन



**खूंटी (प्रभात मंत्र संवाददाता):** जिला कांग्रेस कमेटी के द्वारा नगर पंचायत खूंटी के वार्ड नंबर 2 के जमुआदाग में दो दिवसीय फुटबॉल खेल का आयोजन किया गया ।खूंटी जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष रवि मिश्रा के निर्देशानुसार खेल विभाग के नगर उपाध्यक्ष धुमेश लोहारा के नेतृत्व में खेल का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में जिला कांग्रेस कमेटी के महासचिव सयूम अंसारी उपस्थित रहे एवं खिलाड़ियों का मनोबल को आगे बढ़ाते हुए सभी 80 खिलाड़ियों को जर्सी देकर सम्मानित किया उन्होंने कहा फुटबॉल खेल है जो शारीरिक और मानसिकता को तंदुरुस्त करती है। और खेल के माध्यम से ही आज नौकरी भी खिलाड़ियों को प्रोत्साहित कर सम्मान दिया जाता है इस अवसर पर छह गांव के खिलाड़ी को दो दिवसीय खेलों में हिस्सा लेंगे विजेता और उपविजेता को कमेटी के द्वारा पुरस्कृत किया जाएगा ।मौके पर क्रिस्टीना कोगाडो सुनीता गोप मोहन लोहार शुक्रा लोहार सुखराम मुंडा दीपक लोहार आदि लोग उपस्थित थे।

## भाजपा ने ओरमांझी में कई विकास योजनाओं का रखा आधारशिला



**ओरमांझी (प्रभात मंत्र संवाददाता):** गुरुवार को राज्यसभा सांसद आदित्य प्रसाद साहू के मद से ओरमांझी क्षेत्र के कई स्थानों पर आधारशिला रखी गई। जिसमें बुंडू में चबूतरा निर्माण,होचई में शमशान शेड निर्माण,कुच्चू में शमशान शेड निर्माण, दरदाग में फेवर ब्लॉक पथ निर्माण,ओरमांझी में शमशान शेड निर्माण,ओरमांझी में पीसीसी पथ निर्माण,आनंदी में सामुदायिक भवन निर्माण की आधारशिला रखी गई। इस शिलान्यास के अवसर पर उन्होंने कहा इन विकास योजनाओं का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में बुनियादी ढांचे को मजबूत करना और वहां के लोगों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराना है। ग्रामीणों के जीवन में सकारात्मक बदलाव लाने के लिए प्रतिबद्ध हैं। हम हर व्यक्ति की आवश्यकताओं को समझते हैं और उनके विकास के लिए प्रयासरत हैं। भारतीय जनता पार्टी सबका साथ, सबका विकास卐 की प्रतिबद्धता का प्रमाण है। इस अवसर पर मुख्य रूप से पूर्व सांसद रामटहल चौधरी, अमरनाथ चौधरी, जिला अध्यक्ष विनय कुमार धीरज, मानकी राजेंद्र शाही, रणधीर चौधरी,प्रीतम साहू, मण्डल अध्यक्ष दिलीप मेहता अलखनाथ महतो, राजकिशोर साहू, बालक पाहन, राजेश गुप्ता अमित राज, दुर्गा संकर साहू, सत्य नारायण तिवारी, मुखिया दीपक बड़ाई, ललिता मेहता, किरण देवी,संदीप उरांव, सिकेंद्र महतो, बालक महतो सुनील महतो, नेवालाल महतो अर्जुन साहू, विक्की कुमार, रामकुमार महतो, संतोष कुशवाहा, मोतीलाल महतो, अंजित महतो, रवि साहू, धनजय महतो, अजय सिंह अजीत कुशवाहा आदि सैकड़ों कार्यकर्ता गण उपस्थित थे।

## झामुमो की बैठक आज

**सिल्ली (प्रभात मंत्र संवाददाता):** सिल्ली प्रखंड अंतर्गत झामुमो प्रखंड के सभी पदाधिकारी, पंचायतों के पदाधिकारी एवं प्रखंड के सभी सक्रिय कार्यकर्ताओ को सुचित किया जाता है कि आज दोपहर 12 बजे से दृश्य श्रव्य केंद्र रामडेरा में बैठक रखी गयी। बैठक में विधानसभा चुनाव संबंधी विचार विमर्श किया जाएगा। बैठक में मुख्य रूप से झामुमो जिला उपाध्यक्ष रामानंद बेदिया, महिला मोर्चा जिला उपाध्यक्ष मंजू महतो, युवा मोर्चा जिला उपाध्यक्ष फल्हारी महतो, किसान मोर्चा जिला उपाध्यक्ष गोकुल महतो उपस्थित रहेंगे।

## ट्रेन की चपेट में आने से एक व्यक्ति की मौत

**सिल्ली (प्रभात मंत्र संवाददाता):** सिल्ली रेलवे स्टेशन के लाइन नंबर दो पर बुधवार प्रातः 6 बजे मालगाड़ी ट्रेन की चपेट में आने से एक व्यक्ति की घटना स्थल पर ही मौत हो गई। इस संबंध में मुरी रेल पुलिस ने बताया कि सिल्ली रेलवे स्टेशन के लाइन नंबर 2 पर पॉल संख्या 359 ऑब्लिक 3224 के पास लगभग 55 वर्ष व्यक्ति की शव बरामद किया गया है। जिसकी पहचान सिल्ली राजा टोला निवासी महेंद्र सिंह के रूप में की गई है। उनके पुत्र ने बताया कि घर से सुबह वह टहलने निकले थे।परंतु सिल्ली स्टेशन तरफ कैसे पहुंचे इसकी जानकारी नहीं है। पिछले कई दिनों से वह बीमार चल रहे थे। पुलिस ने शव को जप्त कर पोस्टमार्टम के लिए रिम्स भेज दिया।

# सत्ता से सिंहासन हासिल करना नहीं सेवा करने का माध्यम है : सुदेश महतो



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**तमाड़ :** रांची जिला अंतर्गत तमाड़ प्रखंड क्षेत्र के तमाड़ इंटर महाविद्यालय सलगाड़ीह मैदान में आजसू पार्टी के द्वारा चुल्हा प्रमुख सम्मेलन सह शपथ ग्रहण समारोह आयोजित किया गया।सरकार की गलत नीतियों की वजह से नौजवानों के सामने बेरोजगारी एक विकराल समस्या बन गई है और उससे बड़ी समस्या यह है कि रोजगार देने के नाम पर युवाओं को सिर्फ ठगने का काम किया है। सरकार जनता का सम्मान नहीं अपमान कर रही है।

उक्त बातें पार्टी अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो ने सलगाडीह इंटर कॉलेज मैदान में कार्यक्रम के दौरान कही। मौके पर विधानसभा क्षेत्र के हज़ारों चूल्हा प्रमुखों ने अपने पद की शपथ ग्रहण की।पिछले पांच वर्षो में तमाड़ में विकास का कोई कार्य नहीं हुआ। सरकार को जनता की चिंता नहीं है। कृषि प्रधान क्षेत्र होने के बावजूद यहां के अन्नदाताओं को सरकार सिंचाई की उचित व्यवस्था कराने में विफल रही है। वनों में रहने वाला हमारा परिवार आज भूमि पट्टा के लिए आंदोलन करने को बाध्य है लेकिन उनकी सुध लेने वाला भी कोई नहीं है। वन को आजिविका का आधार बनाने की दिशा में भी कोई काम नहीं हुआ है।हमारी तैयारी तमाड़ विधानसभा को विकास के रास्ते पर ले जाने और हर खेत तक पानी की व्यवस्था कराने की है। सरकार ने हमारे परिवार को मजबूर कर दिया है हम उन्हें मजबूत करना चाहते हैं। हम सामाजिक ताने बाने को अक्षुण्ण रखते हुए हर परिवार को समान अवसर देने की दिशा में काम कर रहे हैं। हम राजनीति को राज करने का नहीं सेवा करने का माध्यम समझते हैं। जनता की हर समस्या का समाधान करना हमारा राजनीतिक दायित्व है।इस अवसर पर वरीय नेता सिंह राय टुटी, जिप सदस्य परमेश्वरी सांडिल्य, सुधा मुण्डू, जिप सदस्य विजय सिंह मानकी, राम दुर्लभ सिंह मुण्डा, केशव चंद्र महतो, हिरालाल दास, गंजल ईकिर मुण्डा, रमेश भगत, अड़की प्रमुख कृष्ण सिंह मुण्डा, सिद्धार्थ साहू, हरदेव महतो, अनिल महतो हरिहर महतो, उमेश नायक, राधिका देवी, सुनिता देवी, सुमित्रा देवी, राजकिशोर कुशवाहा, योगेश्वर महतो, कालीपद महतो, भयभंजन महतो, संजय महतो, संतोष महतो, दुबराज महतो, दिनेश प्रमाणिक इत्यादि मुख्य रूप से उपस्थित थे।

### सैकड़ों लोगों ने झामुमो की किया सदस्यता ग्रहण

# हेमंत सोरेन के विजन व झामुमो के विचारधारा से प्रेरित होकर पार्टी में हुए हैं शामिल : जहूर अंसारी



**ओरमांझी (प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड मुख्यालय के समीप चकला पंचायत सचिवालय में झामुमो पार्टी के सदस्यता ग्रहण समारोह में सैकड़ों लोगों ने भाजपा से मोह त्यागकर झामुमो की सदस्यता ग्रहण की।बीजेपी छोड़कर झामुमो के प्रति आस्था जताने वाले सैकड़ों लोगों को जिला अध्यक्ष मुस्ताक आलम, अब्दुल कुद्दूस अंसारी ने पट्टा पहनाकर झामुमो में शामिल कराया। मौके पर संगठन विस्तार करते हुए कई लोगों को जिम्मेवारी सौंपी गई। बता दें कि तय कार्यक्रम के अनुसार गुरुवार को प्रखंड मुख्यालय गेट के समीप सभी झामुमो कार्यकर्ताओं का जुटान हुआ।इस दौरान जमकर नारेबाजी की गई।कार्यक्रम में बरवे निवासी जहूर अंसारी के नेतृत्व में सैकड़ों लोगों ने भाजपा को अलविदा कहकर झामुमो का दामन थामा। जिला अध्यक्ष मुस्ताक आलम ने सभी लोगों को अंगवस्त्र पहनाकर झामुमो में स्वागत किया। जहूर अंसारी ने कहा कि वर्षो से हमलोग भाजपा के समर्थक रहे हैं। उन्होंने कहा कि हेमंत सोरेन व जिला अध्यक्ष मुश्ताक आलम के विजन और झामुमो के विचारधारा से प्रेरित होकर हमलोगो ने झामुमो में शामिल होने का निर्णय लिया है। झामुमो की पैठ हर वर्ग में बढ़ती जा रही है सभी को मान सम्मान दिलाने का काम करेंगे।वहीं पूर्व केंद्रीय उपाध्यक्ष अल्पसंख्यक विभाग के अब्दुल कुद्दूस अंसारी ने कहा कि झामुमो परिवार में सभी को मान सम्मान मिलेगा। पार्टी हमेशा कार्यकर्ताओं के साथ खड़ी है। उन्होंने कहा कि ओरमांझी में अब षडयंत्र की राजनीति नहीं चलेगी। अब सकारात्मक राजनीति चलेगी। मौके पर प्रखण्ड अध्यक्ष नागेश्वर महतो, अशोक मुंडा,फरीद अहमद, अब्दुल कुद्दुस अंसारी, साजिद कौसर, मुस्लिम फैजी,अब्दुल मन्नान अंसारी,सज्जाद अंसारी,शिवचरण बेदिया, दिगंबर,बीरु साहू,जब्बी लाल महतो,सुजिद कुजूर, माईकल, बिलजम लकड़ा, प्रवेज़ अंसारी,राकेश वर्मा भूलू मल्लिक आदि मौजूद थे।

## शारदीय नवरात्र पर कलश स्थापना के साथ मां दुर्गा के प्रथम स्वरूप मां शैलपुत्री की किया गया आराधना



**बेड़ो (प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड के महादानी मंदिर परिसर, पाकलमेढ़ी, खत्रीखटंगा, तुको, मुरतो, दिघीया, घाघरा व ईटाचिल्द्री गांव में कलश स्थापन के साथ मां दुर्गा की प्रथम रूप मां शैलपुत्री की आरधना की गई। इधर बेड़ो में शारदीय नवरात्र के प्रथम दिन श्री श्री दुगार्पूजा महासमिति बेड़ो के तत्वावधान में गुरुवार को दुर्गा मंदिर परिसर से नगर भ्रमण के लिए कलश यात्रा निकाली गई। तत्पश्यात् ऐतिहासिक छठ डुकु तालाब से वैदिक मंत्रोच्चार के साथ पुजारी अशोक पंडा के नेतृत्व में जल उठाया गया। जिसके साथ ही महादानी मंदिर की परिक्रमा कर नव निर्मित दुर्गा मंदिर में कलश स्थापना की गई। जहां कन्याओं ने उपवास रखते हुए नवरात्रि पूजन किया। वहीं एकल विद्यालय परिवार के द्वारा नवाह्न परायण का पाठ प्रारंभ किया गया। वहीं संध्या में देवी दुर्गा के प्रथम स्वरूप मां शैलपुत्री की महा आरती के साथ आराधना किया गया। कलश यात्रा में श्री श्री दुर्गा पूजा महा समिति के सदस्य समेत दर्जनों भक्त शामिल थे। इधर महासमिति के तत्वावधान में नवाहन परायण पाठ का आयोजन किया गया।

# विकास ही है हमारी सरकार की भाषा और परिभाषा : शिल्पी नेहा तिर्की




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लापुंग :** लापुंग विधायक शिल्पी नेहा तिर्की ने कहा है कि विकास ही झारखण्ड की हेमंत सरकार की भाषा और परिभाषा है और इससे इंडिया गठबंधन सरकार ने कभी भी समझौता नहीं किया। आज अपने विधानसभा क्षेत्र के लापुंग प्रखण्ड में मांडर विधायक श्रीमती तिर्की ने विविध योजनाओं एवं निर्माण कार्यो का शिलान्यास किया।

राजकीय प्लस 2 उच्च विद्यालय में 2 कमरे और पेवर ब्लॉक के शिलान्यास, लापुंग इंटरमीडिएट कॉलेज में पेवर ब्लॉक के शिलान्यास, लापुंग के पी.डब्लू. रोड से अवधेश के घर तक और ग्राम डाड़ी में पीसीसी पथ का शिलान्यास के साथ ही दोलैचा पंचायत लोधमा से बनटोली तक और सकरपुर से बेलटोली तक पथ निर्माण कार्य का शिलान्यास किया। श्रीमती तिर्की ने विश्वास व्यक्त किया कि सभी निर्माण कार्य अपनी नियत अवधि में पूरी गुणवत्ता के साथ पूरे होंगे। इन सभी कार्यक्रमों में कांग्रेस पार्टी के प्रखंड अध्यक्ष जयंत बारला, सुदामा माहली, जन्मजय पाठक,दुबराज, चरकू भगत, दुर्गा पाइक, संतोष तिर्की, जितेंद्र उरांव एवं अन्य ग्रामीण उपस्थित थे। मौके पर कार्यकर्त्ताओं के साथ ही ग्रामीणों की बड़ी संख्या में उपस्थिति रही।

## उच्चस्तरीय सेतु का निर्माण कार्य शिलान्यास आज

**अनगड़ा :** शुक्रवार को खिजरी विधायक राजेश कच्छप के अथक प्रयास एवं अनुशंसा से अनगड़ा प्रखण्ड में झारखण्ड सरकार के पथ निर्माण विभाग झारखण्ड राज्य राजमार्ग प्राधिकार द्वारा स्वीकृत अनगड़ा -हाहे-राहे पथ के 5वें कि.मी. में अवस्थित गुंगा नाला पर उच्चस्तरीय सेतु का निर्माण कार्य (लम्बाई 1.077 कि.मी., लागत रु. 112.11 करोड़) का शिलान्यास हेमन्त सोरेन माननीय मुख्यमंत्री, झारखण्ड सरकार के द्वारा आनलाइन एवं राजेश कच्छप माननीय विधायक खिजरी विधानसभा क्षेत्र के द्वारा भूमि पूजन एवं क्षेत्र के पंचायत प्रतिनिधियों के गरिमामय उपस्थिति में समय 02:00 बजे किया जाना है। पुल बनने मे सबसे बड़ी योगदान विधायक प्रतिनिधि राजेंद्र मुंडा छोटेलाल महतो साकिर अंसारी जीतेन्द्र महतो सफीक अंसारी कुलेसवर मुंडा एतवा उरांव शिवदास गोस्वामी सरिता देवी अनीता देवी यसोदा देवी अजय आर्य अजय उरांव जोन तिग्गा संजय नायक रोहित नायक उपस्थित थे ।

## तमाड़ विधानसभा क्षेत्र से झारखंड लोकतांत्रिक क्रान्तिकारी मोर्चा की दयमंती मुंडा प्रत्याशी घोषित



**तमाड़ (प्रभात मंत्र संवाददाता):** 3 अक्टूबर गुरुवार को झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा (जेबीकेएसएस)के केन्द्रीय अध्यक्ष जयराम महतो ने आगामी विधानसभा चुनाव 2024 के लिए प्रत्याशियों की पहली सूची जारी किया जिसमें आरक्षित 58 अनुसूचित जनजाति तमाड़ विधानसभा से दमयंती मुण्डा को पार्टी की अधिकृत प्रत्याशी बनाया गया। तमाड़ प्रखंड क्षेत्र के जाहिर टीकर गांव के रामगढ़ टोला की रहने वाली दयमंती मुण्डा को प्रत्याशी बनाए जाने पर विधानसभा क्षेत्र के पार्टी कार्यकर्ताओं ने खुशी जताते हुए केन्द्रीय अध्यक्ष जयराम महतो के प्रति आभार व्यक्त किया है जिसमें मुख्य रूप से अनुप महतो,भगीरथ सिंह मुण्डा रांची जिला उपाध्यक्ष अनुसूचित जनजाति मोर्चा,तमाड़ प्रखंड पूर्वी अध्यक्ष श्री दिनेश कुमार महतो, उपाध्यक्ष शरद महतो, तमाड़ पश्चिमी अध्यक्ष श्रवण मुण्डा, अंड़की प्रखंड अध्यक्ष सत्यनारायण सिंह मुण्डा, बुण्डू प्रखंड अध्यक्ष पंकज कुमार महतो, वरीय उपाध्यक्ष मंजेश महतो, युवा मोर्चा अध्यक्ष विपिन महतो, मधुसूदन सिंह मुण्डा, पुर्ण चन्द महतो, सुदर्शन महतो, बुद्धिजीवी मंच अध्यक्ष के.सी. मेहता, मदन महतो ,निरंजन कोइरी, बुण्डू नगर पंचायत अध्यक्ष दिनेश महतो, सुधीर महतो, निरंजन महतो,गोपाल सिंह मुण्डा, विष्णु लोहरा, धीरेन सिंह मुण्डा,दीपक पुराण, अजय स्वांसी, नीरज सेठ,आशीष दास, राजू मछूवा,मंटू गुप्ता, विद्याभूषण गुप्ता,सुधांसू प्रमाणिक,विरबल बड़ाइक, कामेश्वर पांडेय,सुमित कुमार महतो,समरेश महतो,मदन सेठ,सनोती उरांव,सुनिल उरांव, नन्द किशोर मुण्डा, विनोद सिंह मुण्डा, कपिल सिंह मुण्डा, सुदेश महतो, सुरेश महतो, मुन्ना पुराण, राम अयोध्या पातर,इशाइल अंसारी, मोहम्मद पुश, आदि कार्यकर्ता शामिल हैं।

# सीजीएल परीक्षा में हुई गड़बड़ी की निष्पक्ष जांच हो छात्र हित में उचित कदम उठाए जाएं : अभाविप



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मांडर :** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के द्वारा जेसीसी सीजीएल परीक्षा में हुई अनियमितता एवं गड़बड़ी के आरोपी की छात्र हित में निष्पक्ष जांच की मांग को लेकर आज पूरे प्रदेश के विभिन्न प्रखंडों में पुतला फूंका गया रांची ग्रामीण के मांडर प्रखंड में भी विद्यार्थी परिषद के जिला संयोजक उत्कर्ष तिवारी के नेतृत्व में विरोध मार्च निकालकर ब्रांबे चौक एनएच 39 में सरकार का पुतला फूंका गया उनकी मांग थी कि जेएसएससी सीजीएल परीक्षा में जो भी गड़बड़ी हुई है इसकी स्वतंत्र जांच हो और छात्र हित में उचित कदम उठाए जाएं साथ ही साथ प्रत्येक परीक्षा में इस तरह की जो गड़बड़ी हो रही है उससे पर छात्र नाराज है इसीलिए उन्होंने सरकार का पुतला फूंका है उत्कर्ष तिवारी ने स्थानीय विधायक पर निशाना साधते हुए कहा कि स्थानीय विधायक तो हर मुद्दे पर बेबा की से अपना बयान दे देती है परंतु छात्रों के साथ हो रहे अन्याय पर उनका एक भी बयान नहीं आना निंदनीय है। मौके पर उत्कर्ष तिवारी आदर्श प्रसाद मांडर नगर सह मंत्री दीपक सिंह रोहित शिवम राहुल मनीष नितेश कार्यकर्ता उपस्थित थे ।

# नीम फूल किसान उत्पादक का द्वितीय वार्षिक आम सभा का आयोजन





**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**अनगड़ा :** कुच्चू पंचायत अंतर्गत बदरी में गुरूवार को नीम फूल किसान उत्पादक कम्पनी का द्वितीय बार्षिक आम सभा का आयोजन किया गया । जिसमें बतौर मुख्य अतिथि अनगड़ा प्रखण्ड प्रमुख दीपा उरांव, विशिष्ट अतिथि कुच्चू मुखिया सहदेव बेदिया, नवागढ़ मुखिया भुवनेश्वर बेदिया ग्राम प्रधान सह जेएलकेएम के केंद्रीय सचिव बालेश्वर बेदिया, ग्राम प्रधान दुतीलाल बेदिया आदि उपस्थित थे । वार्षिक आम सभा का शुभारंभ अतिथियों के द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया एवं अतिथियों को पारम्परिक रीति रिवाज के साथ माला पहनाकर एवं सरना अंग वस्त्र देकर स्वागत किया गया। कम्पनी के सीईओ आलोक राज बैठा ने आम सभा में कम्पनी का एक साल का वार्षिक लेखा जोखा प्रस्तुत किया एवं विगत कार्यो की समीक्षा एवं आगे की योजना पर भी विस्तृत जानकारी दी गई नीम फूल उत्पादक कम्पनी में अनगड़ा प्रखण्ड के विभिन्न पंचायतों के 843 किसान जुड़े हैं कार्यक्रम का संचालन महेश बेदिया ने किया । नीम फूल किसान उत्पादक कम्पनी के उत्कृष्ट कार्य करने सदस्यों एवं किसानों को अतिथियों के द्वारा सम्मानित किया गया । मुख्य अतिथि दीपा उरांव ने कहा कि नीम फूल उत्पादक कम्पनी का मुख्य उद्देश्य है कि ग्रामीण क्षेत्र के किसानों का कृषि के माध्यम से स्वावलम्बी, आत्मनिर्भर बनाना और उनके आमदनी बढ़ाना है बालेश्वर बेदिया ने कहा कि क्षेत्र के छोटे बड़े किसा नीम फूल किसान उत्पादक कम्पनी से जुड़ कर बड़े पैमाने पर खेती कर सकते है और अपने आय को बढ़ा कर परिवार का आर्थिक स्थिति मजबूत कर सकते है । मौके पर कम्पनी के सीबीसी अभिषेक कुमार पूर्व मुखिया संगीता देवी, वार्ड सदस्य रीता देवी, पंचमी देवी, सौहरैया बेदिया, उज्ज्वला देवी, ठाकुर दास करमाली, दीपेंद्र बेदिया, हरिलाल बेदिया, चतुर बेदिया, महेश बेदिया, सोमरा बेदिया मदन बेदिया, नरेश बेदिया जगदीश भोगता आदि सैकड़ों महिला पुरूष किसान उपस्थित थे

## पिपरवार मे आठ अक्टुबर को मनाया जाएगा इनमोसा का स्थापना दिवस




**पिपरवार(प्रभात मंत्र संवाददाता):** पिपरवार क्षेत्र के बचरा बंसत विहार स्थित इनमोसा के पिपरवार क्षेत्रिय कार्यालय मे इनमोसा की एक आवश्यक बैठक संपन्न हुई।इस बैठक की अध्यक्षता इनमोसा के क्षेत्रिय अध्यक्ष एसडी राम और संचालन इकबाल हुसैन ने किया।बैठक मे इनमोसा का 68वां स्थापना दिवस धुमधाम के साथ मनाने का निर्णय लिया गया।बैठक मे सर्वसम्मति से आगामी आठ अक्टुबर को पिपरवार क्षेत्रिय कार्यालय मे इनमोसा का स्थापना दिवस मनाने का निर्णय लिया गया।बैठक में स्थापना दिवस की तैयारी को लेकर विचार विमर्श किया गया।इसके अलावे इस बैठक मे संगठन को सशक्त बनाने,माइनिंग स्टाफ की विभिन्न समस्याओं,खान की सुरक्षा,विश्राम गृह,लाइटिंग, आवास मरम्मत आदि समस्याओं पर चर्चा करते हुए स्थानीय सीसीएल प्रबंधन को ज्ञापन सौंपने का निर्णय लिया गया।बैठक मे मुख्य रूप से एसडी राम, अनिल कुँवर,इकबाल हुसेन, एसके सिंह,मनोज सिंह, रूपलाल महतो,जोधन प्रसाद,सुरेश महतो, सिद्धनाथ सिंह,मुजाहिद इमाम,रजि अहमद,निवास प्रसाद,केपी यादव,उमेश उरांव,दीपक उरांव,शत्रुघ्न विश्वकर्मा,सुबोध वर्मा, एसएन सिंह सहित इनमोसा के कई लोग मौजुद थे।

# ईस्ट ज़ोन एबिलिंपिक्स 2024 की शुरुआत, मंत्री बन्ना गुप्ता ने किया उद्घाटन

## 7 पूर्वी राज्यों से दिव्यांगजन विभिन्न व्यावसायिक कौशलों में कर रहे हैं प्रतिस्पर्धा





**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** नेशनल एबिलिंपिक एसोसिएशन ऑफ इंडिया (NAAI) द्वारा आयोजित ईस्ट ज़ोन क्षेत्रीय एबिलिंपिक्स 2024 आज जमशेदपुर के टाटा स्टील टेक्निकल इंस्टिट्यूट, बर्मामाइंस में संपन्न हुआ। इस कार्यक्रम का उद्घाटन झारखंड के स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता द्वारा किया गया। इस प्रतिष्ठित आयोजन में पूर्वी भारत से आए दिव्यांगजनों ने अपने असाधारण कौशल और प्रतिभाओं का प्रदर्शन किया। इस अवसर पर कृष्ण कालरा - अध्यक्ष नेशनल एबिलिंपिक्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया (एनएएआई), जगमित सिंह सिद्धू - आईईएल के सीईओ और टाटा पावर के चीफ ऑपरेशंस, जमशेदपुर, कैप्टन अमिताभ - टाटा स्टील फाउंडेशन के कौशल विकास प्रमुख, बासुदेव हांसदा - प्रमुख ओ एंड एम, टाटा पावर, जोजोबेरा प्लांट, डॉ. जितेंद्र अग्रवाल, नेशनल एबिलिंपिक एसोसिएशन ऑफ इंडिया (NAAI) के महासचिव और सार्थक एजुकेशनल ट्रस्ट के संस्थापक एवं सीईओ सहित कई अन्य गणमान्य व्यक्ति भी उपस्थित थे । एबिलिंपिक्स, जिसे क्षमताओं का ओलंपिक कहा जाता है, दिव्यांगजनों के लिए एक वैश्विक मंच है। इस मंच पर वे अपने व्यावसायिक कौशल का प्रदर्शन करते हैं और राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रतिस्पर्धा करने की अपनी क्षमता दिखाते हैं। इस आयोजन ने रोजगार के अवसरों के बड़े मुद्दे पर भी ध्यान केंद्रित किया। इस कार्यक्रम को टाटा पावर ( टीपीसीडीटी ), आईएचसीएल (आईएचसीएल), टाटा स्टील फाउंडेशन और सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय, भारत सरकार के दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग (डीईपीडबल्यूडी ) जैसे प्रमुख भागीदारों का समर्थन प्राप्त है। इसके साथ ही, टाटा समूह ने इस आयोजन के दौरान एक ऐतिहासिक न्यूरोडायवर्सिटी इमर्शन समिट की मेज़बानी भी की। इस अवसर पर स्वास्थ्य मंत्री श्री बन्ना गुप्ता ने कहा, ईस्ट ज़ोन क्षेत्रीय एबिलिंपिक्स 2024 में उपस्थित होना मेरे लिए सम्मान की बात है। यह कार्यक्रम वास्तव में दिव्यांगजनों की असाधारण प्रतिभाओं का उत्सव है। यह मंच न केवल उनके कौशल को प्रदर्शित करता है, बल्कि हमारे समाज में समावेशन और समान अवसरों के महत्व को भी उजागर करता है। झारखंड को इस प्रेरणादायक पहल की मेज़बानी करने पर गर्व है। मुझे विश्वास है कि सरकार और निजी क्षेत्र दोनों के निरंतर समर्थन और सहयोग से हम एक ऐसा समावेशी कार्यबल तैयार कर सकते हैं, जहां हर व्यक्ति, चाहे उसकी क्षमता कुछ भी हो, सफल होने का अवसर प्राप्त कर सके। उन्होंने एक राजनेता से अधिक एक सामाजिक कार्यकर्ता के रूप में दिव्यांगजनों के हित में अपना पूरा समर्थन देने का आश्वासन दिया। ईस्ट ज़ोन संस्करण को 405 प्रविष्टियों के साथ जबरदस्त प्रतिक्रिया मिली, जिनमें से 200 से अधिक दिव्यांगों को प्रतिस्पर्धा के लिए चुना गया। इस आयोजन में पश्चिम बंगाल, झारखंड, बिहार और ओडिशा जैसे पूर्वी राज्यों से और पहली बार त्रिपुरा, असम और मेघालय जैसे पूर्वोत्तर राज्यों से प्रतिभागियों ने भाग लिया। मुख्य एनजीओ साझेदारों, जैसे दिव्यांग मार्ग दर्शन (जमशेदपुर), गया बुद्धम् शरणम् (गया, बिहार), बिहार एबिलिंपिक्स एसोसिएशन (पटना, बिहार) और सहाय-स्पेशल स्कूल फॉर आईडी (कटक, ओडिशा) ने इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता के लिए प्रतिभागियों को प्रशिक्षित और तैयार करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इन संगठनों ने दिव्यांगजनों के लिए व्यावसायिक प्रशिक्षण और रोजगार के बीच की खाई को पाटने का कार्य किया। नेशनल एबिलिंपिक एसोसिएशन ऑफ इंडिया (NAAI) के महासचिव और सार्थक एजुकेशनल ट्रस्ट के संस्थापक एवं सीईओ, डॉ. जितेंद्र अग्रवाल ने कहा, भारत की आबादी में 5 फीसदी से अधिक दिव्यांग हैं, उनके कौशल को बढ़ावा देने से समाज और समाज दोनों पर परिवर्तनकारी प्रभाव पड़ सकता है। श्री जगमीत सिंह सिद्धू, सीईओ, आईईएल और चीफ ऑपरेशंस, जमशेदपुर ने इस व्यापक आयोजन और वैश्विक मंचों पर पहुंचने और उत्कृष्ट प्रदर्शन करने में भारतीय दिव्यांग प्रतिभाओं को उनके निरंतर समर्थन पर जानकारी साझा की। बता दें भारत ने 2023 में मेट्ज़, फ्रांस में हुए 10वें इंटरनेशनल एबिलिंपिक्स में 13 सदस्यीय छोटी टीम के साथ सात पदक जीतकर इतिहास रचा था। अब एनएएआई जब 2027 में फ़िनलैंड में होने वाले 11वें इंटरनेशनल एबिलिंपिक्स की तैयारी कर रहा है।

## श्रीलेदर्स साकची के रिनोवेटेड शो-रूम का शुभारम्भ आज



**जमशेदपुर :** साकची बाजार स्थित श्रीलेदर्स साकची के द्वारा रिनोवेटेड शो-रूम का शुभारम्भ कल (04 अक्टूबर 2024) को होगा। श्रीलेदर्स के संस्थापक स्व श्री सुरेश चन्द्र डे एक दुरदर्शी स्वतंत्रता सेनानी एवं देश के प्रति निष्ठावान व्यक्ति थे जिन्होंने श्रीलेदर्स का पहला शो-रूम 1952 में साकची बाजार से शुरूआत की थी। स्व सुरेश चन्द्र डे के तीसरे पुत्र स्व आशीष डे (भाई) भी अपने पिता के पदचिन्हों पर चलते हुए श्रीलेदर्स को एक नई मुकाम तक पहुँचाया है और अब स्व सुरेश चन्द्र डे के पौत्रद्वय एवं स्व आशिष डे के दोनों पुत्र शुभाशिष डे एवं सायोन डे भी अपने पूर्वजों द्वारा निर्धारित स्थापित आदर्शों को अपने जीवन में चरितार्थ करने का प्रयास कर रहें हैं। साकची स्थित होटल स्मिता में एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए अपने इस रिनोवेटेड अत्याधुनिक वातानुकुलित शो-रूम के बारे में कहा कि यह शो-रूम में पहले की अपेक्षा अब यहाँ खरीददारी करना एक सुखद अनुभव होगा। शो-रूम में उपलब्ध उत्पादों की जानकारी देते हुए शुभाशिष डे ने कहा कि दूर्गा पूजा के मद्देनजर लेडिज, जेन्ट्स एवं किड्स के चप्पल, जूते, स्पोर्ट्स शूज, बेल्ट, पर्स, लेडिज हैंड बैग, स्कूल बैग आदि के नये-नये डिजाईनों में उपलब्ध हैं। पहले की अपेक्षा सारे प्रोडक्ट्स के रेंज में काफी बढ़ोत्तरी की गई है। उक्त संवाददाता सम्मेलन में शुभाशिष डे, सायन डे के अलावा मुन्ना अग्रवाल एवं अरूण बैनर्जी उपस्थित थे।

## झामुमो को बड़ा झटका, झामुमो नेता बृंदावन दास जेएलकेएम में हुए शामिल



**जमशेदपुर (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** झामुमो नेता सह ग्राम प्रधान संघ पटमदा के अध्यक्ष बृंदावन दास गुरुवार को झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा (जेएलकेएम) में शामिल हो गए। मानगो स्थित पार्टी के जिलाध्यक्ष किशोरी हांसदा ने उन्हें विधिवत पार्टी में शामिल कराया। वे झामुमो में थे और लोकसभा चुनाव के पूर्व झामुमो में शामिल हुए थे। वे जुगसलाई विधायक मगंल कालिंदी के काफी करीबी माने जाते हैं। इस संबंध में पूछे जाने पर दास ने कहा कि उन्हें जेएलकेएम सुप्रीमो जयराम महतो का विचार बहुत अच्छा लगता है, वह युवाओं की उम्मीद हैं और उनके ही विचारों से प्रभावित होकर पार्टी में शामिल होने का निर्णय लिया है वे इससे पूर्व भाजपा व कांग्रेस में भी रहकर सक्रिय राजनीति कर चुके हैं। मौके पर कोल्हान प्रमंडल अध्यक्ष नवीन महतो, केंद्रीय महासचिव तपन महतो, खादिम अंसारी, जुगल किशोर मुखी, अश्विनी दास आदि मौजूद थे। सूत्र बताते हैं कि बृंदावन दास जेएलकेएम से जमशेदपुर पश्चिम विधानसभा क्षेत्र में प्रत्याशी बन सकते हैं जिसकी घोषणा जल्द ही हो सकती है।

## दुर्गा पूजा की तैयारियों को लेकर डीसी व एसएसपी ने किया बड़ौदा घाट का निरीक्षण



**जमशेदपुर (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** पूर्वी सिंहभूम के उपायुक्त अनन्य मित्तल एवं एसएसपी किशोर कौशल द्वारा बड़ौदा घाट का निरीक्षण कर दुर्गा पूजा प्रतिमा विसर्जन को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिया गया। मौके पर पीडी आईटीडीए दीपांकर चौधरी, सिटी एसपी ऋषभ गर्ग, अनुमंडल पदाधिकारी धालभूम श्रीमती शताब्दी मजूमदार, नगर निकाय पदाधिकारी, पूजा समिति के सदस्य उपस्थित थे। निरीक्षण के क्रम में विसर्जन घाट तक पहुंच पथ का मरम्मतीकरण, पर्याप्त विद्युत व्यवस्था, विसर्जन के दौरान श्रद्धालुओं की सुरक्षा की दृष्टि से घाटों पर बेरिकेडिंग किये जाने, ससमय साफ-सफाई सुनिश्चित कराने तथा विसर्जन के दौरान सुरक्षा एवं विधि व्यवस्था के बेहतर संधारण को लेकर जरूरी दिशा निर्देश दिए गये। उपायुक्त ने कहा कि घाटों पर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम रहेंगे, पूजा समिति दुर्गा पूजा को सफल संपन्न कराने में आवश्यक सहयोग प्रदान करें। विसर्जन के दौरान ड्रोन कैमरा से निगरानी की जाएगी, गोताखोर की प्रतिनियुक्ति रहेगी।

## डिग्री लेकर दखल दिलाने पहुंचे नाजिर, सीमांकन रिपोर्ट नहीं मिलने पर बैरंग लौटे



**गम्हरिया (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** प्रखंड के छोटा गम्हरिया में सरायकेला कोर्ट के आदेश का अनुपालन कराने के लिए डिग्री लेकर दखल दिलाने नाजिर राजेश कुमार के साथ पहुंचे गम्हरिया के अंचल निरीक्षक, अमीन और पुलिस बल को सीमांकन रिपोर्ट नहीं मिलने के कारण बैरंग लौटना पड़ा। इससे पहले दूसरे पक्ष की महिला - पुरुषों के विरोध के कारण सीमांकन कार्य काफी देर से शुरू हुआ। लेकिन, दूसरे पक्ष द्वारा दबंगई दिखाते हुए भवन की मापी करने नहीं दिया जा रहा था। पुलिस की सख्ती के बाद मापी की कार्रवाई शुरू हुई लेकिन अमीन को नक्शा समझ में नहीं आने से दखल नहीं दिलाया जा सका। विदित है कि छोटा गम्हरिया मौजा के खाता नंबर 108, प्लाट नंबर 648, 649 पर कुल डेढ डिसमिल जमीन पर मालिकाना हक को लेकर दिलीप मोदक और शंकर मोदक के बीच वर्षों से सरायकेला न्यायालय में मामला चल रहा था। निचली व ऊपरी दोनों न्यायालय में सुनवाई होने के बाद दिलीप मोदक को डिग्री मिली थी। तत्पश्चात, न्यायालय के नाजिर राजेश कुमार उंक्त स्थल पर दिलीप मोदक को दखल दिलाने पंहुचे थे।

## जिला पार्षद ने आठ लाख रुपये से स्वीकृत दो योजनाओं का किया शिलान्यास



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पटमदा :** पटमदा उत्तरी के जिला पार्षद खगेन चंद्र महतो ने गुरुवार को 15 वां वित्त आयोग मद से 8 लाख रुपये से स्वीकृत दो योजनाओं का शिलान्यास नारियल फोड़कर किया। योजनाओं में पटमदा प्रखंड के बेलडीह गांव के भीम महतो के घर के समीप सोलर संचालित जलमीनार निर्माण व चड़कपाथर गांव में आर सी सी पुलिया निर्माण कार्य शामिल हैं। जिला पार्षद ने बताया कि ठेकेदार को गुणवत्तापूर्ण योजना का निर्माण कार्य पूरा करने का निर्देश दिया गया है। मौके पर समीर महतो, बिभूति महतो, गणेश महतो आदि उपस्थित थे।

## एफसी गोवा सीजन की पहली घरेलू जीत के इरादे से नॉर्थईस्ट यूनाइटेड से भिड़ेगी आज

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** एफसी गोवा शुक्रवार, 4 अक्टूबर को शाम 7:30 बजे घरेलू मैदान जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में इंडियन सुपर लीग 2024-25 सीजन की अपनी पहली घरेलू जीत के इरादे के साथ नॉर्थईस्ट यूनाइटेड एफसी से भिड़ेगी। एफसी गोवा ने पिछले सप्ताह ईस्ट बंगाल एफसी को 3-2 से हराकर जीत की राह पर वापसी की जबकि नॉर्थईस्ट यूनाइटेड एफसी ने केरला ब्लास्टर्स एफसी से 1-1 का ड्रा खेला। घर पर जीत की राह पकड़ने का इरादा~ एफसी गोवा को अपने पिछले दो घरेलू मुकाबलों में जमशेदपुर एफसी और मुम्बई सिटी एफसी से हार मिली है। लिहाजा, गौर्स घर पर लगातार तीसरी हार को टालने की कोशिश करेंगे।

**हाईलैंडर्स को गौर्स पर लगातार जीत की उम्मीद :** अगर नॉर्थईस्ट यूनाइटेड एफसी लगातार दूसरे मैच में एफसी गोवा को हरा देती है, तो यह जुआन पेड्रो बेनाली के हाईलैंडर्स के लिए उपलब्धि होगी। उन्होंने पिछले आईएसएल मैच में गौर्स को 2-0 से हराया था।



**युवा खिलाड़ियों को आईएसएल के स्तर के अनुकूल होने की जरूरत है :** एफसी गोवा अपने चोटिल सीनियर खिलाड़ियों की अनुपस्थिति में युवा खिलाड़ियों के आगे आने की उम्मीद कर रहा है और स्पेनिश हेड कोच मैनोलो मार्कुएज का मानना है कि टीम को पिछले मैचों की तुलना में हालात के मुताबिक ढलने की आवश्यकता है।

**हमें एफसी गोवा के खिलाफ चतुराई से खेलना होगा :** स्पेनिश हेड कोच जुआन पेड्रो बेनाली एफसी गोवा से मिलने वाली चुनौती से सावधान हैं और सीजन की खराब शुरुआत करने वाले गौर्स को कमतर नहीं आंकते हैं। हेड-टू-हेड~ एफसी गोवा और नॉर्थईस्ट यूनाइटेड ने आईएसएल में 20 बार एक-दूसरे के खिलाफ खेला है। गौर्स छह बार जीते हैं, वहीं, हाईलैंडर्स को चार बार जीत मिली हैं। 10 मैच ड्रा रहे हैं।

## कांदरबेड़ा से दोमुहानी 8 किमी फोरलेन सड़क के सुदृढ़ीकरण का विधायक ने किया शिलान्यास



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चांडिल :** कांदरबेड़ा से दोमुहानी 8 किमी फोरलेन सड़क के सुदृढ़ीकरण और चौड़ीकरण का पुनः निर्माण पथ निर्माण विभाग, पथ प्रमंडल सरायकेला खरसावां के अंतर्गत चांडिल प्रखंड क्षेत्र के एन एच 33 कांदरबेड़ा से दोमुहानी 8 किमी फोरलेन सड़क के सुदृढ़ीकरण और चौड़ीकरण पुन ~ निर्माण कार्य का शिलान्यास गुरुवार को विधायक सविता महतो ने विधिवत शीलापट्ट अनावरण कर किया। समारोह को संबोधित करते हुए विधायक ने कहा कि कांदरबेड़ा से दोमुहानी 8 किमी फोरलेन सड़क के सुदृढ़ीकरण और चौड़ीकरण पुनः निर्माण का कार्य 67 करोड़ रुपये कि लागत से किया जाएगा। उक्त सड़क का चौड़ीकरण और पुनर्निर्माण होने से जमशेदपुर आने जाने वाले लोगों को काफी सहूलियत होगी। संवेदक को सड़क का निर्माण कार्य ससमय व गुणवत्तापूर्ण करने का निर्देश दिया। इस अवसर पर जिला परिषद सदस्य पिंकी लायेक, झामुमो जिला अध्यक्ष सुवेंदु महतो, झामुमो केंद्रीय सदस्य गुरुचरण किस्कु, काबलु महतो, झामुमो नेता ओम प्रकाश लायेक, समाजसेवी दिलीप महतो, विधायक के बेटी स्नेहा महतो, प्रखंड अध्यक्ष कृष्णा किशोर महतो, अर्जुन सिंह मुंडा, समर भुईया, श्रीकांत महतो, मो अरशद, मो नौसाद, मोहन कर्मकार, हरेन महतो, हीरालाल महतो, राहुल वर्मा, महताव आलम, सुदामा हेम्ब्रम, धरमु गोप, हरिदास महतो, हरेकृष्ण सिंग सरदार, बैद्यनाथ टुडू, संकर सिंह सरदार, समेत सैकड़ो कि संख्या मे झामुमो कार्यकर्ता व ग्रामीण महिला पुरुष उपस्थित थे।

## आदित्यपुर से 22.68 लाख का ब्राउन शुगर व 1.49 लाख नगद के साथ दो गिरफ्तार



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सरायकेला :** जमशेदपुर सहित आसपास क्षेत्र में ब्राउन शुगर के कारोबार के लिए कुख्यात हो चुके सरायकेला- खरसावां जिला के आदित्यपुर मुस्लिम बस्ती से पुलिस ने कुख्यात ड्रग पेडलर शाहबाज खान और आशुरान बीबी को गिरफ्तार किया गया है। गुरुवार को आदित्यपुर थाना में प्रेसवार्ता में एसपी मुकेश कुमार लुणायत ने बताया कि नशे के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के तहत आदित्यपुर मुस्लिम बस्ती में छपेमारी कर 113.44 ग्राम ब्राउन शुगर पकड़ाया है. इसकी कीमत करीब 22 लाख 68 हजार रुपए है. शाहबाज खान और आशुरान बीबी को गिरफ्तार किया गया है. इनके पास से 1 लाख 49 हजार 780 रुपए नगद भी मिले हैं. शाहबाज खान कुख्यात अपराधी कादिम खान और ड्रग पैडलर डॉली खान का बेटा है. कादिम खान और उसकी पत्नी डॉली खान दोनों जेल में बंद हैं. वह आशुरान बीबी से ब्राउन शुगर की पुड़िया बनवाने का काम करता था. एसपी ने बताया कि 2 से 3 महीने में जिला पुलिस ने आदित्यपुर थाना से 14 लोगों को ब्राउन शुगर के साथ पकड़ कर जेल भेजा गया है. ब्राउन शुगर को टेबल फैन के नीचे के बॉक्स में छुपाकर रखा गया था. पीआईटी एनडीपीएस एक्ट के तहत 5 नशे के कारोबारियों पर कार्रवाई का प्रस्ताव गृह विभाग को भेजा गया है. ऐसे मामले में आरोपी जमानत के बाद भी जेल में ही रहता है. इस छापेमारी में आदित्यपुर थाना प्रभारी राजीव कुमार सिंह के साथ एएसआई राहुल कुमार सिंह, धीरंजन कुमार, रंजीत कुमार सिंह, समा सुसारी लकड़ा के साथ थाना के पुलिस बल शामिल थे.

## झारखंड सरकार ने द/नज इंस्टीट्यूट के साथ इंडियन एडमिनिस्ट्रेटिव फेलोशिप के लिए किया एमओयू



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** झारखंड सरकार ने द/नज इंस्टीट्यूट द्वारा संचालित इंडियन एडमिनिस्ट्रेटिव फेलोशिप (आईएएफ) के साथ एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए हैं। इसके तहत राज्य में आईएएफ की शुरुआत की जा रही है और इसके लिए आवेदन आमंत्रित किए जा रहे हैं। यह 18 महीने का एक अनूठा कार्यक्रम है, जिसमें निजी क्षेत्र के वरिष्ठ अधिकारी और झारखंड सरकार के सिविल सेवक एक साथ मिलकर जनहित योजनाओं पर टेक्नोलॉजी आधारित नवाचार को लागू करेंगे। इस समझौते के तहत चुने गए फेलो मुख्य सचिव कार्यालय, औद्योगिक एवं वाणिज्य, वित्त, ग्रामीण विकास, कृषि, अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अल्पसंख्यक और पिछड़े वर्ग जैसे पांच प्रमुख सरकारी विभागों के साथ मिलकर काम करेंगे। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि झारखंड में द/नज इंडियन एडमिनिस्ट्रेटिव फेलोशिप कार्यक्रम का शुभारंभ राज्य के समग्र विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है। हमारा राज्य अपार प्राकृतिक संपदा और एक समर्थ आबादी से सम्पन्न है, जो नए अवसरों को अपनाने के लिए तैयार है। द/नज आईएएफ के प्रबंध निदेशक विवेक शर्मा ने कहा कि हमारी संस्था सरकार की कार्य प्रणाली को टेक्नोलॉजी के माध्यम से बेहतर बनाने में मदद करती है। हमारी कोशिश है कि सरकार लोगों को बेहतर सेवाएं दे सके और लोगों की ज़िंदगी आसान हो जाए। हमने पहले भी कई राज्यों और केंद्र सरकार के साथ मिलकर काम किया है और अच्छे परिणाम प्राप्त किए हैं। हमने देखा है कि जब सरकार और निजी क्षेत्र के वरिष्ठ अधिकारी मिलकर काम करते हैं, तो बहुत अच्छे परिणाम मिलते हैं। इस फेलोशिप पर झारखंड सरकार के साथ मिलकर काम करने के लिए हम आभारी और उत्साहित हैं। हमारा उद्देश्य लाखों लोगों की ज़िंदगी और आजीविका को बेहतर बनाना है। यह भारत में आईएएफ का पांचवां बैच होगा। इस कार्यक्रम में कॉर्पोरेट क्षेत्र के वरिष्ठ अधिकारियों को 18 महीनों तक राज्य प्रशासन के साथ काम करने का मौका मिलेगा, ताकि वे झारखंड के विकास में योगदान दे सकें।

## विधायक ने कुचाई के विभिन्न गांव टोला मुहल्ला में कई योजनाओं का किया शिलान्यास



**खरसावां (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** कुचाई प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न गांवों में विधायक निधि से बनने वाली लगभग 7 योजना का खरसावां विधायक दशरथ गागराई, रुगुडीह पंचायत के मुखिया करम सिंह मुंडा, बारुहातु पंचायत के मुखिया रेखा मनी उरांव, छोटासेगोई पंचायत के मुखिया लुदरी हेंब्रम, तिलोपदा पंचायत के मुखिया राम सोय ने शिलान्यास नारियल फोड़कर एवं शिलापट्ट का अनावरण कर किया। बारुहातु पंचायत के देशवापहाड में चबूतरा निर्माण वहीं जोजोहातु में 300 फीट पीसीसी सड़क निर्माण, बारूहातु में 300 फीट पीसीसी सड़क निर्माण, रूगुडीह पंचायत के धुनाडीह में चबूतरा निर्माण पोंडाकाटा पंचायत के चिरूडीह में 300 फीट पीसीसी सड़क निर्माण बंदोलोहर पंचायत के छोचाकडीह में गार्डवाल व पारलवादी गांव में स्नान घाट निर्माण होगा। मौके पर विधायक ने कहा कि गांव के समस्या के आधार पर गांव का विकास किया जा रहा है। ग्रामीणों की सहयोग एवं भागीदारी के बिना क्षेत्र व गांव का विकास संभव नहीं है।

## बामनी में कोल्ड स्टोरेज का हुआ उद्घाटन किसानों को विधायक की बाड़ी सौगात



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पटमदा :** पटमदा प्रखंड की बामनी में राज्य सरकार के कृषि पशुपालन एवं सहकारिता विभाग द्वारा 10 करोड़ रुपये की लागत से निर्मित पांच हजार एमटी क्षमता के कोल्ड स्टोरेज का उद्घाटन गुरुवार को जुगसलाई विधायक मंगल कालिंदी ने किया। कोल्ड स्टोरेज का संचालन मेसर्स होप एंड हेल्थ केयर प्राइवेट लिमिटेड हजारीबाग द्वारा किया जाएगा। इस कोल्ड स्टोरेज में किसान टमाटर, धनिया, बीट, गाजर, आलू, महुआ, गुड़, इमली अंडा व विभिन्न प्रकार के फल को रख सकते हैं। इस दौरान संबोधित करते हुए विधायक मंगल कालिंदी ने कहा कि पटमदा में कोल्ड स्टोरेज का मांग वर्षों पुरानी थी। जिसे आज पूरा कर दिया गया। उन्होंने कहा कि जनता के पैसों से बनाया गया कोल्ड स्टोरेज का उद्घाटन राज्य के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने पहले ही कर चुके थे। आज विधिवत रूप से शुभारंभ किया गया। उन्होंने कहा कि इसके लिए मैंने राज्य के कृषि मंत्री दीपिका पांडेय से मुलाकात कर चालू करने की मांग रखी थी। मौके पर जिला पार्षद खगेन चंद्र महतो, विधायक प्रतिनिधि चंद्रशेखर टुडू, झामुमो नेता सुभाष कर्मकार, कालीपद महतो, अश्विनी महतो, दीपंकर महतो, छुटुलाल हांसदा, हर्ष अजमेरा, रंजीत कुमार, ज्योति कुमारी, सिजेन हेम्ब्रम समेत अन्य कई लोग मौजूद थे।

## उपायुक्त के निर्देश पर परियोजना निदेशक ने कुचाई के रोलाहातु पंचायत का किया निरीक्षण



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**खरसावां :** सरायकेला खरसावां के उपायुक्त रवि कुमार शुक्ला के निर्देश पर परियोजना निदेशक आशीष अग्रवाल बीडीओ साधुचरण देवगम ने कुचाई प्रखंड क्षेत्र के सुदूरवर्ती पहाड़ी क्षेत्र रोलाहातु पंचायत का निरीक्षण किया। चलन टिकुरा से कोर्रा ग्राम के बीच पड़ने वाले 6 जगहों को चिन्हित किया गया। जहां सड़क पर बरसाती पहाड़ी पानी का बहाव होता है । पीडी/ आईटीडीए द्वारा तकनीकी टीम को 2 दिनों के अंदर प्राक्कलन तैयार कर उपायुक्त को सौंपने का निर्देश दिया गया। मालूम हो कि विधायक दशरथ गागराई के प्रयास से विगत 29 सितंबर को रोलाहातु पंचायत के सर्वांगीण विकास एवं पंचायत के लोगों को राज्य सरकार का जनकल्याणकारी योजनाओं का सीधी लाभ से जोड़ने के लिए जनता दरबार का आयोजन किया गया था। इस दौरान आशीष अग्रवाल, बीडीओ साधुचरण देवगम, पंकज कुंभकार, प्रखंड समन्वयक,पंचायत राज, सुमित कवि,कनीय अभियंता, 15 वीं वित्त आयोग,प्रशांत कुमार, कनीय अभियंता, विशेष प्रमंडल,सरायकेला - खरसावां मौजूद थे।

विचार प्रवाह

संपादकीय

# पराली का महीना

**अक्तूबर** माह की शुरुआत हुई है, लेकिन मन अभी से घबराने लगा है। इसी माह से राजधानी दिल्ली और आसपास के क्षेत्रों में वायु प्रदूषण इतना घना और व्यापक होने लगता है, जो कमोबेश जनवरी माह तक जारी रहता है। वायु प्रदूषण इतना घातक स्तर तक पहुंच जाता है कि घर से निकलना दूभर हो जाता है। सांस घुटने लगता है। चिकित्सक परामर्श देने लगते हैं कि यदि बहुत जरूरी न हो, तो घर से मत निकलें। प्रदूषण के कारण कौन-कौन सी गंभीर बीमारियां मानव-शरीर में पनपने लगती हैं, चिकित्सक उनके प्रति भी आगाह करने लगते हैं। दिल्ली में वायु प्रदूषण का प्रकोप इतना घातक हो जाता है कि सर्वोच्च अदालत को कई बार उस स्थिति की तुलना 'गैस चैंबर' से करनी पड़ी है। अदालत फटकार लगाती है, सरकारों से नाराजगी जताती है, लेकिन सरकारें और वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग सरीखी संवैधानिक संस्थाएं प्रदूषण पर नियंत्रण पाने में नाकाम रही हैं। किसान अपने खेतों में पराली जलाने से बाज नहीं आते। हमने अक्तूबर का संदर्भ पराली के कारण ही उठाया है। खेतों में धान की बालियां कट चुकी हैं। जो छोटे अवशेष बचे हैं, उन्हें पंजाब-हरियाणा के खेतों में जलाने का सिलसिला शुरू हो चुका है। किसानों की अपनी पेशेवर मजबूरी है, क्योंकि उन्हें गेहूं आदि की फसल के लिए खेत तैयार करना है। यह क्रम अक्तूबर में ही घनीभूत होने लगता है। हालांकि अभी दिल्ली का वायु गुणवत्ता सूचकांक 100 से कम है, जो सामान्य श्रेणी में आता है। पराली-दहन पर किसी भी पार्टी की सरकार का अंकुश नहीं है। रासायनिक विकल्पों की घोषणाएं की जाती रही हैं, लेकिन विकल्प अभी तक उपलब्ध नहीं हैं। सर्वोच्च अदालत ने वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग को फटकार लगाई है, नाराजगी व्यक्त की है, क्योंकि पराली के संदर्भ में आयोग अपने निर्देशों, आदेशों को जमीनी स्तर पर लागू कराने में नाकाम रहा है। आयोग के प्रयास 'कागजी' ही हैं। केंद्रीय स्तर पर 12-सदस्यीय टीम के गठन की भी घोषणा की गई है। यह टीम दिल्ली-एनसीआर में 'ग्रेप' (ग्रेडेड रिस्पॉन्स एक्शन प्लान) के तहत लगाए जाने वाले प्रतिबंधों पर फैसला लेगी। राजधानी में सिर्फ वही अंतरराज्यीय बसें और माल वाहन प्रवेश कर सकेंगे, जो सीएनजी, बिजली या खास किस्म के डीजल से चलते होंगे। निर्माण-कार्यों पर भी विशेष अवधि के लिए प्रतिबंध लगाए जाएंगे। कूड़े को इक_ा करने और उसे उठाने के बंदोबस्त भी व्यापक किए जाएंगे। यदि कूड़ा जलाएंगे, तो भी प्रदूषण होगा। यदि वायु प्रदूषण एक स्तर से अधिक बढ़ता है, तो कमोबेश राजधानी क्षेत्रों में 'कृत्रिम बारिश' कराई जाएगी, ऐसी घोषणा दिल्ली सरकार ने की है। निजी परिवहन को भी नियंत्रित किया जाएगा। दिल्ली सरकार सम-विषम परिवहन का फॉर्मूला लागू कर चुकी है, लेकिन वह अपेक्षाकृत सफल नहीं रहा। आयोग के संदर्भ में पराली का मुद्दा गायब रहा है। केजरीवाल की 'आम आदमी पार्टी' (आप) की सरकार दिल्ली और पंजाब दोनों जगह है। पंजाब में सरकार बनने से पहले केजरीवाल पराली के मुद्दे पर खूब चिल्ल-पौं करते थे, लेकिन आज वे किसानों को पराली जलाने से रोक नहीं सकते, क्योंकि वे एक संगठित वोट बैंक हैं। दिल्ली में वायु प्रदूषण 300-400 और उससे भी अधिक रहता है। यह खतरनाक, जानलेवा श्रेणी का प्रदूषण है। कुछ स्थानों पर प्रदूषण का सूचकांक 500 से भी अधिक चला जाता है। वह घोर खतरनाक स्थिति होती है, लेकिन आम आदमी क्या करे? उसे घर से भी निकलना है, काम पर जाना है, बोझ उठाने वाले मजदूरों को प्रदूषित माहौल में ही दिहाड़ी कमानी है। किसान सभी अपीलों और चिंताओं को नकार कर पैसे बचाने के प्रति ज्यादा आग्रही होते हैं, जबकि उन्हें भी अपनी सेहत की चिंता करनी चाहिए। बीते साल भी सर्वोच्च अदालत ने पंजाब, हरियाणा, उप्र, राजस्थान आदि राज्यों को यह सुनिश्चित करने के निर्देश दिए थे कि फसल अवशेष को जलाने का सिलसिला तुरंत रोका जाए, क्योंकि हम आम आदमी को मरने नहीं दे सकते। इस मुद्दे पर राजनीति न की जाए। एक-दूसरे पर दोष न मढ़ा जाए, लेकिन अभी तो कोई आसार नहीं है कि पराली जलाने पर कोई पाबंदी लग सके।

> प्रदूषण के कारण कौन-कौन सी गंभीर बीमारियां मानव-शरीर में पनपने लगती हैं, चिकित्सक उनके प्रति भी आगाह करने लगते हैं। दिल्ली में वायु प्रदूषण का प्रकोप इतना घातक हो जाता है कि सर्वोच्च अदालत को कई बार उस स्थिति की तुलना 'गैस चैंबर' से करनी पड़ी है। अदालत फटकार लगाती है, सरकारों से नाराजगी जताती है, लेकिन सरकारें और वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग सरीखी संवैधानिक संस्थाएं प्रदूषण पर नियंत्रण पाने में नाकाम रही हैं। किसान अपने खेतों में पराली जलाने से बाज नहीं आते। हमने अक्तूबर का संदर्भ पराली के कारण ही उठाया है। खेतों में धान की बालियां कट चुकी हैं। जो छोटे अवशेष बचे हैं, उन्हें पंजाब-हरियाणा के खेतों में जलाने का सिलसिला शुरू हो चुका है। किसानों की अपनी पेशेवर मजबूरी है, क्योंकि उन्हें गेहूं आदि की फसल के लिए खेत तैयार करना है। यह क्रम अक्तूबर में ही घनीभूत होने लगता है।

## प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के वैश्विक प्रभाव और सफल कूटनीति के परिप्रेक्ष्य में देखा जाना चाहिए

# संयुक्त राष्ट्र में भारत का पलड़ा

प्रमोद भार्गव

> मैक्रों ने संयुक्त राष्ट्र महासभा की बैठक में कहा कि फ्रांस सुरक्षा परिषद के विस्तार के पक्ष में है। जर्मनी, जापान, भारत और ब्राजील को परिषद का स्थायी सदस्य होना चाहिए। साथ ही दो ऐसे देश भी होने चाहिए, जिन्हें अफ्रीका प्रतिनिधित्व के लिए अनुशंसा करे। दूसरी तरफ पाकिस्तान से दोस्ती और भारत विरोधी रुख के लिए चर्चित तुर्किये के राष्ट्रपति रेसेप तैयप एर्दोगान ने संयुक्त राष्ट्र में पाकिस्तान को झटका दिया है। उन्होंने गाजा युद्ध को लेकर जमकर हमला बोला, लेकिन इस बार कश्मीर का जिक्र तक नहीं किया। साल 2019 के बाद पहली बार ऐसा हुआ है, जब एर्दोगान ने संयुक्त राष्ट्र में कश्मीर के मुद्दे पर किनारा किया है।

**फ्रांस** के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में स्थायी सदस्यता के लिए भारत की दावेदारी का समर्थन किया है। साथ ही संयुक्त राष्ट्र निकाय के विस्तार की वकालत की है। मैक्रों ने संयुक्त राष्ट्र महासभा की बैठक में कहा कि फ्रांस सुरक्षा परिषद के विस्तार के पक्ष में है। जर्मनी, जापान, भारत और ब्राजील को परिषद का स्थायी सदस्य होना चाहिए। साथ ही दो ऐसे देश भी होने चाहिए, जिन्हें अफ्रीका प्रतिनिधित्व के लिए अनुशंसा करे। दूसरी तरफ पाकिस्तान से दोस्ती और भारत विरोधी रुख के लिए चर्चित तुर्किये के राष्ट्रपति रेसेप तैयप एर्दोगान ने संयुक्त राष्ट्र में पाकिस्तान को झटका दिया है। उन्होंने गाजा युद्ध को लेकर जमकर हमला बोला, लेकिन इस बार कश्मीर का जिक्र तक नहीं किया। साल 2019 के बाद पहली बार ऐसा हुआ है, जब एर्दोगान ने संयुक्त राष्ट्र में कश्मीर के मुद्दे पर किनारा किया है। इससे पहले उन्होंने साल 2020, 2021, 2022 और 2023 में कश्मीर मुद्दे को संयुक्त राष्ट्र में उठाया था। इससे लगता है कि भारत की स्थायी सदस्यता के लिए सहमति बढ़ रही है। इसे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के वैश्विक प्रभाव और सफल कूटनीति के परिप्रेक्ष्य में देखा जाना चाहिए। भारत के संयुक्त राष्ट्र में भारी होते पलड़े के संदर्भ में विदेश नीति के विशेषज्ञों का मानना है कि तुर्किये ब्रिक्स का सदस्य देश बनना चाहता है। इस हेतु उसे भारत की मदद जरूरी है। यदि भारत असहमति जता देता है तो उसे सदस्यता मिलना मुश्किल है। ब्रिक्स में इस वक्त ब्राजील, रूस, भारत, चीन और साउथ अफ्रीका शामिल हैं। भारत इसमें प्रमुख सदस्यों में से एक है। इस बीच खबर यह भी है कि तुर्किये को नाटो देशों के समूह से बाहर निकाला जा सकता है। इसलिए तुर्किये ब्रिक्स देशों की सदस्यता चाहता है। एर्दोगान ने कहा भी है कि 'हम ब्रिक्स देशों के साथ अपने संबंध बेहतर करना चाहते हैं। ब्रिक्स के देश दुनिया की उभरती आर्थिक शक्ति हैं। इसलिए हम उनके साथ संबंध मजबूत और विश्वसनीय बनाने के पक्षधर है।' एर्दोगान ने यह झटका तब दिया है, जब पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने पूरी तैयारी कर रखी थी कि महासभा में कश्मीर में हो रहे चुनाव का मुद्दा उठाया जाए और इस चुनाव प्रक्रिया को अलोकतांत्रिक बताया जाए। परंतु दुनिया की सबसे बड़ी तीसरी अर्थव्यवस्था की ओर बढ़ रहे भारत का



डंका विश्व की प्रत्येक लोकतांत्रिक और मानवाधिकार हितों की पैरवी करने वाली संस्थाओं में बजता दिख रहा है। इस परिप्रेक्ष्य में भारत की दलील है कि 1945 में स्थापित 15 देशों की सुरक्षा परिषद 21वीं सदी की लक्ष्यपूर्तियों के लिए पर्याप्त नहीं है। इसमें समकालीन भूराजनीतिक वास्तविकताओं का प्रतिबिंब दिखाई नहीं दे रहा है। वर्तमान में सुरक्षा परिषद में पांच स्थायी सदस्य और 10 अस्थायी सदस्य देश शामिल हैं, जिन्हें संयुक्त राष्ट्र महासभा के द्वारा दो साल के कार्यकाल के लिए चुना जाता है। परंतु पांच स्थायी सदस्य रूस, ब्रिटेन, चीन, फ्रांस और अमेरिका हैं, इनमें से प्रत्येक देश के पास ऐसी शक्ति है, जो किसी भी महत्वपूर्ण प्रस्ताव पर वीटो लगा सकता है। भारत 2021-22 में संयुक्त राष्ट्र की उच्च परिषद में अस्थायी सदस्य के रूप में चुना गया था। किंतु दुनिया का जो वर्तमान परिदृश्य है, उससे निपटने के लिए स्थायी सदस्यों की संख्या दुनिया का हित साधने के लिए बढ़ाई जानी चाहिए। इसीलिए मैक्रों को कहना पड़ा कि 'सुरक्षा परिषद के कामकाज के तरीकों में बदलाव, सामूहिक अपराधों के मामलों में वीटो के अधिकार को सीमित करने और शांति बनाए रखने के लिए जरूरी फैसलों पर ध्यान देने की जरूरत है। अतएव जमीन पर बेहतर और बेहिचक तरीके से काम करने की दृष्टि से दक्षता हासिल करने का समय आ गया है।' मैक्रों की यह टिप्पणी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के द्वारा बीते रविवार 22 सितंबर 2024 को 'भविश्य के शिखर सम्मेलन' को संबोधित करने के कुछ दिन बाद आई है, इसमें मोदी ने इस बात पर जोर दिया था कि वैश्विक शांति और विकास के लिए अंतरराष्ट्रीय संस्थाओं में सुधार आवश्यक है। उन्होंने कहा था कि सुधार प्रासंगिकता की कुंजी है। वाकई इस समय संस्थाएं अपनी प्रासंगिकता खोती दिखाई दे रही हैं। संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंतोनियो गुतारेस ने 15 सदस्य देशों की सुरक्षा परिषद को भी पुरानी व्यवस्था का हिस्सा बताकर आलोचना की। उन्होंने स्पष्ट कहा कि अगर इसकी संरचना और कार्य प्रणाली में सुधार नहीं होता है तो इस संस्था से दुनिया का भरोसा उठ जाएगा। दूसरे विश्व युद्ध के बाद शांतिप्रिय देशों के संगठन के रूप में संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद का गठन हुआ था। इसका अहम मकसद भविष्य की पीढियों को युद्ध की विभीषिका और आतंकवाद से सुरक्षित रखना था। इसके सदस्य देशों में अमेरिका, ब्रिटेन, फ्रांस, रूस और चीन को स्थायी सदस्यता प्राप्त है। याद रहे चीन जवाहरलाल नेहरू की अनुकंपा से सुरक्षा परिषद का सदस्य बना था। कांग्रेस नेता और संयुक्त राष्ट्र में अवर महासचिव रहे शशि थरूर की किताब 'नेहरू : दि इन्वेंशन ऑफ इंडिया- में थरूर ने लिखा है कि 1953 के आसपास भारत को संयुक्त राष्ट्र की सुरक्षा परिषद में स्थायी सदस्य बनने का प्रस्ताव मिला था। लेकिन उन्होंने चीन को दे दिया। थरूर ने लिखा है कि भारतीय राजनयिकों ने वह फाइल देखी थी, जिस पर नेहरू के इंकार का जिक्र है। नेहरू ने ताइवान के बाद इस सदस्यता को चीन को दे देने की पैरवी की थी। अतएव कहा जा सकता है कि नेहरू की भयंकर भूल और उदारता का नुकसान भारत आज तक उठा रहा है। जबकि उस समय अमेरिका भारत के पक्ष में था। भारत का दो बार पाकिस्तान और एक बार चीन से युद्ध हो चुका है। इराक और अफगानिस्तान, अमेरिका और रूस के जबरन दखल के चलते युद्ध की ऐसी विभीषिका के शिकार हुए कि आज तक उबर नहीं पाए हैं। तालिबान की आमद के बाद अफगानिस्तान में किस बेरहमी से विरोधियों और स्त्रियों को दंडित किया जा रहा है, यह किसी से छिपा नहीं रह गया है। इजराइल और फिलीस्तान और रूस एवं यूक्रेन के बीच युद्ध एक नहीं टूटने वाली कड़ी बन गए हैं। अनेक इस्लामिक देश गृह कलह से जूझ रहे हैं। उत्तर कोरिया और पाकिस्तान बेखौफ परमाणु युद्ध की धमकी देते रहते हैं। दुनिया में फैल चुके इस्लामिक आतंकवाद पर अंकुश नहीं लग पा रहा है। साम्राज्यवादी नीतियों के क्रियान्वयन में लगा चीन किसी वैश्विक पंचायत के आदेश को नहीं मानता।

दृष्टि कोण

# समाज में पनपती मानसिक विकृति

**एक** समय था जब हमारे देश भारत के राजा कहा करते थे कि मेरे देश में कोई चोर नहीं. शराबी और कायर नहीं, कोई अधार्मिक नहीं, कोई व्यभिचारी नहीं। क्या आज का राष्ट्रपति या प्रधानमंत्री ऐसा कह सकता है ? शायद उत्तर मिलेगा- नहीं। सैंकड़ों चोरियां होती हैं, अनेक हत्याएं होती हैं, अनेक महिलाओं, यहां तक कि नन्ही-नन्ही कन्याओं, जिन्हें नवरात्रों में देवी समझकर पूजा जाता है, उनके साथ दिल दहला देने वाले सामूहिक बलात्कार और हत्याएं हो रही हैं कि सुनकर ही रौंगटे खड़े हो जाते हैं। क्या इसलिए कि हमारा चरित्र गिर गया है या बड़ी-बड़ी उच्च डिग्रियां लेकर भी हम मानसिक दृष्टि से गिरे हुए हैं। पिछले कुछ वर्षों से मानव समाज में तकनीकी व आर्थिक क्षेत्रों में व्यापक परिवर्तन मूल्य प्रभावित हुए हैं। परिवर्तन समय की स्वाभाविक वृति है। ऐसा कभी नहीं था कि परिवर्तन रुका हो। आज हम इतराते हैं कि हम चांद पर पहुंच गए। मंगल और शुक्र ग्रह भी घूम आए। सेंसर जैसी कई अन्य आधुनिकतम तकनीक से उंगली के संकेत से मनवांछित प्राप्त कर सकते हैं। तीव्र गति से होने वाली वैज्ञानिक प्रगति नए कीर्तिमान स्थापित कर रही है। इस क्रांति में इंटरनेट एक ऐसे व्यापक हाईवे के रूप में सामने आया है जिसने समूचे विश्व को अपने आलिंगन में ले लिया है। इंटरनेट की सहायता से हम दुनिया भर की जानकारियां उपलब्ध करा सकते हैं। पहले हम कहते थे कि विज्ञान ने संसार को कुटुंब बना दिया, किंतु आज इंटरनेट ने मानों कुटुंब को ही कमरे में उपस्थित कर दिया है। मानव जीवन में इंटरनेट क्रांति एक महत्वपूर्ण बदलाव लाई है, पर हर सच्चाई के साथ बुराई, प्रगति के साथ अवनति, उत्थान के साथ पतन जुड़े रहते हैं। अतः जब कल्याण और प्रगति के लिए कोई नई सोच, विधि, तकनीक सामने आती है तो पीछे से शैतानी प्रवृत्ति भी चुपके से प्रवेश कर लेती है। राक्षसी वृति का अच्छाई के साथ सदा ही विरोध रहा है। हमारे पुराणों में अनेक ऐसे दृष्टांत हैं। भस्मासुर, महिषासुर, रावण आदि घोर तपस्या कर ईश्वर से अपने अस्तित्व और वर्चस्व के स्थायित्व का वरदान मांगते थे और वरदान मिल जाने पर उसका दुरुपयोग करते थे। इसी प्रकार वैज्ञानिक अनुसंधान व आविष्कार भी वैज्ञानिकों की तपस्या का परिणाम होते हैं। यही इंटरनेट की दुनिया में भी हुआ है जहां दुर्लभ उपयोगी जानकारियां एक ही क्लिक में मिल रही हैं, वहीं पर अश्लीलता भी परोसी जाने लगी है। कई प्रकार की ठगी हो रही है। युवाओं विशेष रूप से किशोरावस्था वालों के लिए यह हर प्रकार से हानिकारक सिद्ध होने लगा है। बच्चा जब गर्भ में होता है तो मां जैसे वातावरण में रहती है, उसका महत्वपूर्ण प्रभाव गर्भ में पल रहे बच्चे पर पड़ता है। धार्मिक ग्रंथ महाभारत में भी अभिमन्यु के चक्रव्यूह भेदने के प्रसंग में यह बात आई है और नारद के आश्रम में जन्म लेकर वहां के विष्णुमय वातावरण में पलकर हिरण्यकश्यप जैसे दैत्य का पुत्र प्रहलाद विष्णु भक्त बन गया था। यही बात विज्ञान और चिकित्सक भी कहते हैं कि गर्भवती महिला को स्वस्थ आहार के साथ स्वस्थ वातावरण मिलना चाहिए, पर आज की अधिकतर माताएं जब गर्भावस्था में बेड रैस्ट पर होती हैं या फुर्सत मिलती है तो इंटरनेट की दुनिया में मनोरंजन की सामग्री की ओर अधिक व धार्मिक या नैतिक शिक्षाप्रद वीडियो कार्यक्रमों की ओर कम ही झुकाव रखती हैं। बच्चा गर्भ में ही इंटरनेट की दुनिया में प्रवेश कर जाता है। शिशु जब धरा पर अवतरित होता है तो कुछ माह के बाद मां बच्चे को आया या मेड के पास छोडक़र नौकरी पर चली जाती है या कुछ गृहणियां घर का काम निपटाने के लिए स्मार्टफोन में यूट्यूब पर डांस या गाना लगाकर बच्चों को पकड़ा देती हैं। जो बच्चे मां से चिपके रहते थे वे फोन से चिपके रहते हैं। धीरे-धीरे बच्चा जब बड़ा होता है तो बोलकर नेट चलाना सीख जाता है और यही कच्ची उम्र जिज्ञासा का भंडार होती है। जैसे-जैसे वह पांच-सात वर्ष का होता है, नेट की दुनिया का आदी बन चुका होता है। फिर नेट की दुनिया में वह अश्लीलता की दुनिया में अनजाने में ही कदम रख देता है। जो सुकोमल आयु और तन चरित्र निर्माण के सुसंस्कार की पवित्र गंगा से सराबोर होने के होते हैं, वे कोमल आयु और तन अपनी आयु से आगे निकलकर अश्लीलता के रास्ते की कीचड़ में लिप्त होने लगते हैं। अगर बच्चे में अच्छे संस्कार भरे होंगे, विवेकशील होंगे, उसे अच्छे-बुरे का ज्ञान बचपन से उसके दिलों दिमाग में भर दिया गया होगा, तब तो वह इस नरक की दुनिया से दूर होकर अपना रास्ता बदल देगा, पर इसके विपरीत परिस्थितियां होंगी तो बच्चे इन अश्लील वेबसाइटों के आदी हो जाएंगे। हाल ही में सुर्खियों में रहे केस कोलकाता में एक डॉक्टर युवती से बलात्कार व हत्या का आरोपी पोर्न फिल्मों का आदी बताया गया है।

कुछ अलग

# हिंदी का वार्षिक श्राद्ध

**कई** बार सोचता हूं कि क्या यह महज़ संयोग है कि हर साल हिन्दी पखवाड़ा और पितृ पक्ष साथ-साथ आते हैं। हिन्दी दिवस हर वर्ष 14 सितम्बर को मनाया जाता है और पितृ पक्ष लगभग इसी के साथ शुरू होता है। हर साल की तरह इस बार भी हिन्दी दिवस 14 सितम्बर को मनाया गया और हिन्दी पखवाड़ा 28 सितम्बर तक चला। इस बार पितृ पक्ष 17 सितम्बर से 2 अक्तूबर तक चलेगा। पितृ पक्ष की तिथियां बदलती रहती हैं। पर हिन्दी दिवस हर साल नियत तिथि को ही आता है और पूरे 14 दिन तक चलता है। इस दिन विभिन्न स्पर्धाओं, प्रतियोगिताओं, सम्मेलनों और वार्ताओं का आयोजन होता है। आमंत्रित अतिथि गण, साहित्यकार, अधिकारी और प्रतिस्पर्धी आयोजन के बाद जम कर जीमते हैं और हिन्दी को जन-जन में लोकप्रिय बनाने के अलावा सरकारी दरबार में किस तरह मुख्य सिंहासन पर विराजमान करवाया जाए, इस पर अपने दिमाग़ के अरबी घोड़े दौड़ाते हैं। पिछले एक दशक से आकंठ ईवेंट मेनेजमैंट में डूबी केन्द्र सरकार ने हिन्दी दिवस को भी इसी श्रेणी में लाकर खड़ा कर दिया है। पिछले चार साल से देश की विभिन्न सरकारी इकाइयों के करीब दस हज़ार हिन्दी अधिकारी और राजभाषा अधिकारी राजभाषा विभाग द्वारा नियत स्थान पर दो दिनों के लिए मिलते हैं। लेकिन इस सम्मेलन में उन्हें नेताओं के कोरे भाषणों और सरकार के पि_ुओं के एकालाप और वार्ताएं सुनने के अलावा कभी अपनी बात कहने का मौक़ा नहीं मिलता। बेचारे घर में बीवी की सुनते हैं, दफ़्तर में बॉस की और हिन्दी सम्मेलन में मंत्रियों और सत्ता पक्ष से जुड़े काने विद्वानों की। बेचारे हिन्दी की महानता और महत्व के बारे में ज्ञान लेकर लौट आते हैं और साल भर अंग्रेज़ी भरे सरकारी माहौल में सत्ता की दासी हिन्दी को पटरानी बनाने की कागज़ी कोशिश में जुट जाते हैं। लेकिन आज़ादी के पचहत्तर सालों के बाद भी सरकारी दरबार में पटरानी बन कर घूम रही अंग्रेज़ी का बाल भी बींका नहीं कर पाते। यहां तक कि अपने हिन्दी भाषणों में गा-गाकर हिन्दी बोलने वाले प्रधानमंत्री विदेशी मंचों पर इसी अन्दाज़ में ग़लत अंग्रेज़ी बोलने का मोह नहीं छोड़ पाते। प्रधानमंत्री अमेरिकी संसद में पिलर को पीलर बोलते हैं, बौद्धिक मंच पर सक को शक कहते हैं और इन्वेस्टमैंट इन द गर्ल चाइल्ड को इनवेस्टिगेटिंग इन द गर्ल चाइल्ड बोलते नजऱ आते हैं। केन्द्रीय सरकारी भाषा में राष्ट्र का गौरव कही जाने वाली हिन्दी को लेकर किसी आम भारतीय की तरह हीनभावना से ग्रस्त प्रधानमंत्री भले सही हिन्दी न बोल पाते हों लेकिन टूटी-फूटी अंग्रेज़ी बोलने से बाज नहीं आते। देश के किसी गम्भीर समस्या से जूझने के दौरान मीडिया मेनेजमैंट में माहिर केन्द्र सरकार और भारतीय जनता पार्टी लोगों का ध्यान बेतुके मसलों की ओर मोड़ देती है। अगली बार राफेल, हिंडनबर्ग, भ्रष्टाचार, किसान आन्दोलन, बेरोज़ग़ारी, महंगाई या कोई अन्य मसला खड़े होने पर भाजपा चाहे तो भारतीय स्वतंत्रता आन्दोलन के दौरान इस्तेमाल नारों 'अंग्रेज़ो भारत छोड़ो' और 'क्विट इण्डिया मूवमैंट' के बीच नई बहस छेड़ सकती है। सरकार के मंत्री और भाजपा के कार्यकर्ता कह सकते हैं कि गांधी और नेहरू ने अंग्रेज़ों को भारत से भगाने वाला नारा अंग्रेज़ी में दिया था, जबकि वीर सावरकर द्वारा हिन्दी में दिए गए नारे के कारण ही देश की आज़ादी संभव हो पाई थी। अतः वीर सावरकर ही हिन्दी के वास्तविक प्रणेता हैं। भारत के कई काले अंग्रेज़ों की तरह गूगल ट्रांसलेट का भी हिन्दी से अंग्रेज़ी या अंग्रेज़ी से हिन्दी में अनुवाद क़ाबिलेतारीफ है। हुआ यूं कि अपना शत-प्रतिशत काम अंग्रेज़ी में निपटाने वाले एक मंत्रालय में हिन्दी पखवाड़ा के दौरान आयोजित अन्तयाक्षरी प्रतियोगिता का एक पोस्ट सोशल मीडिया में डालने के बाद सम्बन्धित अधिकारी को ध्यान आया कि उसने पोस्ट को अंग्रेज़ी भाषा में डाला है।

देश दुनीया से

# भू-संरक्षण कानून को प्रासंगिक बनाने का दबाव

> हिमाचल प्रदेश की तर्ज पर गैर-कृषकों द्वारा कृषि भूमि की खरीद-फरोख्त पर रोक के लिये उत्तराखंड में कानून अवश्य बना था लेकिन ऐसा कानून बनाने वाली राज्य की पहली निर्वाचित तिवारी सरकार ने उस कानून में धारा दो जोड़ कर पहला छेद कर डाला था। सन् 2017 के बाद किए गए बार-बार के संशोधनों ने वास्तव में भूमि संरक्षण से जुड़े कानून की प्रासंगिकता को कमजोर कर दिया। नया भूमि प्रबंधन कानून बनाने के लिये गठित पूर्व मुख्य सचिव सुभाष कुमार की अध्यक्षता वाली समिति अपनी रिपोर्ट 5 सितम्बर, 2022 को सौंप चुकी थी, लेकिन उस रिपोर्ट को ठंडे बस्ते में डाल दिया गया था।

**उत्तराखंड** के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी द्वारा अगले बजट सत्र में सशक्त भू-कानून लाने की घोषणा एक महत्वपूर्ण कदम है। हिमालयी राज्यों में उत्तराखंड अकेला राज्य है, जहां कठोर कानून के अभाव में जमीनों की बेलगाम खरीद-फरोख्त जारी है। हिमाचल प्रदेश की तर्ज पर गैर-कृषकों द्वारा कृषि भूमि की खरीद-फरोख्त पर रोक के लिये उत्तराखंड में कानून अवश्य बना था लेकिन ऐसा कानून बनाने वाली राज्य की पहली निर्वाचित तिवारी सरकार ने उस कानून में धारा दो जोड़ कर पहला छेद कर डाला था। सन् 2017 के बाद किए गए बार-बार के संशोधनों ने वास्तव में भूमि संरक्षण से जुड़े कानून की प्रासंगिकता को कमजोर कर दिया। नया भूमि प्रबंधन कानून बनाने के लिये गठित पूर्व मुख्य सचिव सुभाष कुमार की अध्यक्षता वाली समिति अपनी रिपोर्ट 5 सितम्बर, 2022 को सौंप चुकी थी, लेकिन उस रिपोर्ट को ठंडे बस्ते में डाल दिया गया था। यह धारणा इसलिये भी पुष्ट हुई कि नारायण दत्त तिवारी सरकार द्वारा काश्तकारों की जमीनें बचाने के लिये 1950 के अधिनियम में संशोधन कर जो कानून बनाया गया था उसमें भी भाजपा की ही त्रिवेन्द्र सिंह रावत सरकार ने 2018 में औद्योगीकरण के नाम पर उत्तराखंड (उत्तर प्रदेश जमींदारी विनाश एवं भूमि व्यवस्था अधिनियम 1950)(अनुकूलन एवं उपांतरण आदेश, 2001) की धारा 154, 143 एवं 129 में संशोधन कर इस कानून को लगभग निष्प्रभावी ही बना दिया था। उसके बाद फिर उसी भू-कानून की धारा 143 की उपधारा 'क' और 'ख' को हटाने से तिवारी द्वारा बनाये गये भू-कानून का प्रभाव समाप्त हो गया था। इन धाराओं में प्रावधान था कि अगर उद्योग के लिये हासिल की गयी जमीन का 2 साल के अन्दर उसी प्रयोजन के लिये उपयोग नहीं किया गया तो कलक्टर धारा 167 के तहत उस जमीन को जब्त कर सरकार में निहित कर लेगा। अब मुख्यमंत्री धामी ने यह कह कर सशक्त भू-कानून की आशा फिर जगा दी कि उत्तराखंड (उत्तरप्रदेश जमींदारी विनाश एवं भूमि व्यवस्था अधिनियम 1950) (अनुकूलन एवं उपांतरण आदेश, 2001) में 2017 के बाद किये गये संशोधनों के लक्ष्य हासिल नहीं हुए हैं। उस समय राज्य में 125 लाख करोड़ के पूंजी निवेश के इच्छापत्रों पर हस्ताक्षर हुए थे। लेकिन अब मुख्यमंत्री ने स्वीकार कर लिया कि संशोधनों से भूमि कानून में दी गयी शिथिलता के बावजूद औद्योगिक निवेश का मकसद हल नहीं हुआ। दरअसल, इन्हीं संशोधनों के खिलाफ उत्तराखंड में जहां तहां लोग सड़कों पर उतर रहे हैं। यही नहीं मुख्यमंत्री ने यह भी स्पष्ट कर दिया कि सशक्त भू-कानून के लिये गठित सुभाष कुमार समिति की सिफारिशों की भी समीक्षा की जा रही है और सरकार अगले बजट सत्र में निश्चित रूप से एक सशक्त भू-कानून को पास करा देगी। समिति ने हिमाचल प्रदेश काश्तकारी एवं भूमि सुधार अधिनियम 1972 की धारा 118 से मिलती-जुलती 23 सिफारिशें कर रखी हैं। उत्तराखंड में औद्योगीकरण के नाम पर सन् 2018 से लेकर अब तक प्राइम लैंड लगभग बिक चुकी है। जमीनों की बेतहाशा खरीद-फरोख्त नगरीय क्षेत्रों और उनके आसपास ही हुई है। इसीलिये भूमि कानून में धारा-2 रखी गयी थी। उस धारा के अनुसार कृषि भूमि की खरीद पर अंकुश वाला प्रावधान नगर निकाय क्षेत्रों पर लागू नहीं होता है। जबकि पहले अध्यादेश वर्ष 2003 संख्या 6 में समस्त उत्तरांचल पर यह बंदिश लागू करने का प्रावधान रखा गया था। इस धारा का लाभ भूमि सौदागरों को पहुंचाने के लिये सन् 2017 में ही प्रदेश के 13 में से 12 जिलों के 385 गांवों को 45 नगर निकायों में शामिल कर 50,104 हेक्टेयर जमीन को खरीद-फरोख्त की बंदिशों से मुक्त कर दिया गया था। उत्तराखंड अकेला हिमालयी राज्य है, जहां जमीनों का धंधा सर्वाधिक फल फूल रहा है। यहां की व्यावसायिक और आवासीय महत्व की सभी जमीनें भूमिखोरों के चंगुल में चली गयी हैं। यहां तक कि राजनीतिक लोग भी इस धंधे में प्रत्यक्ष-परोक्ष रूप से शामिल हैं। वास्तव में अगर सरकार एक सशक्त भूमि कानून बना रही है तो उसे देर से आया हुआ दुरुस्त फैसला माना जा सकता है, बशर्ते कि जनभावनाओं के अनुकूल और व्यावहारिक कानून बना दे। अगर सरकार उत्तराखंड में उपान्तरित और अनुकूलित जमींदारी विनाश एवं भूमि व्यवस्था अधिनियम-1950 में 2017 के बाद के सभी संशोधन समाप्त कर देती है तो भी पूरा मकसद हल नहीं होता। इसके साथ ही सरकार को अधिनियम की धारा दो पर भी पुनर्विचार करना चाहिए। उत्तराखंड में बहुत तेजी से नगरीकरण हो रहा है और उसी तेजी से सरकारें नगर निकायों का विस्तार और उनकी संख्या बढ़ाती रही हैं। राज्य को उत्तर प्रदेश से विभिन्न भूमि संबंधी कानून विरासत में मिले हैं। इन सभी कानूनों को मिलाकर एक एकीकृत भूमि संहिता बनाई जा सकती है। सरकार का कार्य भूमि प्रबंधन के साथ-साथ भूमि सुधार भी है। इसके लिए भूस्वामित्व के रिकॉर्ड के साथ भूमि के प्रकार की इन्वेंटरी बनाना आवश्यक है। गांवों में जमीनों की अदला-बदली के कारण भूमि रिकॉर्ड अपडेट नहीं हैं। राजस्व अधिनियम 1901 के अध्याय 5 से 8 लोप हो जाने के कारण सरकार के पास जमीनों का बंदोबस्त करने का कोई कानूनी आधार नहीं है।

आप का नजरीया

# अबकी बार बिजली महादेव

**हमें** कसोल मंजूर है, क्योंकि वहां की कमाई मशहूर है, लेकिन बिजली महादेव की ओर बढ़ता, रज्जु मार्ग मंजूर नहीं। हम देव संस्कृति की आड़ में सियासत को खेल सकते हैं, लेकिन चिट्टे की औकात में एक शब्द नहीं बोल सकते। जिस कुल्लू घाटी का मौसम बदल गया और जहां दरिया रास्ता भूल गया, वहां देवता को गुस्सा आता है। पहले आया, तो स्की विलेज जैसी परियोजना के तंबू उखड़ गए और अब इसी विरोध की शरण में पुनः देवता आगे किए जा रहे हैं। हैरानी यह कि सांसद कंगना रणौत ने रज्जु मार्ग रोकने के लिए अपना दायित्व जोड़ दिया है। यानी केंद्र जिस आधार पर हिमालयी राज्यों को रज्जु मार्गों की पर्वत माला बना कर देना चाहता है, वहां उसकी ही एक सांसद विरोध की विभूति लगाकर, सारी परियोजना को चौपट करने का प्रण ले रही है। काश ऐसी भस्म रेत माफिया, भू माफिया, ड्रग एवं नशा माफिया तथा पानी की तरह बहती शराब पर भी गिर जाती, लेकिन मुद्दे वहीं सुर्ख होते हैं, जिनकी आबरू में चंद स्वार्थ सफर करते हैं। बेशक हर धार्मिक स्थल की अपनी पवित्रता-अपने नियम हैं, लेकिन व्यापार तो अब हर जगह होने लगा। देव संस्कृति के नाम पर अगर अभिशप्त होते किस्सों पर गौर फरमाएं, तो कहीं इस आचरण की शुद्धि में धार्मिक व सामाजिक वकालत चाहिए। है बहुत कुछ इस निजाम में निरंकुश, हमने तो सिर्फ चंद अल्फाज कहे। जरूरी नहीं धार्मिक प्रतिष्ठा के नाम पर एकाधिकार पैदा किया जाए। आखिर रज्जु मार्ग का विरोधी पक्ष क्यों स्की विलेज रोकने वालों का ही टोला बनता नजर आ रहा है, लेकिन कब कुल्लू घाटी की भौतिकवाद के खिलाफ ऐसा ही प्रयास हुआ। तीन दशक पूर्व की कुल्लू घाटी ऐसे भी बदली कि पुलिस की तफ्तीश बढ़ गई। कुल्लू घाटी के मंदिर दूर हो गए, लेकिन पर्यटन की मंजिल आगे बढ़ गई। नहीं उग रहे पेड़ और अचानक कट गए देवदार, लेकिन हिमाचल में सबसे बड़ी होड़ में पर्यटन उद्योग ने घाटियों की जगह होटलों का साम्राज्य बना दिया। कितना बौना है आज का परिदृश्य जहां जाम तो टकरा सकते हैं, लेकिन रज्जु मार्ग जैसी परियोजना को उसका अंजाम बताया जा रहा है। सवाल परंपराओं और मर्यादा का होता, तो हर बाढ़ और प्राकृतिक त्रासदी के बाद घाटी के मजमून बदल जाते। वैज्ञानिक तौर पर भी कुल्लू जैसी भौगोलिक परिस्थितियों में पहाड़ को काटती सडक़ों के बजाय रज्जु मार्गों का अभिप्राय बढ़ाया जाना चाहिए। वैज्ञानिक सोच पर अगर यूं ही परंपराओं के हवाले से विरोध खड़े होते रहे, तो हमारी नस्लों की चुनौतियां दफन हो जाएंगी। विरोध के पर्यावरणीय या सांस्कृतिक तर्क जरूर संबोधित होने चाहिएं, लेकिन विकास के दरवाजे बंद करके, भविष्य को रौंदा नहीं जा सकता। बेशक कंगना अब विरोध का वजन ढो रही हैं, लेकिन उन्हें अपनी विधा में विरोध क्यों पसंद नहीं। उन्हें किसानों का विरोध खेत पर ईमानदार नहीं लगता, लेकिन रज्जु मार्ग से आती क्रांति पर त्वरित मतभेद दिखाई देता है। हो सकता है रज्जु मार्ग का विरोध कंगना की बदौलत, इस परियोजना की इतिश्री कर दे, लेकिन अवसर खोने के बदले जो मिलेगा, उसे भी बता दिया जाए।

# राम का पर्व मनाना बड़ी बात नहीं, उनके पदचिन्हों पर चलना बहुत बड़ी बात है : इंदर सिंह नामधारी

## आगे भी यह अनवरत चलता रहेगा श्री रामचरित मानस नवाहन परायण पाठ : बैद्यनाथ राम



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार :** राम का पर्व मनाना बड़ी बात नहीं राम जी के पद चिन्हों पर चलना सबसे बड़ी बात है। जीवन में उनके बताए गए मार्ग पर ही हमें आगे बढ़ना चाहिए। राम मर्यादा पुरूषोत्तम ऐसे ही नहीं बने, इसके लिए उन्होंने कड़ी परिश्रम की तब जाकर आज उन्हें मर्यादा श्रीराम कहा जाता है। उक्त बातें पुर्व विधान सभा अध्यक्ष इंदर सिंह नामधारी ने बतौर मुख्य अतिथि अंबाकोठी में आयोजित श्रीराम चरित मानस नवाह्न पारायण पाठ महायज्ञ के 51वां महाधिवेशन में कही। उन्होंने श्री रामचरित मानस के कई महत्व पूर्ण प्रसंगों पर विस्तार से प्रकाश डाला और पाठ करने वाली सभी महिलाओं युवतियों को कहा कि रामचरित मानस के एक प्रसंग भी अपने जीवन मे उतार लिए तो आपका जीवन धन्य हो जायेगा। उन्होंने समिति के सभी पदाधिकारियों को इस महायज्ञ के संचालन की लिए बहुत बधाई दी है। जिन्होंने सीमित संसाधनों मे इसकी शुरुआत की थी। इसके पूर्व पूर्व विस अध्यक्ष इंदर सिंह नामधारी, शिक्षा मंत्री बैद्यनाथ राम, पूर्व नगर अध्यक्ष सुशील अग्रवाल और समिति के सदस्यों ने संयुक्त रूप से द्वीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम का उदघाटन किया।अनवरत जारी रहेगा यह महायज्ञ- शिक्षा मंत्री बैद्यनाथ राम मौके पर सूबे के शिक्षा मंत्री सह समिति के मुख्य संरक्षक वैधनाथ राम ने कहा कि पिछ्ले पचास वर्षो से यह महायज्ञ कराया जा रहा है। आगे भी यह अनवरत चलता रहेगा। उन्होंने दो दानदाता वैजनाथ राम मांझी और मदन प्रसाद को हृदय से आभार जताया है। जिन्होंने श्री राम दरबार स्थापित करने के लिए भूमि दान में दी है। उन्होंने कहा कि यह महायज्ञ सभी के सहयोग से होते आ रहा है। उन्होंने इसके लिए सभी सहयोगियों को आभार प्रकट किया और शुभकामनाएं दी। उद्घाटन सत्र को शुशील कुनार अग्रवाल विनोद महलका विशाल शर्मा समेत अन्य समिति के पदाधिकारियों ने संबोधित किया। संचालन सुनील सौंडिक ने किया।कलश यात्रा के साथ शुरू हुआ 51 महाधिवेशन श्रीराम चरित मानस नवाह्न पारायण पाठ महायज्ञ का आज से 51वां महाधिवेशन कलश यात्रा के साथ शुरू हो गया है। आज सुबह कलश यात्रा अम्बाकोठी से शुरू हुआ, जिसमें हजारों की संख्या में महिलाएं और बच्चियों शामिल थी। यह कलश यात्रा अम्बाकोठी से निकल कर शहर के शहीद चौक, महावीर मंदिर, थाना चौक, बाईपास चौक, चटनाही होते हुए औरंगा नदी के तट पर पहुंचा, जहां पर मुख्य पूजारी अनिल मिश्रा के द्वारा यजमान पवन कुमार और उनकी पत्नी और सैकड़ों महिलओं बच्चों के कलश में पूरे विधि विधान से जल भरा गया।इसके बाद पुनः कलश यात्रा बाईपास होते हुए अम्बाकोठी पहुंचा। यहां पर कलश यात्रा में शामिल श्रद्धालुओं के बीच अल्पाहार का वितरण किया गया।क्या क्या होंगे अनुष्ठान फेरी पाठ महाआरती रात में भगवान पर आधारित नाटक का मंचन मौके पर समिति के अध्यक्ष प्रमोद प्रसाद सिंह महामंत्री सुदामा प्रसाद राजू सिंह संतोष अग्रवाल मदन प्रसाद अशोक महलका, मुकेश पाण्डेय,समेत काफी संख्या में गणमान्य नागरिक के अलावा पाठ कर्ता श्रद्धालु मौजूद थे।

# समाजसेवी बसंत सिंह पहुंचे दुर्गा पूजा पंडाल गांगपुर, माता रानी के दरबार में टेका माथा



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गिद्धौर :** प्रखंड के मंझगांवां पंचायत की मुखिया सरिता देवी के पति सह प्रशिद्ध समाजसेवी बसंत सिंह गुरुवार को नवरात्रि के पहले दिन कलश स्थापना के शुभ अवसर गांगपुर दुर्गा पूजा पंडाल पहुंचे।और उन्होंने माता के दरबार में माथा टेका और आशीर्वाद लिया।तत्पश्चात गांगपुर दुर्गा पूजा समिति के सदस्यों के साथ विचार विमर्श किया।साथ ही अपनी ओर से पूजा समिति को सहयोग राशि प्रदान किया। साथ ही पूजा समिति के सदस्यों व ग्रामीणों से दुर्गा पूजा का त्यौहार आपसी भाईचारे और सौहार्दपूर्ण तरीके से मनाने का भी अपील किया। मौके पर पूजा समिति के अध्यक्ष राकेश कुमार गुप्ता, व्यवसाय प्रमेश्वर साव, विष्णु साव, केशव कुमार गुप्ता, हेमन यादव, अनिल कुमार सिन्हा, युवा समाजसेवी प्राणेश कुमार गुप्ता, अशोक कुमार गुप्ता, सोनू कुमार गुप्ता, लक्ष्मण कुमार गुप्ता, राजेंदर साव, महानंद यादव, प्रमोद यादव, इंद्रदेव साव, सुरेंद्र प्रसाद गुप्ता, रामा भुइयां, अजय दास, दिलीप दास, प्रेमचंद कुमार गुप्ता सुरेश यादव अनिल कुमार गुप्ता के साथ साथ पूजा समिति के सदस्य व ग्रामीण उपस्थित थे।

# केशर हिंद भूमि पर सांसद मद से यात्री शेड निर्माण जारी



**सिमरिया(प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखण्ड के शिला चौक पर केशर हिंद भूमि यानी सरकारी भूमि पर वगैर कर्मचारी रिपोर्ट या वगैर अंचलाधिकारी के सत्यापन अवैध रूप से सांसद मद से यात्री शेड निर्माण किया जा रहा है। इस तरह चुप गुप तरीके से यात्री शेड निर्माण को लेकर ग्रामीणों में काफी आक्रोश है। ग्रामीणों का कहना है की कुछ दिन पूर्व हीं अनुमंडल पदाधिकारी सन्नी राज द्वारा ग्रामीणों के शिकायत के आलोक में केशर हिंद भूमि पर किए गए अतिक्रमण को अतिक्रमण मुक्त किया गया था। अब मनमानी तरीके से वगैर अंचल के जानकारी के उक्त भूमि पर यात्री शेड बनाया जा रहा है।जो अनुचित है वैसे में यह जांच का विषय है। इस तरह सरकारी भूमि पर बाजबरन कब्जा जमा कर अवैध रूप से किसी भी भवन को बनाने या निजी लाभ लेने से सरकारी भूमि पर खतरा मंडरा रहा है। जिससे आने वाला दिनों में जरूरी सरकारी कामकाज के लिए भूमि नहीं मिल पाएगा।

# बिजली विभाग द्वारा झारखंड सरकार द्वारा माफी बिजली बिल सर्टिफिकेट का वितरण किया



**सिमरिया(प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखण्ड के बानासांडी पंचायत भवन में आयोजित बिजलीबिल माफी का सर्टिफिकेट वितरण किया गया। जिसमें बिजली विभाग द्वारा तीन कंप्यूटर लगा प्रखण्ड क्षेत्र के बिजली लाभुकों को सर्टिफिकेट वितरण किया गया। जानकारी के अनुशार झारखंड सरकार हेमंत सोरेन द्वारा राज्य के बिजली कंजूमरों को घोषणा कर सौगात दिया था। जिसमें पिछ्ले दिनों का जितना भी बिजली बिल बकाया था। गरीबी के कारण बकाया बिजली बिल देने से असमर्थ था। जिसे लेकर झारखंड सरकार ने राज्य के तमाम बिजली उपभोगताओं को बिजली बिल माफी की घोषणा किया गया था। जिसके आलोक में बिजली विभाग द्वारा कार्यक्रम आयोजित कर बिजली बिल माफी का सर्टिफिकेट वितरण किया गया है। मौके पर बिजली विभाग के कई कर्मी शामिल थे।

# गाजे बाजे के साथ निकाली गई कलश यात्रा, माता शैलपुत्री की पूजा अर्चना के साथ हुआ नवरात्र का शुभारंभ



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गिद्धौर :** प्रखंड़ के विभिन्न गांवों शारदीय नवरात्रि का शुभारंभ बाजे गाजे के साथ किया गया। एवं माता शैलपुत्री की पूजा अर्चना कर कलश स्थापना की गई। एवं नवरात्रा की शुभारंभ हुआ।वही प्रखंड़ मुख्यालय स्थित ठाकुरवाड़ी मंदिर परिसर से गाजे बजे के साथ गुरुवार को कलश यात्रा निकाली गई। जहां सार्वजनिक दुर्गा पूजा समिति अध्यक्ष राजेश कुशवाहा के नेतृत्व में 51 प्रधान कलश एवं 1001 कलशयात्रियों ने भाग लिया। कलशयात्रा ठाकुरवाडी मंदिर से निकलकर राम सागर तालाब पहुंचा।जहां ब्राह्मणों के द्वारा विधिवत गणेश वंदना एवं गंगा माता की आराधना व पूजा अर्चना कर कलश में जल भर कर नगर की परिक्रमा कर कलश यात्रियों ने कालेश्वरी मंदिर, सलगा, ब्लॉक मोड होते मुख्य चौक से पुनः कलशयत्री ठाकुरवाड़ी पूजा पंडाल पहुंचे। इस दौरान श्रद्धालुओं ने मां दुर्गा की जय, जय माता दी जय माता दी समेत कई नारे लगा रहे थे। मौके पर राष्ट्रपति पुरस्कार से सम्मनित सेवानिर्वित शिक्षक देवचारन दांगी, थाना प्रभारी अमित कुमार गुप्ता, पंचायत समिति सदस्य सरिता देवी, मुखिया निर्मला देवी, पूजा समिति सचिव मुकेश कुमार दांगी, असुरंजन उर्फ मंटू कुमार, प्रवक्ता मनोज कुमार वर्मा, मीडिया प्रभारी घनश्याम कुमार दास, समाजसेवी कांशी महतो, निरंजन दांगी सतेंद्र दांगी, कपिल कुमार, मनोज कुमार कुशवाहा, कविंद्र दांगी, विकास कुमार, संतु कुमार, प्रभात उर्फ सोनू कुमार, विक्की कुमार, विनोद ठाकुर समेत काफी संख्या में महिला व पुरुष श्रद्धालु शामिल थे।

# 9 माह के बाद बलात्कार के आरोपी संजय पांडेय गिरफ्तार, पुलिस को थी बेसब्री से इंतजार



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमरिया :** 9 माह से फरार चल रहा ब्लातकार के आरोपी संजय पांडेय को थाना प्रभारी मानव मयंक ने आखिर अपने गिरफ्त में ले हीं लिया। 9 माह से आरोपी संजय पांडेय की सिमरिया पुलिस को तलास बेसब्री से थी। हालांकि प्राथमिकी दर्ज होने के बाद से चार थानेदार इधर से उधर हो गए किंतु गिरफ्तारी नहीं हो पाई थी। जानकारों का कहना है की भाजपा के उच्चस्तरीय नेताओं का बलात्कारी संजय पांडेय पर संरक्षण प्राप्त था जिसके कारण सिमरिया पुलिस इन तक पहुंच नहीं पा रही थी। चुकी संजय पांडेय भाजपा के जिला स्तरीय नेता रह चुके थे। मामला दर्ज होने के बाद भाजपा ने संजय पांडेय को जिला स्तरीय पद से हटा दिया गया था। फिर भी उनका उच्चस्तरीय नेताओं का संरक्षण बना हुआ था। आपको बता दें की ब्लातकार के आरोपी संजय पांडेय,पिता शिवकुमार पांडेय ग्राम टूटीलावा पर एक नाबालिक बच्ची के साथ 19/01/24 को ब्लातकार करने की शिकायत बच्ची के माता ने लिखित रूप से सिमरिया थाना को दी थी। जिसके आलोक में सिमरिया थाना ने कांड संख्या 07/24 के आईपीसी के धारा 376 एवं पोक्सो एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया था। मामला दर्ज होने बाद से लेकर संजय पांडेय हमेशा फरार रहे। जिसके कारण माननीय न्यालय चतरा द्वारा दो बार घर की कुर्की का आदेश जारी किया गया था। न्यालय के आदेश जारी होने के बावजूद भी संजय पांडेय भागता रहा। हालांकि सिमरिया में थाना प्रभारी के रूप में जब से पदभार ग्रहण मानव मयंक ने किया था। तभी से आरोपी संजय पांडेय का मोबाइल ट्रेस करते हुए गिरफ्तारी की शपथ खाया था। तभी से संजय पांडेय पर विशेष नजर रखी जा रही थी। थाना प्रभारी मानव मयंक ने बताया की कई बार रात्रि को भी छापेमारी की गई थी परंतु सफलता हाथ नहीं लग पाई थी। गिरफ्तार संजय पांडेय चतरा थाना क्षेत्र के लोवागड़ा के लेमखरी से गिरफ्तार किया गया है। वहां भी भागने की कोशिश की गई थी परंतु पुलिस की मुस्तैदी के सामने एक नहीं चली और गिरफ्तार कर लिया गया। गिरफ्तार आरोपी को कानूनी प्रक्रिया करते हुए जेल के हवालात में भेज दिया गया है।

# जमीन विवाद को लेकर मारपीट में दो घायल

**गिद्धौर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड मुख्यालय स्थित ग्रामीण बैंक के समीप जमीन विवाद को लेकर मारपीट में पति-पत्नी घायल हो गए। घायलों में गिद्धौर गांव निवासी कपिल कुमार व पत्नी काजल कुमारी है। परिजनों ने इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गिद्धौर लाया। जहां काजल की स्थिति गंभीर देख बेहतर इलाज के लिए गुरुवार को हजारीबाग सदर अस्पताल रेफर कर दिया। घटना बीते बुधवार की देर रात करीब 12 बजे की है। जिसे लेकर काजल कुमारी ने थाना में आवेदन दे न्याय की गुहार लगाई है। आवेदन में कहा गया है कि गांव के ही रतन दांगी व रतन दांगी का पुत्र सूर्यकांत कुमार, बाबूचंद समेत 10 लोग आए थे। और अचानक मारपीट करने लगे। जिसमें पति-पत्नी घायल हो गए। काजल को माथे में गंभीर चोट लगी है। बताया गया कि जान से मारने के नीयत से रतन दांगी 10 लोग रात में आया है।जिसमें तीन की पहचान की गई है। बाकी लोग अज्ञात लोग हैं। थाना प्रभारी अमित कुमार गुप्ता ने बताया कि जमीन विवाद को लेकर अनुमंडल कार्यालय सिमरिया में दोनों पक्षों कोर्ट चल रहा है। मामले की जांच करने में पुलिस जुटी है।

# कुत्ते ने कटा युवक घायल, स्वास्थ्य केंद्र में कराया इलाज

**गिद्धौर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड़ मुख्यालय स्थित अंबेडकर नगर निवासी मोती भुइंयां का पुत्र मुकेंद्र भुइंयां कुत्ता के आतंक से घायल हो गया। ग्रामीणों के तत्प्रता से घायल युवक को सामुदायिक केंद्र में इलाज कराया गया। बताया गया कि युवक चौक तरफ से घर आ रहा था। अचानक एक कुत्ता ने हमला कर दिया। जिससे युवक घायल हो गया। कुत्ता पागल बताया जा रहा है।

# हाइवा वाहन के गेट में मारी टक्कर, एक मजदूर घायल

**गिद्धौर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड़ मुख्यालय के ब्लॉक मोड़ समीप अनियंत्रित हो हाइवा वाहन ने अनियंत्रित हो गेट में टक्कर मार दिया। गेट निर्माण कार्य मे लगे मजदूर घायल हो गया। घटना गुरुवार के सुबह चार बजे की है। बताया गया दुर्गा पूजा महोत्सव को लेकर ब्लॉक मोड़ सामीप गेट निर्माण कार्य किया जा रहा था। अचानक हाइवा वाहन ने गेट में टक्कर मार दिया। जिससे एक मजदूर घायल हो गया। मौके से हाइवा वाहन फरार हो गया। हलांकि मजदूर को हल्की चोट लगी है।

## बलात्कार आरोपी संजय पांडेय की गिरफ्तारी होना हीं था : छोटू सिंह भोगता

# आरोपी चाहे कितना दूर भागे किंतु कानून के गिरफ्त में आना हीं पड़ता है : भोगता समाज



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमरिया :** ब्लातकार के आरोपी संजय पांडेय की गिरफ्तारी को लेकर भोगता समाज के प्रखंड अध्यक्ष छोटू सिंह भोगता एवं पूरे भोगता समाज ने थाना प्रभारी मानव मयंक को जम कर तारीफ किया और सराहा है। कहा है की कई थानेदार इधर से उधर चले गए लेकिन गरीब के गुनाहगार संजय पांडेय पकड़ से हमेशा दूर रहता था।आगे कहा है की गुनाहगार लाख कितना भी दूर भागेगा किंतु एक दिन तो कानून के शिकंजे में आना हीं पड़ेगा। वहीं आगे कहा की गरीब के न्याय आज संजय पांडेय की गिरफ्तारी होने से मिली है। ब्लातकार के आरोपी संजय पांडेय की गिरफ्तारी नहीं होने से भोगता समाज में एक तरफ काफी रोष व्याप्त था। कुछ दिन पूर्व सिमरिया में भोगता खरवार समाज गिरफ्तारी को लेकर विशाल जुलूस कर्बला मैदान में किया था। जहां थाना प्रभारी द्वारा आश्वासन मिला था की अविलंब गिरफ्तारी कर लिया जाएगा। किंतु महज आश्वासन भर हीं रह गया था। जबकि प्राथमिकी दर्ज होने के 9 माह बाद आज तेजतर्रार एवं अपने कर्तव्यों को पालन करते हुए थाना प्रभारी मानव मयंक ने बता दिया की कानून में कोई छोटा बड़ा नहीं होता सभी के लिए इंसाफ बराबर है।

# पीड़ित अब्बास को मिले इंसाफ : हरिकृष्ण



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरवाडीह :** पूर्व विधायक हरिकृष्ण सिंह के बुधवार को बेतला दौरा के दौरान पोखरी कला निवासी पीड़ित अब्बास अंसारी अपनी व्यथा पूर्व विधायक हरिकृष्ण सिंह को सुनाई साथ ही बरवाडीह थाना को दिए गए आवेदन की प्रति सौंप कर इंसाफ़ की पुकार लगाई। जहां आवेदन पत्र के माध्यम से बताया कि हमारी पुत्री मरहूम शहरबानो जिसकी शादी नवंबर 2021 को अबरार अंसारी के पुत्र तौसीफ अंसारी से हुआ था जो वर्तमान में अम्बिकापुर छत्तीसगढ़ में रहते हैं जो कुछ दिनों तक हमारी पुत्री सही तरीके से अपने ससुराल में रह रही थी कुछ दिनों बाद अबरार अंसारी व तौफीक अंसारी द्वारा प्रताड़ित करते हुए चार लाख रुपए की मांग किए। जानकारी के बाद अब्बास अपनी पुत्री को घर वापस ले आए ,इस बीच मोबाइल फोन के माध्यम से लड़की को बार बार प्रताड़ित किया गया और तलाक देने की बात की जिससे तंग आकर वह आत्महत्या कर ली। पत्र में कहा गया कि लड़का के नाना रहीमुद्दीन अंसारी पोखरी कला भी इस मामले में बराबर के जिम्मेदार हैं इनके विरुद्ध हमने बरवाडीह थाना को प्राथमिकी दर्ज कराई। वहीं इस मामले में पूर्व विधायक ने तत्काल थाना प्रभारी से बात की और जांचोपरांत संबंधित लोगों पर कार्रवाई करने की बात कही। थाना प्रभारी राधेश्याम कुमार ने बताया कि हमारे द्वारा इस मामले को गंभीरता से लिया जा रहा है। पूर्व विधायक ने कहा कि पीड़ित अब्बास और उनके परिवार को इंसाफ मिले।

# बिजली की तार को नुकसान पहुंचाने वाले को 18 महीनों का कारावास

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार :** अपर मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी शशि भूषण शर्मा कि अदालत ने बिजली की तार को नुकसान पहुंचाने वाले अपराधी गुप्तेश्वर यादव को अधिकतम 18 महीनों का कठोर कारावास एवं 10 हजार रुपए जुर्माना की सजा सुनाया है।जानकारी के अनुसार कनीय अभियंता अंकित कुमार ने मनिका थाना कांड संख्या 105/ 2021 दिनांक 22 अक्टूबर 2021 को मनिका थाना में मुकदमा दर्ज कराया था। दर्ज मुकदमा में बताया गया था कि आरोपी गुप्तेश्वर यादव गत 22 अक्टूबर 2021 को 11 हजार वोल्ट की बिजली तार के पास स्थित सेमल का पेड़ काट रहा था। पेड़ की टहनी तार पर गिर जाने से 11 हजार लाइन क्षतिग्रस्त हो गया था। मामले की जानकारी मिलने के बाद बिजली विभाग की ओर से प्राथमिकी दर्ज कराई गई थी। अदालत ने मामले पर संज्ञान लेते हुए आरोपी के विरुद्ध दिनांक 12 जनवरी 2024 को भादवि की धारा 427 और 3 डैमेज आफ पब्लिक प्रॉपर्टी एक्ट के तहत आरोप गठन किया था। अभियोजन पदाधिकारी रविंद्र नाथ चौरसिया के द्वारा अदालत में कुल छह गवाहों को पेश किया गया। गवाही के उपरांत श्री शर्मा की अदालत ने गुप्तेश्वर यादव को दोषी ठहराया। श्री शर्मा की अदालत ने भादवि की धारा 427 के तहत एक वर्ष का कठोर कारावास एवं ?5000 जुर्माना एवं जुर्माना नहीं भरने की स्थिति में दो माह का अतिरिक्त कारावास एवं तीन डैमेज आफ पब्लिक प्रॉपर्टी एक्ट के तहत 18 महीनों की कठोर कारावास एवं 10 हजार जुर्माना लगाया है। जुर्माना नहीं देने की स्थिति में चार माह का अतिरिक्त कारावास की सजा सुनाया है।श्री शर्मा की अदालत ने सभी सजाए साथ-साथ चलने का आदेश जारी किया है। मालूम हो इस मामले का स्पीडी ट्रायल कर अदालत ने महज नौ महीनों के अंतराल में मामले को निष्पादित किया है।

# अर्शदुल कादरी कर्नाटक के राज्यसभा सांसद नासिर हुसैन से किया मुलाकात



**बरवाडीह(प्रभात मंत्र संवाददाता):** गुरुवार को रांची में कर्नाटक के राज्यसभा सांसद सैयद नासिर हुसैन के आगमन पर झारखंड अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के प्रदेश महासचिव अर्शदुल ने शिष्टाचार मुलाकात किया इस दौरान उनके नेतृत्व में कांग्रेसी नेता और कार्यकर्ताओं ने राज्यसभा सांसद को फुलमाला व बुके भेंट कर उनका जोरदार इस्तकबाल किया। मौके पर आगामी विधानसभा चुनाव के मद्देनजर राजनीतिक हालातों पर अहम चर्चा की और फिर एक बार झारखंड में गठबंधन की सरकार बनाने की बात की।

# शारदीय नवरात्र के पहले दिन कलशों की स्थापना कर शुरू किया गया पूजा अर्चना



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार :** शारदीय नवरात्र के पहले दिन श्रद्धालुओं ने कलशों की स्थापना कर पूजा अर्चना शुरू की। पहले दिन माता के शैलपुत्री स्वरूप की पूजा अर्चना की गयी।शहर के श्री वैष्णव दुर्गा मंदिर में पुजारी त्रिभुवन पांडेय के सानिध्य में पूजा अर्चना शुरू की गयी। मौके पर बतौर मुख्य यजमान संजय कुमार सपत्नीक व सहयोगी यजमान के रूप में राजेश प्रसाद सपत्नीक मौजूद थे। इसके अलावा नेहा कुमारी, प्रीति कुमारी, आस्था कुमारी, आंचल कुमारी, हिमांशु प्रसाद, रिया कुमारी, निधि कुमारी, आरती कुमारी, सोनम कुमार, अर्पिता कुमारी आदि सहयोगी के रूप में मौजूद थी। इस अवसर पर मंदिर समिति के सचिव आशीष टैगोर, सह सचिव रंजीत कुमार, रविंद्र प्रजापति, कोषाध्यक्ष राजू रंजन सिंह, उज्जवल कुमार, आकाश जायसवाल, पांडेय ने कहा कि नवरात्र के पहले दिन मां दुर्गा के प्रथम स्वरूप यानी मां शैलपुत्री की पूजा-अर्चना की जाती है। आदिशक्ति के इस स्वरूप को सौम्यता, करुणा, स्नेह और धैर्य का प्रतीक माना जाता है।राजा दुर्गा बाड़ी में पुजारी सूर्यदेव उपाध्याय के सानिध्य में पूजा प्रारंभ की गयी।मौके पर मुख्य यजमान के रूप में भानू प्रताप सिंह, मुकेश पांडेय व हरिओम पांडेय सपत्नीक मौजूद थे। इस अवसर पर अध्यक्ष चंद्रप्रकाश सिंह समेंत समिति के अन्य सदस्य मौजूद थे। सार्वजनिक काली मंदिर में प्रथम तिथि को कलश यात्रा निकाली गयी। संतोष मिश्र के सानिध्य में पूजा अर्चना प्रारंभ की गयी।मौके पर यजमान के रूप में भोला प्रसाद सपत्नीक मौजूद थे।रेलवे स्टेशन के सोमेश्वर शिव मंदिर में पुजारी के रूप में मनीष त्रिपाठी व यजमान के रूप में रंजय सिंह व अन्य सपत्नीक मौजूद थे।इस अवसर पर समिति के अध्यक्ष असीम कुमार बाग व अन्य मुख्य रूप से मौजूद थे।

# दुर्गा पुजा को लेकर कलश स्थापना व शारदीय नवरात्र दुर्गा पाठ का हुआ शुभारंभ



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बारियातू :** प्रखंड मुख्यालय सहित बटहेट, गडगोमा, बालूभांग, फुलसू, डाढा, टोटी, हेसला, भाटचतरा, राजगुरु, सहित अन्य स्थानों में दुर्गा पुजा को लेकर गुरूवार को कलश स्थापना के पश्चात शारदीय नवरात्र दुर्गा पाठ का शुभारंभ किया गया। प्रखंड मुख्यालय स्थित दुर्गा बाड़ी में आचार्य जनार्दन पांडेय अरविंद मिश्रा, काशी नाथ वैध व पुरुषोत्तम शर्मा ने वैदिक मंत्रों चार के साथ ध्वजारोहण कर कलश स्थापना करवाया। उधर करमा, टोंटी, गडगोमा, गोनिया, ग्राम स्थित दुर्गा पुजा स्थल में दुर्गा पूजा समिति की ओर से आयोजित नौदिवसीय शारदीय नवरात्र का शुभारंभ भव्य कलश शोभा यात्रा के साथ किया गया। कलश यात्रा पूजा स्थल से प्रारंभ होकर ग्राम भ्रमण करते हुए स्थानिय नजदीकी नदी तट पहुंचे जहां, पुजारी उपेन्द्र नाथ पाठक, पंडित जितेंद्र, हिरामण पांडे, के द्वारा वैदिक मंत्रों चार के पश्चात नदी के पवित्र जल कलश में भरकर पुनः पुजा स्थल पहुंची जहां कलश स्थापित किया गया। कलश यात्रा को में मुख्य रूप से जिला परिषद सदस्य रमेश राम मौजूद रहे। करमा में पूजा समिति अध्यक्ष पिंकू भोगता, सचिव रामू भोगता, सह समिति शम्भू भोगता बबलू सिंह, बिरेंदर केशरी, अशोक भोगता, देवशरण गंझू, नागेश्वर, दिलेश्वर अनरूद, संजीत कुमार सिंह, गणेश भोगता, जयमंगल भोगता, संतोष केशरी, अजय यादव, सहित कई माता रानी के भक्त गण शामिल थे।

# एक ही रात में ताला तोड़कर चार घरों मे नगद सहित लाखों का जवेरात की चोरी

**बारियातू(प्रभात मंत्र संवाददाता):** थाना क्षेत्र के सिबला पंचायत अंतर्गत भाटचतरा व कुसमाहा मे एक दुकान और चार घरों की ताला तोड़कर अज्ञात चोरों ने नगद सहित लाखों की सोना चांदी की जवेरात चोरी कर लिया। भाटचतरा निवासी मनोज साव पिता बिहारी साव के घर के ताला तोड़कर बैग मे रखे नगद 1500 चोरी कर लिया। वहीं भाटचतरा निवासी कृष्णा साव पिता स्व चन्द्रदेव साव का राशन दुकान का दरवाजा तोड़कर दुकान मे गला रखने के लिए बने डरावर को काटकर 7 हजार नगद निकाल लिया गया। कुशमाहा ग्राम निवासी मनोरंजन ठाकुर, राजेश ठाकुर, प्रमोद ठाकुर तीनो भाई का पिता स्व रुपलाल ठाकुर का घर का ताला तोड़कर लगभग 1 लाख 60 हजार का सोना चांदी का ज़ेवर व 20 हजार नगद चोरी कर लिया । वहीं प्रमोद ठाकुर का घर ताला तोड़कर चोरी कर ली गई है। प्रमोद ठाकुर सभी परिवार को लेकर रांची मे मजदूरी करने का काम करता है। प्रमोद ठाकुर रांची मे रहने के करण उसका चोरी का आंकलन नहीं हो सका। ग्रामीणों ने बताया की सुखी तुरी के घर के पास रोड मे बने पुल मे मिक्चर बिस्किट गिरा पड़ा हुआ था। सभी पड़ितों ने घटना को लेकर थाना मे आवेदन दे दिया है पुलिस अग्रेर कार्रवाई मे जुट गई है।

# सड़क निर्माण कंपनी की लापरवाही व मनमानी के विरुद्ध पूर्व विधायक ने डीसी को लिखा पत्र, जताई चिंता

- प्रतिदिन हो रहे सड़क दुर्घटना में आमजन का जीवन हो रहा क्षति
- लगातार बढ़ रही है मौत संख्या, कंपनी पर हो कानूनी कार्रवाई




प्रभात मंत्र संवाददाता

**बरही :** चौपारण से बरही के बीच फोर लेन सड़क निर्माण में लगे निर्माण कंपनी की मनमानी एवं लापरवाही के कारण आए दिन हो रहे सडक दुर्घटनाओं पर अपनी चिता प्रकट करते हुए पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव ने हजारीबाग डीसी व एसपी को लिखा पत्र। श्री यादव ने कहा कि निर्माण कंपनी एवं एजेंसी के द्वारा जहाँ तहां सडक को काट कर छोड दिया गया व सड़क सुरक्षा नियमो की अनदेखी किया जा रहा है। जिससे प्रतिदिन हो रहे सड़क दुर्घटना में आम जन का जीवन क्षति हो रही है। पूर्व विधायक ने कहा कि प्रत्येक माह 15 - 20 व्यक्तियों की मृत्यु सडक दुर्घटना के कारण हो रही है। यह एक गंभीर एवं चिंता का विषय है। सड़क निर्माण कंपनी और एजेंसी पर कार्रवाई नही की गई तो और कितने लोगों को दुर्घटनाओं से मौत का शिकार होना पड़ेगा। पूर्व विधायक ने एनएच के अधिकारियों व सड़क निर्माण कंपनी व एजेंसी के अधिकारियो के साथ बैठक कर समस्या का निदान किया जाए। दनुवा व रसोइया धमना में सड़क दुर्घटना दो की मौत, तीन घायल पूर्व विधायक ने कहा कि 2-3 अक्टूबर 2024 की रात्रि दनुवा घाटी में सड़क दुर्घटना में ग्राम दनुआ में एकं टेम्पो के उलट जाने के कारण एक व्यक्ति मनोज केशरी उम्र लगभग 51 वर्ष पिता बासुदेव केशारी ग्राम दनुआ की मृत्यु हो गयी । पुनः उसी रात्री बरही रसोइया धमना मोड़ के निकट कुंदन पण्डेय, होमगार्ड जवान की सड़क दुर्घटना में मृत्यु हो गयी ।उसी दिन सुबह टेम्पो से चौपारण से बरही की ओर पढ़ाई करने जा रही तीन बच्चियों रानी कुमारी, राखी कुमारी एवमं एक अन्य बच्ची सड़क दुर्घटना में घायल हो गई। पूर्व में भी इसकी सूचना एन0ए च0ए0आईत्न के अधिकरियं एवं रोड कन्ट्रकशन ÷एजेन्सी को दी जा चुकी है कि एन0एच0ए0आईत्न एवं रोड क्ट्रकशन. एजेन्सी की लापरदाही के कारण ये सड़क दुर्घटनाएँ हो रही है - बरही अनुमण्डल के वायुमण्डल में एक प्र्न तैर रहा है जिसका जवाब जनता जिला प्रशासन से मॉग रही है कि कब तक और कितने निर्दोष जन., सामान्य को फोर लेन सड़क बनाने वाले एजेन्सी की लापरवाही एवं मनमानी के कारण दुर्घटना से मौत का शिकार होना पडेगा। यह भी प्रश्न उठ रहा है कि क्या कन्स्ट्रक्शन एजेन्सी को स्थानीय सत्ताधारी दल का संरक्षण प्राप्त है जिसके कारण कोई कारवाई नहीं हो रही है। अतः अनुरोध हैं कि इस समस्या को गंभीरता से लिया जाए एवं एनएचएआई0 के अधिकारियों रोड कन्स्ट्रक्शन एजेन्सी एव पुलिस प्रशासन तथा फोर लेनिन कार्य से संबंधित प्रतिनिधियों के साथ बैठक कर समस्या का निदान करने का कष्ट करेंगें ।

# पीएम मोदी के कार्यक्रम को ऐतिहासिक और सफल बनाने हेतु हजारीबाग सांसद ने सभी को दिया बधाई



प्रभात मंत्र संवाददाता

**हजारीबाग :** बुधवार को हजारीबाग में देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कार्यक्रम को एतिहासिक और सफल बनाने हेतु हजारीबाग सांसद मनीष जायसवाल ने संपूर्ण हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के तमाम भाजपा कार्यकर्ता, आम-जनता, मोदी समर्थक, जनप्रतिनिधि और जिला प्रशासन को बधाई देते हुये आभार जाताया। सांसद श्री जायसवाल ने कहा की पीएम नरेंद्र मोदी ने हजारीबाग जहां विनोबा भावे विश्वविद्यालय परिसर से जहां पूरे देश को कई योजनाओं का सौगात दिया वहीं मटवारी के गांधी मैदान से बीजेपी के परिवर्तन यात्रा का समापन करते हुए आगामी झारखंड विधानसभा चुनाव में ÷रोटी, बेटी और माटी÷ बचाने का संकल्प दिलाया और झारखंड में सत्ता परिवर्तन करने का उलगुलान किया। पीएम मोदी के हजारीबाग आगमन के दौरान आप सभी लोगों ने उन्हें जो प्यार और समर्थन दिया वह अभूतपूर्व है। उन्होंने कहा की इससे पूर्व हजारीबाग में ऐसी भीड़ कभी हजारीबाग के इतिहास में किसी भी सभा में नहीं हुआ था। पीएम मोदी ने विनोबा भावे विश्वविद्यालय से गांधी मैदान तक सड़क मार्ग से पहुंचकर जनभावना का सम्मान भी किया ।

# नवरात्र के प्रथम दिन नारी शक्ति का परिचय देते हुए सेजल सिंह ने किया रक्तदान



प्रभात मंत्र संवाददाता

**हजारीबाग :** नवरात्र के प्रथम दिन,जब पूरे देश में देवी मां की आराधना हो रही थी,तब हजारीबाग यूथ विंग की विशेष प्रयास से हजारीबाग की युवा सामाजिक कार्यकर्ता सेजल सिंह ने मानवता की सेवा का एक बेहतरीन उदाहरण प्रस्तुत किया। उन्होंने नारी शक्ति के प्रतीक स्वरूप, नवरात्र के पहले दिन शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज ऑफ अस्पताल स्थित ब्लड बैंक में रक्तदान कर यह दिखाया कि एक सशक्त नारी अपने कर्तव्यों से कभी पीछे नहीं हटती। यह सेजल का चौथा रक्तदान था, और हर बार की तरह इस बार भी उन्होंने समाज की सेवा में अपनी भूमिका निभाई। इस मौके पर संस्था के कार्यकारिणी सदस्य विकास तिवारी एवं सदस्य शंपा बाला मौजूद रही। हजारीबाग यूथ विंग जरूरतमंदों को रक्त की उपलब्धता सुनिश्चित करना और समाज में रक्तदान के प्रति जागरूकता फैलाने में अपनी अहम भूमिका निभाता है। इस अवसर पर संस्था के संरक्षक चंद्र प्रकाश जैन ने कहा, सेजल सिंह ने नवरात्र के इस शुभ अवसर पर रक्तदान कर यह सिद्ध कर दिया है कि नारी केवल पूजा का नहीं, बल्कि सेवा का भी प्रतीक है। उनका यह चौथा रक्तदान समाज के प्रति उनकी निष्ठा और सेवा भाव का परिचायक है। हमें गर्व है कि हजारीबाग यूथ विंग से जुड़ी सेजल सिंह जैसी युवा हमारे साथ हैं, जो समाज के लिए इस प्रकार के महान कार्य कर रही हैं। संस्था के संरक्षक ने आगे यह भी कहा कि ऐसे कार्य से समाज को नई दिशा मिलती है और रक्तदान के महत्व को समझने के लिए लोगों को प्रेरित किया जाता है। रक्तदान, एक ऐसा कार्य है जो किसी के जीवन को बचाने में अहम भूमिका निभाता है और समाज में एकता और भाईचारे की भावना को और मजबूत करता है। सेजल सिंह ने इस अवसर पर कहा की रक्तदान मेरे लिए केवल एक सामाजिक कर्तव्य नहीं, बल्कि यह मेरे जीवन का महत्वपूर्ण हिस्सा बन चुका है। हर व्यक्ति को अपनी क्षमता के अनुसार समाज की सेवा में योगदान देना चाहिए। नवरात्र के इस पवित्र अवसर पर रक्तदान करना मेरे लिए सौभाग्य की बात है, क्योंकि यह मेरे लिए माँ दुर्गा के आशीर्वाद से कम नहीं है।

**नवरात्रा की शुरुआत, कलश यात्रा में शामिल हुए पूर्व विधायक**

# भक्ति के रंग में सराबोर है,भक्तजन, भक्तो पर माता रानी की कृपा बनी रहे : मनोज यादव



प्रभात मंत्र संवाददाता

**बरही :** सार्वजनिक दुर्गा पूजा समिति गया रोड बरही, पटना रोड बरही और ग्राम करियातपुर मंदिर के प्रांगण से नवरात्रि के प्रथम दिन गुरुवार को श्रद्धालुओं द्वारा गाजे बाजे के साथ कलश यात्रा निकाली गई। कलश यात्रा में शामिल होकर पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव ने क्षेत्र के लोगों के सुख शांति के लिए आशीर्वाद मांगा। कलश यात्रा बरही चौक होते सूर्यमंदिर स्थित नदी घाट पर पहुंची। जहां आचार्य द्वारा जल संकल्पित कराकर मंदिर में कलश स्थापना कराई गई। साथ ही मंधुर्रजन द्वारा सतचंडी यज्ञ की शुरुआत कलश स्थापना कर की गई। नवरात्रा की शुभकामनाएं देते हुए पूर्व विधायक ने कहा कि दुर्गा पूजा को लेकर क्षेत्र में उत्सव का माहौल है। भक्ति के रंग में भक्तजन सराबोर है। माता की कृपा क्षेत्र वासियों पर बनी रहे। मौके पर भाजपा जिला उपाध्यक्ष रमेश ठाकुर, आजसू नेता राज सिंह चौहान, जिला परिषद प्रतिनिधि गुरुदेव गुप्ता, गया रोड पूजा कमिटी के अध्यक्ष उदय केशरी, शिवा निषाद, मुकेश मधेशिया, अभिषेक निषाद, विनोद केशरी, सुजीत कुमार, पप्पू केशरी, शैलेन्द्र कुमार, पटना रोड पूजा समिती भाजपा मण्डल अध्यक्ष भगवान केशरी, पूर्व अध्यक्ष अमित साहू ,भुनेश्वर साहू, दिनेश कुमार उर्फ पप्पू मुखिया, महेंद्र केशरी, राजेश साव, रोहित साव,सुबोध केशरी, राजेश केशरी, अशोक केशरी, प्रदीप पाण्डेय करियातपुर पूजा कमिटी से प्रमोद केशरी, भीम केशरी, कैलाश केशरी, पवन केशरी, किरण वर्मा, चन्दन केशरी, संतोष प्रजापति, धर्मेंद्र प्रजापति, संतोष केशरी, गौतम केशरी, अभिषेक केशरी, शिक्षक राजकुमार रविदास, कमलेश कुशवाहा सहित कई अन्य उपस्थित थे।

# बरही के रसोइया धमना मोड़ पर सड़क दुर्घटना में होमगार्ड जवान की हुई मौत



प्रभात मंत्र संवाददाता

**बरही (हजारीबाग) :** बरही थाना क्षेत्र अंतर्गत रसोईयाधमना मोड के पास जीटी रोड पर बुधवार रात्रि दर्दनाक सड़क हादसा हुआ। हादसा करीब एक बजे के आसपास हुई। हादसे में एक बाइक सवार युवक का मौत हो गया। घटना के सम्बंध में बताया जाता है कि एक अज्ञात वाहन ने एक बाइक को अपने चपेट में लेते हुए फरार हो गया। इस दुर्घटना में बाइक पर सवार होमगार्ड का जवान का मौत हो गया। मृत होमगार्ड जवान का पहचान चतरा जिले के मयूरहंड थाना का 30 वर्षीय कुंदन कुमार पंडा (पिता पारस पंडा) के रूप में हुई। बताया जाता है की उक्त होमगार्ड का जवान चंदवारा क्षेत्र अंतर्गत स्थित डीवीसी में कार्यरत था, अचानक उन्हें सूचना मिली कि उनकी माता गंभीर रूप से बीमार है, जिसे देखने वे अपनी बाइक से रात्री में ही कोडरमा से अपने घर जा रहे थे। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम के लिए बरही अनुमंडलीय अस्पताल लाया। पोस्टमार्टम करवाने के बाद शव को उनके परिजनों को सौप दिया, वहीं मामले की छानबीन कर रही है। परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है। इधर मृतक के परिजनों ने बरही थाना में अज्ञात वाहन पर मामला दर्ज करवाया है।

# ढेंगुरा में ग्रामीणों ने लिया धूमधाम से दुर्गा पूजा मनाने का संकल्प



**हजारीबाग (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** कटकमदाग प्रखंड के ग्राम ढेन्गुरा मे ग्रामीणों ने इस वर्ष से दुर्गा पूजा धूमधाम से मनाने का निर्णय लिया है । जिसके तहत श्री सार्वजनिक दुर्गा पूजा महोत्सव शिव शक्ति क्लब ढेंगुरा की ओर से नवरात्रि के प्रथम दिन कलश स्थापना करने के पूर्व प्रथम कलश यात्रा निकाला गया। यह कलश यात्रा सुबह 9ञ्00 बजे दुर्गा मंडप ग्राम ढेंगुरा से गाजेबाजे के साथ विधि विधान पूर्वक निकाला गया। इस संबंध मे सार्वजनिक दुर्गा पूजा महोत्सव शिव शक्ति क्लब के वरिष्ठ सदस्य दिलीप राणा ने बताया कि ग्रामीणों ने इस वर्ष से ग्राम डूंगरा में दुर्गा पूजा धूमधाम से मनाने का निर्णय दिया है जिसकी तैयारी काफी समय से की जा रही थी यह त्यौहार हर्षोल्लास व भक्तिमय वातावरण में मनाया जाएगा। कलश यात्रा मे मुख्य रूप से हजारीबाग की भाजपा के महिला मोर्चा की जिला अध्यक्ष जिला मनोरमा राणा, भाजपा नेता प्रदीप प्रसाद , श्रद्धानंद सिंह , विक्रम राणा ऋषिकांत राय जगन्नाथ मंडल शामिल थे। वहीं इनके अलावे सार्वजनिक दुर्गापूजा शिव शक्ति क्लब अध्यक्ष सूरज गोप कोषाध्यक्ष महेंद्र प्रसाद राणा सचिव गोपाल गोप एवं समस्त हिंदू समाज कार्यक्रम में शामिल थे।

# केरेडारी प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न हिस्सों में निकाला गया कलश यात्रा, शामिल हुई अंबा प्रसाद



**केरेडारी (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** शारदीय नवरात्र के अवसर पर केरेडारी प्रखंड क्षेत्र के सलगा, बेलतू, पतरा खुर्द व पहरा में कलश स्थापना के अवसर पर निकाली गई भव्य कलश यात्रा में विधायक अंबा प्रसाद शामिल हुई। इस दौरान पूजा समिति द्वारा विधायक अंबा प्रसाद को चुनरी ओढ़ाकर सम्मानित किया गया। विधायक अंबा प्रसाद ने कलश यात्रा में शामिल महिलाओं एवं बुजुर्गो का आशीर्वाद प्राप्त किया वहीं कलश धारण किए बच्चियों के साथ क्षेत्र के विभिन्न हिस्सों का भ्रमण किया। वहीं पहरा में पूर्व मंत्री योगेंद्र साव ने भी पूजा अर्चना किया एवं कलश यात्रा में शामिल होकर पूरे गांव का भ्रमण किया। विधायक अंबा प्रसाद व पूर्व मंत्री योगेंद्र साव ने क्षेत्र वासियों के सुख समृद्धि एवं खुशहाली तथा मां दुर्गा से क्षेत्र वासियों का कल्याण करने हेतु प्रार्थना किया।

# केरेडारी में बने प्रेस क्लब के भवन का विधायक अम्बा प्रसाद ने किया उद्घाटन



**केरेडारी (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** प्रखण्ड कार्यालय परिषर में विधायक मद से बने प्रेस क्लब के भवन का उद्घाटन गुरुवार को बड़कागांव विधायक अम्बा प्रसाद ने फ़ीता काट कर व नारियल फोड़कर किया। इस अवसर पर इस भवन में वैदिक मंत्रोचार के साथ पूजा अर्चना भी किया गया। उद्घाटन के बाद लोगों को संबोधित करते हुए अम्बा प्रसाद ने कहा की मैं क्षेत्र के लोगों की सेवा के लिए हर समय समर्पित हूँ। केरेडारी के पत्रकारों के द्वारा लंबे समय से सामुदायिक भवन की मांग की जा रही थी और अब ये भवन बन कर तैयार हुआ है। पूजन के बाद क्षेत्र के कई प्रशासनिक पदाधिकारियों,जनप्रतिनिधियों व सैकड़ों लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। मौके पर प्रमुख सुनीता देवी,उपप्रमुख अमेरिका महतो,विधायक प्रतिनिधि सुरेश साव,थाना प्रभारी अजित कुमार,पूर्व मुखिया तापेश्वर साव,प्रेस क्लब अध्यक्ष मनोज वर्मा,कांग्रेस प्रखण्ड अध्यक्ष रविन्द्र गुप्ता,आजसू प्रखण्ड अध्यक्ष बैजनाथ महतो,पत्रकारों में मुकेश कुमार,अरुण यादव,सुमंत साहा,अवधेस यादव,इंद्रजीत गिरी,अशोक बंटी राज,रवि कुमार मिश्रा,अमित माली,सुरेश मिश्रा, रोहित गोस्वामी,अशोक राणा,ज्ञान पासवान,सनोज कुमार समेत कई लोग मौजूद थे।

# फ्रेंड्स क्लब नॉक आउट फुटबॉल टूर्नामेंट का शानदार समापन, नवयुवक क्लब ओरिया ने खिताब पर जमाया कब्जा



प्रभात मंत्र संवाददाता

**हजारीबाग :** सिलवार पंचायत के सिलवार कला गांव में आयोजित फ्रेंड्स क्लब नॉक आउट फुटबॉल टूर्नामेंट का शानदार समापन हुआ। इस टूर्नामेंट में कुल 64 टीमों ने हिस्सा लिया, जिसमें प्रथम पुरुस्कार 25000 रुपए और बड़ा सिल्ड, द्वितीय पुरस्कार 15000और सिल्ड रखा गया था जिसमें ओरिया टीम और एफसी हजारीबाग के बीच रोमांचक फाइनल मुकाबला खेला गया।जिसमें विजेता टीम नवयुवक क्लब ओरिया रही और उप विजेता आरएफसी हजारीबाग रही। दोनों विजेता और उपविजेता टीम को मुन्ना सिंह ने सील्ड , मेडल और पुरस्कार की राशि देकर सम्मानित किया। मुख्य अतिथि मुन्ना सिंह ने इस मौके पर अपने संबोधन में कहा,की ÷खेल हमारे युवाओं के जीवन में अनुशासन, स्वास्थ्य और नेतृत्व क्षमता को बढ़ाने का एक महत्वपूर्ण साधन है। इस तरह के आयोजन युवाओं को सही दिशा देने के साथ-साथ उन्हें प्रदेश और देश का नाम रौशन करने का अवसर प्रदान करते हैं। उन्होंने सभी खिलाड़ियों को भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी और कहा कि वह हमेशा खेल और युवाओं को प्रोत्साहित करने के लिए तत्पर रहेंगे। समापन समारोह में कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे, जिनमें मुख्य रूप से सदर उप प्रमुख रविकांत सिंह जिला परिषद सदस्य सुनिता देवी जिला परिषद प्रतिनिधि महेंद्र राम विहारी, 20 सूत्री अध्यक्ष बबलू मेहता , सिलवार पंचायत समिति सदस्य बसंत रविदास, मुखिया रूकमनी देवी, मुखिया प्रतिनिधि उमेश प्रसाद, बैहरी पंचायत के मुखिया पप्पू यादव, सिंदूर पंचायत की मुखिया सरोजा देवी, वार्ड सदस्य गिरजा देवी , चिंता देवी, तारा देवी, छोटन शर्मा, शर्मा कुमारी , रीता देवी, छोटन राणा, रवि कुमार रजक, सोनू अंसारी, सबीर अली, रविन्द्र कुशवाहा, विरजु रविदास दिवाना, डा रवि , गुंजन, अशिष कुमार, तरूण कुमार, प्रदिप प्रजापति, सुखदेव प्रजापति , गौतम कुशवाहा, रविन्द्र कुशवाहा, प्यारे कुमार, दिनेश यादव सुजीत सिंह पप्पू यादव,इसके अलावा, विभिन्न वार्ड सदस्य और स्थानीय नेता भी कार्यक्रम में मौजूद रहे। टूर्नामेंट के दौरान खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट खेल कौशल का प्रदर्शन किया। फाइनल मैच में ओरिया टीम और एफसी हजारीबाग के बीच कड़ा मुकाबला देखने को मिला, जिसने दर्शकों को रोमांचित कर दिया। ओरिया की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए टूर्नामेंट का खिताब अपने नाम किया। विजेता और उपविजेता टीमों को पुरस्कार और ट्रॉफी से सम्मानित किया गया। इस भव्य आयोजन से पूरे क्षेत्र में खेल भावना और युवा प्रोत्साहन का संदेश गया, जिससे ग्रामीणों और खिलाड़ियों में भारी उत्साह देखा गया।

# डीवीसी मे स्वच्छता ही सेवा अभियान के अंतर्गत कई प्रकार का गतिविधियों का आयोजन



प्रभात मंत्र संवाददाता

**हजारीबाग :** स्वच्छता ही सेवा 2024 अभियान के अंतर्गत डीवीसी हजारीबाग परियोजना ने 17 सितंबर से 30 सितंबर 2024 तक कई स्वच्छता गतिविधियों का आयोजन किया। इन कार्यक्रमों का उद्देश्य स्वच्छता के प्रति जागरूकता फैलाना और समाज में स्वच्छता के महत्व को स्थापित करना था। इस संबंध मे जानकारी दी गई की इन गतिविधियों की शुरुआत स्वच्छता ही सेवा शपथ ग्रहण समारोह आयोजित कर किया गया, जिसमें सभी अधिकारियों और कर्मचारियों ने स्वच्छता का संकल्प लिया। जिसके बाद÷एक पेड़ मां के नाम÷ अभियान का आयोजन किया गया, जिसके तहत वृक्षारोपण कार्यक्रम संपन्न हुआ।फिर डीवीसी मंदिर प्रांगण की सफाई अभियान का संचालन किया गया, जिसमें श्रमदान के माध्यम से पूरे क्षेत्र की सफाई की गई। वही 19 सितंबर को केन्द्रीय कार्यालय भवन के छत की सफाई की गई, जिससे स्वच्छ और सुरक्षित वातावरण सुनिश्चित हो सके। 20 सितंबर कार्यालय के प्रवेश द्वार के आसपास सफाई की गई।21 सितंबर आईबी/डीबी में कचरे के कंटेनरों की सफाई और रख रखाव किया गया। 24 सितंबर दाघानि परिसर से झील तक स्वच्छता रैली और श्रमदान का आयोजन किया गया, जिसमें कर्मचारियों और अधिकारियों ने भाग लिया।27 सितंबर स्वच्छता मित्र, आकस्मिक श्रमिकों, ठेकेदारों और आपूर्ति श्रमिकों के लिए एक स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। अंतिम मे सफाई मित्रों का सम्मान समारोह सह समापन समारोह का आयोजन कर इस पूरे कार्यक्रम का समापन किया गया जिसमें में मुख्य अतिथि संजय कुमार, निदेशक(भूसंवि) व परियोजना प्रधान थे एवं विशिष्ट अतिथि में अमित कुमार शील, वरिष्ठ महाप्रबंधक(वि.), डॉ. अशोक कुमार, उप मुख्य चिकित्सा अधिकारी थे । मुख्य अतिथि संजय कुमार ने इस मौके पर कहा कि यह अभियान स्वच्छता के प्रति जागरूकता फैलाने और सामूहिक जिम्मेदारी का संदेश देने में अत्यधिक सफल रहा। डीवीसी हजारीबाग इस तरह के अभियान भविष्य में भी निरंतर आयोजित करता रहेगा। इसके बाद सफाई मित्रों को मुख्य अतिथि संजय कुमार एवं विशिष्ट अतिथियों द्वारा अंगवस्त्र तथा उपहार देकर सम्मानित किया गया । राहुल रंजन, प्रबंधक (मासं) ने कार्यक्रम का संचालन करते हुए अंत में आभार प्रदर्शन किया । सम्पूर्ण कार्यक्रम में सुनील कुमार ने कुशलतापूर्वक सहयोग दिया । इस कार्यक्रम में डी0वी0सी0 हजारीबाग परियोजना के अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया । प्रमुख रूप से सुमन भौमिक, सुजीत नारायण, दिपक कुमार, विकास कुमार, अमन रजत पुर्ति, रविन्द्र मुंडा, ए. के. मौर्या, धीरज कुमार, मदन कुमार, संजय कुमार ठाकुर, संदीप पाल, गुरूपदो राय, शंकर सिंह, आदि उपस्थित थे ।

# महाराजा अग्रसेन जयंती के मौके पर भव्य शोभायात्रा का आयोजन



प्रभात मंत्र संवाददाता

**हजारीबाग ।** मारवाड़ी अग्रवाल समाज के द्वारा बड़े ही धूमधाम से महाराजा अग्रसेन की जयंती मनाई गई। इस अवसर पर गुरुवार को अग्रसेन भवन की सभागार में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन हुआ जिसमें सर्वप्रथम महाराजा अग्रसेन की पूजा अर्चना की गई जिसके बाद समाज के बुजुर्ग अभिभावकों को सम्मानित किया गया व अग्रसेन भवन के सभागार से भव्य शोभायात्रा निकाली गयी जो शहर की विभिन्न चौक चौराहा से गुजरते हुए अग्रसेन भवन सभागार पहुंचकर समाप्त हुई। शोभा यात्रा में विशेष झांकी महिषासूर मर्दिनी माँ दुर्गा, जिन्होने महिषासुर नामक राक्षस का वध कर उसके अत्याचारों से देवताओं को मुक्ति दिलाई की प्रस्तुति की गई। इस प्रस्तुति से समाज के बच्चों ने अपनी कला से लोगों का मन मोह लिया। संध्या 6:00 बजे अग्रसेन भवन के सभागार में समापन समारोह एवं पुरस्कार वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। अग्रसेन जयंती महोत्सव के दौरान विभिन्न प्रतियोगिताओं का भी आयोजन किया गया एवं उत्कृष्ट लोगों को सम्मानित किया गया। यह जानकारी समाज के मीडिया प्रभारी अभिषेक चौधरी ने दिया। शोभायात्रा अग्रसेन भवन से प्रारंभ होकर बड़ा अखाड़ा,कानी बाजार,महेश सोनी चौक, कुआं चौक, बजरंगी चौक, गोला रोड,महेश सोनी चौक,गोला चौक, जामा मस्जिद रोड, बड़ा बाजार चौक, बंशीलाल चौक, भगत सिंह चौक, कांग्रेस ऑफिस रोड पगोड़ा चौक, झंडा चौक होते हुए पुनः अग्रसेन भवन परिसर पहुंचकर समाप्त हुआ। समाज के मंत्री विनोद झुनझुनवाला ने इस मौके पर कहा कि अग्रसेन जयंती का यह आयोजन हमारे लिए सिर्फ एक उत्सव नहीं, बल्कि समाज की एकजुटता और सेवा का प्रतीक है। उन्होंने कहा, महाराज अग्रसेन ने हमेशा समृद्धि और परोपकार पर जोर दिया। हम उनके सिद्धांतों का अनुसरण करते हुए समाज के हर वर्ग के कल्याण के लिए कार्य कर रहे हैं। साथ ही कहा की अग्रसेन जयंती को विशेष रूप से भव्य बनाने का उद्देश्य समाज के युवाओं को महाराज अग्रसेन के आदर्शो से जोड़ना है। उन्होंने कहा, हमारा प्रयास है कि युवाओं में सेवा और सहयोग की भावना का विकास हो। महाराज अग्रसेन ने एक ईट, एक रुपया का सिद्धांत अपनाकर समाज में आर्थिक और सामाजिक समानता का मार्ग दिखाया था। आज हमें उसी मार्ग पर चलते हुए समाज की बेहतरी के लिए काम करना है।

# भाजपा नेता डॉ. अमित सिन्हा ने नवरात्रि पर लिया मौन साधना का संकल्प



प्रभात मंत्र संवाददाता

**हजारीबाग :** भाजपा नेता डॉ. अमित सिन्हा ने प्रत्येक वर्ष की तरह इस वर्ष भी नवरात्रि के प्रथम दिवस पर माँ शैलपुत्री की पूजा-अर्चना के साथ नौ दिवसीय मौन साधना का संकल्प लिया। हजारीबाग के प्रसिद्ध भगवान नरसिंह स्थान मंदिर में माँ शैलपुत्री की आराधना के पश्चात, उन्होंने माँ अष्टभुजी के कंड़ाबेर स्थित मंदिर में भी दर्शन किए और माँ के श्रीचरणों में शीश नवाकर आशीर्वाद प्राप्त किया। ज्ञात हो कि डॉ.सिन्हा विगत कई वर्षो से मौन साधना करते आ रहे हैं. कागज और कलम के माध्यम से उन्होंने यह बताया कि यह साधना मात्र एक व्यक्तिगत आध्यात्मिक अनुष्ठान नहीं है, बल्कि पूरे ब्रह्माण्ड की मंगलकामना और संपूर्ण सृष्टि की सुख-शांति एवं समृद्धि के लिए समर्पित है। नौ दिनों तक मौन रहकर साधना करने का उनका संकल्प उनकी आत्मशुद्धि, मन की स्थिरता, और ब्रह्माण्ड में सकारात्मक ऊर्जा के प्रसार का प्रतीक है। डॉ. सिन्हा जैसे युवा चेहरों का आध्यात्मिकता की ओर रुझान यह दर्शाता है कि आने वाली पीढ़ी न केवल समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति के उत्थान के लिए संकल्पित है, बल्कि वे समाज में सकारात्मक बदलाव लाने के लिए भी तत्पर हैं। उनके कार्यों में जहाँ एक ओर समाजसेवा की भावना झलकती है, वहीं दूसरी ओर आध्यात्मिकता और लोक कल्याण के प्रति उनकी प्रतिबद्धता स्पष्ट रूप से दिखाई देती है। युवा समाजसेवियों का इस प्रकार आध्यात्मिकता की राह पर चलना हमारे समाज के लिए एक प्रेरणा है। यह दर्शाता है कि देश का भविष्य न केवल आर्थिक या सामाजिक दृष्टि से समृद्ध होगा, बल्कि आध्यात्मिक और नैतिक मूल्यों से भी परिपूर्ण रहेगा। डॉ. अमित सिन्हा की यह साधना हमें यह संदेश देती है कि समाज के उत्थान के लिए बाहरी प्रयासों के साथ-साथ, आत्मशुद्धि और मन की स्थिरता भी आवश्यक है। ऐसे युवा चेहरों के नेतृत्व में हमारा समाज न केवल विकास की नई ऊँचाइयों को छुएगा, बल्कि सुख, शांति और समृद्धि की ओर भी अग्रसर होगा।

प्रभात मंत्र
e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com



## जमीन विवाद मामले में ग्रामीण और जिला प्रशासन आमने सामने



**रामगढ(प्रभात मंत्र संवाददाता):** थाना रामगढ़ क्षेत्र के झारखंड इस्पात प्राइवेट लिमिटेड व इंडेक्शन प्लांट के पीछे जमीन पर बाउंड्री बनवाने के लिए रामगढ़ प्रशासन पुलिस बल के साथ पहुंचा। सूचना मिलने के बाद हेसला कानाटाड़ के ग्रामीण भी मौके पर पहुंचने लगे, ग्रामीण महिलाओं ने बताया कि झारखंड इस्पात इंडक्शन फैक्ट्री के पीछे 2 एकड़ से भी अधिक जमीन हम लोगों की है, जिसका मामला कोर्ट में चल रहा है, लेकिन फैक्ट्री प्रबंधन प्रशासन की मदद से उक्त जमीन पर दीवार बनवाने का काम कर रहा है । वहीं प्रशासन के अधिकारियों ने भी ग्रामीणों को आश्वासन देते हुए कहा कि कोर्ट के फैसले आने के बाद जमीन के हकदार जो भी होंगे सकारात्मक कार्रवाई की जाएगी। ग्रामीणों ने बताया कि हम लोगों को कई प्रकार के भय भी दिखाए गए, ग्रामीणों की ओर से कुछ समाजसेवी रामगढ़ प्रशासन के वरीय अधिकारियों से मिलकर विवादित जमीन के विषय में अपनी बातें रखीं, साथी ही दो दिनों के अंदर जमीन के पेपर दिखाने की बातें कहीं जा रही थी, बताया जाता है कि बीते 27 जुलाई को एसडीओ कोर्ट से निर्देश रामगढ़ प्रखंड प्रशासन व थाना रामगढ़ को पत्र द्वारा झारखंड इस्पात के पीछे वाली जमीन के जांचों प्रांत उचित कार्रवाई का निर्देश दिया गया था।

## उत्पाद कार्यालय द्वारा चलाया गया सघन छापामारी अभियान



**रामगढ़(प्रभात मंत्र संवाददाता):** दिनांक 02.10.2024 एवं 03.10.2024 को ड्राई डे एवं दशहरा पर्व के मद्देनजर उपायुक्त रामगढ़ चंदन कुमार के निर्देशानुसार सहायक आयुक्त उत्पाद सुनील कुमार चौधरी के द्वारा उत्पाद बल एवं सशस्त्र गृहरक्षकों के सहयोग से जिले के विभिन्न क्षेत्रों अंतर्गत सघन व व्यापक छापामारी अभियान चलाया गया। छापामारी अभियान के दौरान गोला थाना अंतर्गत शोभा लाईन होटल, पुराना सिरका एवं रजरप्पा थाना अंतर्गत मुरुबन्दा एवं रामगढ़ थाना अंतर्गत होटल टी एंड ट्रीट, महादेव होटल, लवली होटल, थालसा होटल, सम्राट होटल, राधा लाईन होटल आदि जगहों से छापामारी कर 48 बोतल बीयर, 10 पीस केन बीयर एवं 50 बोतल विभिन्न ब्रांडों के विदेशी शराब सहित कुल 36 लीटर अवैध बीयर एवं 12 लीटर अवैध विदेशी शराब बरामद किया गया । उक्त छापामारी अभियान में शोभा होटल से जीतू महथा, लवली होटल से लवली साव एवं थालसा होटल से कमल किशोर तिग्गा को गिरफ्तार किया गया। जबकि मुरुबन्दा के रविन्द्र कुमार, पुराना सिरका के योगेंद्र महतो, सम्राट होटल के संचालक भीम कुमार कुशवाहा एवं थालसा होटल के संचालक विजय कुमार कच्छप के विरुद्ध उत्पाद अधिनियम की विभिन्न धारा 47(ड्ड) एवं अन्य धाराओं के तहत फरार अभियोग दर्ज किया गया है। इस अभियान में उत्पाद अवर निरीक्षक कांग्रेश कुमार एवं अधीनस्थ सशस्त्र गृहरक्षक के जवान शामिल थे।

## मां दुर्गे से किया क्षेत्र की सुख-समृद्धि एवं उन्नति की कामना : चंद्रप्रकाश



**रजरप्पा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** मां दुर्गे की आराधना का महापर्व शारदीय नवरात्र गुरुवार से प्रारंभ हो गया। नवरात्र को लेकर गिरिडीह सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी अपनी धर्मपत्नी रामगढ़ विधायक सुनीता चौधरी के साथ रांची स्थित आवास में कलश स्थापना कर विशेष पूजा-पाठ एवं धार्मिक अनुष्ठान करने में जुटे रहे। नवरात्र के प्रथम दिन सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी एवं विधायक सुनीता चौधरी ने मां दुर्गा के प्रथम स्वरूप माता शैलपुत्री की आराधना की और मां भगवती से रामगढ़ विधानसभा क्षेत्र सहित संपूर्ण झारखंड वासियों के सुख-समृद्धि एवं उन्नति की कामना की। इस दौरान आचार्य गोपाल बाबा व पंडित राम शरण द्वारा पूरे विधि-विधान से वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ पूजा-अर्चना कराकर मां दुर्गा की आरती कराई गई। सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी और विधायक सुनीता चौधरी ने तमाम लोगों को अपनी ओर से नवरात्रि की शुभकामनाएं दी। मौके पर ईशान चौधरी, पीयूष चौधरी, सोनल प्रिया, विनय कुमार, नीरज मंडल, अनिता सिन्हा सहित कई मौजूद थे।

## भाकपा-माले का एक दिवसीय कन्वेंशन हुई संपन्न



**रामगढ(प्रभात मंत्र संवाददाता):** भाकपा-माले का मांडू विधानसभा बूथ स्तरीय कार्यकर्ताओं की बैठक कुजू गुरुद्वारा हॉल में एक दिवसीय कन्वेंशन संपन्न हुई।भाकपा-माले व मासस की विलय के बाद मांडू विधानसभा में लाल झंडे की दावेदारी मजबूती बनी है।कन्वेंशन का तीन सदस्यीय अध्यक्ष मंडल में सोहराय किस्कू,जानकी शर्मा,महादेव मांझी,फरहरी महतो व कांति देवी थे और मुख्य अतिथि- कॉ0 दिपांकार भट्टाचार्य भाकपा-माले के राष्ट्रीय महासचिव थे।कन्वेंशन का उद्घाटन भाषण कामरेड बैजनाथ मिस्त्री ने किया।कन्वेंशन की शुरुआत नया मोड़ में शहीद राजकुमार उरांव की स्मारक पर महासचिव दीपांकर भट्टाचार्य व राज्य सचिव मनोज भक्त ने माल्यार्पण कर उपस्थित सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने पुष्पांजलि अर्पित किए और वहां से कन्वेंशन हाल तक मार्च किया गया और कन्वेंशन में शहीद राजकुमार उरांव, दिवंगत पहलू करमाली व संगीता देवी अन्य साथियों को एक मिनट का श्रद्धांजलि दी गई।कन्वेंशन में करीब 500 कार्यकर्ताओं की उपस्थिति में दर्जनों कार्यकर्ताओं ने रिपोर्ट प्रस्तुत करने बाद मुख्य वक्ता कॉ0 दिपांकार भट्टाचार्य ने कहा कि-अभी झारखंड में अवसरवाद की राजनीति चल रही है।इस अवसरवादी राजनीति के खिलाफ मांडू विधानसभा को मजदूरों के आंदोलन में बदल दो, किसानों के आंदोलन में बदल दो, आदिवासियों के आंदोलन में बदल दो, छात्र-युवाओं के आंदोलन में बदल दो और महिलाओं के आंदोलन में बदल दो। मांडू विधानसभा व झारखंड की जनता की चाहत और सबों की मेहनत से लाल झंडे की जीत को सुनिश्चित करेंगे।

# कलश स्थापना के साथ शारदीय नवरात्र शुरू, वैद्धिक मंत्रोच्चारण से गूंज रहा छिन्नमस्तिके मन्दिर

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रजरप्पा :** रजरप्पा कोयलांचल सहित आसपास के विभिन्न मंदिरों में विधिवत कलश स्थापना के साथ शारदीय नवरात्रा शुरू हो गया। शारदीय नवरात्रा के प्रथम दिन गुरुवार को मां दुर्गे के प्रथम स्वरूप माँ शैलपुत्री की पूजा अर्चना की गई। पूजा अर्चना के दौरान मंदिरों में श्रद्धालुओं की भारी भीड देखी गई। इस दौरान वैद्धिक मंत्रोच्चारण से पूरा मन्दिर प्रक्षेत्र गूंजयमान रहा। इधर, रजरप्पा स्थित लुगू बाबा आश्रम में भी विधि -विधान के साथ नौ कलशों की स्थापना किया गया। कलश स्थाना से पूर्व अहले सुबह स्नान ध्यान के बाद जलयात्रा





निकालकर गंगा पूजा किया गया। तत्पश्चात गंगा को कलश में भरकार आश्रम लाया गया। यहां वैद्धिक विधि से कलश स्थापना पूजन कर मां शैलपुत्री का आहवान किया गया। साथ हीं यहां मौजूद साधकों द्वारा मां दुर्गा शससशती का पाठ प्रारंभ किया गया। मौके पर मौजूद आश्रमाचार्य रामशरण गिरी बाबा ने बताया कि यहां लगातार नौ दिनों तक भंडारें व रात्रि में भक्ति जागरण किया जाएगा। जिसमें भारी संख्या में लोग मौजूद रहेंगे। इन्होंने कहा कि मां दुर्गे के नौ स्वरूपों को जो भी भक्त सच्चे मन से पूजा करते है मां उन्हें मनोवांछित फल प्रदान करती है।

**फूलों से सजा मां छिन्नमस्तिका का दरबार, दिखा अद्भुत व अलौकिक नजारा**

शारदीय नवरात्र को लेकर देश के प्रसिद्ध सिद्धपीठ रजरप्पा स्थित माँ छिन्मस्तिका मंदिर का विशेष श्रृंगार किया गया है। यहां कोलकाता से मंगाए फूलों से मंदिर को सजाया गया है। इस कार्य मे दो दर्जन मजदूर लगे हुए हैं। जिससे छिन्नमस्तिका मंदिर का नजारा काफी अद्भुत व अलौकिक नजर आ रहा था। वहीं विधुत सज्जा का कार्य भी जोर शोर से किया जा रहा है।

**मां दुर्गे की दूसरे स्वरूप द्वितीय ब्रहाचारणी की पूजा आज**

शारदीय नवरात्रा के दूसरे दिनय शुक्रवार को मां दुर्गे की दूसरे स्वरूप द्वितीय ब्रहाचारणी की पूजा की जाएगी। मां ब्रहाचारणी सबों को कल्याण करने वाली मां है। इसके शरण में आने से हर तरह की मनोकामना पूर्ण होती है। मां के आर्शीवाद से क्षेत्र शांति खुशहाली व सुख सवृद्धि फैलाती है।

## सिरका परियोजना पदाधिकारी और जनता मजदूर संघ सिरका के बीच वार्ता हुआ

**सिरका :** सिरका परियोजना पदाधिकारी और जनता मजदूर संघ सिरका के बीच मजदूरों की समस्याओं को लेकर वार्ता हुआ। जिसमे मजदूरों का प्रमोशन, बिजली, पानी, क्वाटर का मरम्त,बैगा मोड से सिरका तक सड़क, ऑफिस स्टाप को भी सन्डे,नया फर्नीचर, कम्प्यूटर, मशीनों का बेहतर रख रखाव,डम्पर यार्ड मे फेंसिंग वाल,मोटरसाकील के लिए सेड,डोमेस्टिक पाइप लाइन, ऑफिस मे अलग से महिलाओं के लिए शौचालय तथा और भी महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा हुई जिसमे प्रबंधन की तरफ से जल्द से जल्द सारी समस्याओ का निदान करने का आश्वासन मिला यूनियन के तरफ से अरगड़ा क्षेत्रीय अध्यक्ष अवधेश उपाध्या, सचिव दीपक कुमार, शाखा सचिव मनोज पाल, शिव शंकर कुमार,मो. मुख्तार संजय राम, मुना राम,मो. एहसान, आदि थे ।

## उर्दू दिवस से पूर्व जागरूकता अभियान चलेगा और प्रतियोगिताएं होंगी : डॉ शाहनवाज

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रामगढ :** अंजुमन फरोग ए उर्दू, रामगढ़ जिला इकाई की बैठक अल्फातिमा गर्ल्स हाई स्कूल, गोलपार रामगढ़ में संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता मुफ्ती मुहम्मद इजहार ने की और संचालन हाजी रईस खान ने किया। बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित अंजुमन फरोग ए उर्दू के उतरी छोटानागपुर प्रभारी डॉ शाहनवाज खान ने कहा कि उर्दू भाषी, उर्दू हितेषी और उर्दू प्रेमी को नींद से सोए रहने या सिर्फ भाषण देने के बजाय कुछ व्यावहारिक कदम उठाने चाहिए। ऐसा करने से ही उर्दू भाषा का विकास संभव है। अतः उर्दू दिवस से पूर्व जागरूकता अभियान चलाया जाना चाहिए और प्रतियोगिताएं आयोजित होनी चाहिए।बैठक में




निर्णय लिया गया कि रामगढ़ जिले में कि 9 अक्टूबर 2024 से एक महीने का उर्दू जागरूकता अभियान चलाया जाएगा जो 9 नवंबर 2024 तक चलेगा। इस दरमियान उर्दू के महत्व से अवगत कराने के लिए प्रखंड व क्षेत्रीय स्तर की सभाएं की जाएगी और प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएगी। इस अभियान की समाप्ति उर्दू दिवस अर्थात 9 नवंबर 2024 को जिला स्तरीय कार्यक्रम के साथ होगी। आज की बैठक में मौलाना कलीमुद्दीन रिजवी, मौलाना मुहम्मद रजा, मास्टर जहीरूद्दीन, मुहम्मद सलीम, सोहेल अंसारी, मुहम्मद हातिम, इकबाल अहमद, दिलदार अंसारी, सुलतान अंसारी आदि उपस्थित थे।

## सयाल में दिखेगा महाराष्ट्र के श्रीकृष्ण मंदिर का प्रारूप, 60 फीट ऊंचा और 56 फीट चौड़ा पंडाल रहेगा आकर्षण का केंद्र

प्रभात मंत्र संवाददाता

**उरीमारी :** सयाल दुर्गा पूजा कमेटी इस बार पूजा पंडाल में महाराष्ट के श्रीकृष्ण मंदिर का प्रारूप तैयार कर रही है। यह पंडाल आकर्षण का केंद्र रहेगा। इस पंडाल की ऊंचाई 60 फीट और चौड़ाई 56 फिट चौड़ा होगा। इस पंडाल के निर्माण पर 4.5 लाख रुपए खर्च किए जाएंगे। वहीं करीब 1.5 लाख की लागत से विद्युत साज-सज्जा इसकी खूबसूरती में चार चांद लगाएंगी। पंडाल के निर्माण की मूर्त रूप देने के लिए बंगाल के कारीगर दिन-रात लगे हुए हैं। भव्य मूर्ति का निर्माण रांची में 1.21 लाख की लागत से कराया जा रहा है। कमेटी यहां पूजा के साथ-साथ रावण दहन को भी ऐतिहासिक बनाती है। इस बार रावण दहन और आतिशबाजी पर 2.50 लाख रुपए खर्च करेगी। यहां रावण दहन देखने के लिए भुरकुंडा,सौंदा,रीवर साइड,उरीमारी कोयलांचल से 30-40 हजार की



भीड़ पहुंचती है। पूजा मेला में सजी दुकानें लोगों को अपनी ओर आकर्षित करती हैं। सयाल का दुर्गा पूजा का जिले में अपना एक अलग स्थान रखता है। पूजा में उमड़ने वाली भीड़ की निगरानी और सुरक्षा के लिया यहां पर 24 घंटे भुरकुंडा पुलिस के जवान और सीसीएल के सुरक्षा गार्ड तैनात रहते हैं। दशहरा में नवमी के दिन हवन के बाद यहां भंडारा का आयोजन होता है, जिसमें भक्तों के बीच खिचड़ी प्रसाद का वितरण किया जाता है। पूरी कमेटी तन मन धन से पूजा को सम्पन्न कराने में जी-जान से जुटी रहती है। बता दें कि सीसीटीवी कैमरे की निगरानी में रहेगा पूजा पंडाल और बाजार सयाल दुर्गा पूजा में किसी अनहोनी और परेशानी से बचने सहित सुरक्षा के दृष्टिकोण से यहां पर सीसीटीवी इंस्टॉल किया जाएगा। यहां बने कंट्रोल रूम से 24 घंटे इसकी निगरानी की जाएगी। कमेटी के लोग पंडाल और पूजा बाजार की प्रत्येक गतिविधि पर नजर रखते हैं।यहां भी बता दें कि 70 के दशक से यहां हो रही है पूजा-सयाल में दुर्गापूजा का इतिहास करीब 54 साल पुराना है। कोलियरी स्थापित होने के बाद सबसे पहले 70 के दशक में लोग यहां पर तिरपाल टांगकर कर पूजा की शुरुआत किए। श्रद्धालुओं को मिलेगी हर सुविधा-अध्यक्षपूजा समिति के अध्यक्ष परियोजना पदाधिकारी सुबोध कुमार कहते हैं कि यहां आने वाले प्रत्येक श्रद्धालुओं को बेहतर सुविधा दी जाएगी।

## सारूबेरा दुर्गा मंदिर में प्रथम दिन शैलपुत्री की पूजा संपन्न



प्रभात मंत्र संवाददाता

**कुजू :** सारूबेरा बैंक ऑफ़ इंडिया के पास स्थित प्रतिमा स्थापित दुर्गा मंदिर में नवरात्रि पूजा के प्रथम दिन आचार्य मृत्युंजय पांडे एवं शिवकुमार झा के द्वारा वैदिक मंत्र उच्चारण के साथ मां के प्रथम रूप शैलपुत्री की पूजा संपन्न हुई। यजमान के रूप में मंदिर के संरक्षक एवं व्यवस्थापक कुमार महेश सिंह ,उनकी धर्मपत्नी सावित्री देवी एवं सहायक यजमान के रूप में मनोज मिश्रा आचार्य द्वारा बताए गए शैलपुत्री की पूजा विधि विधान के साथ संपन्न किया। जानकारी देते हुए आचार्य मृत्युंजय पांडे ने बताया कि मां के प्रथम रूप शैलपुत्री की पूजा का फल सभी को मिले इसके लिए सार्वजनिक रूप से भी पूजा संपन्न की गई। 9 दिन तक चलने वाली इस पूजा में शाम के समय आरती का कार्यक्रम सुबह शाम प्रत्येक दिन होता है। महेश सिंह ने कहा कि नवरात्रि पूजा का आशीर्वाद सभी को मिले यही मन से प्रार्थना करता हूं। पूजा के कार्यक्रम को सफल बनाने में मेहनत करने वालों में अध्यक्ष राजेश कुमार यादव, सचिन मंगल मुंडा, कोषाध्यक्ष इंदल सिंह, एवं कमेटी के सदस्य के रूप में मनोज मिश्रा, प्रकाश सिन्हा,धनंजय सिंह, राजकुमार चौहान अशोक चौहान, रणजीत चौहान राजीव सिंह,राकेश सिंह, सारूबेरा सैकड़ो की संख्या में समाज के सदस्य मौजूद थे। पूजा के बाद श्रद्धालु मां की पूजा करने के लिए मंदिर पहुंचते रहे, जिसमें स्त्री, पुरुष, बच्चे, नौजवान सभी शामिल थे।

## पीएसएमइ आपरेटरो का आठवे दिन बाद धरना हुआ समाप्त



प्रभात मंत्र संवाददाता

**उरीमारी :** पिछले सात दिनों से चल रही पीएसएमइ कर्मियों कि धरना कोल इंडिया लिमिटेड द्वारा ठेका मजदूरों की न्यूनतम मजदूरी को लागू करने को लेकर आज आठवें दिन गुरुवार को विस्थापित सेल संचालन समिति सौंदा बस्ती, यूनाइटेड कोल वर्कर्स यूनियन तथा सीटू के पहल पर समाप्त हुई। पहल पर सातवें दिन जब पीएसएमइ के कर्मियों से मिलने देर रात सेल संचालन समिति, सौंदा बस्ती के अध्यक्ष नितिश कुमार धरना स्थल पर जाकर हर पहलू पर जानकारी ली। एवं सभी पीएसएमइ कर्मियों द्वारा सभी बात को रखा गया जिसमें प्रमुख मांगों में एचपीसी लागू करना तथा सीएमपीएफ एंड ईपीएफ को काटकर देने कि बात कही गई। जिसके अगले दिन यूसीडब्ल्यू के क्षेत्रीय सचिव विध्यांचल बेदिया, (सीटू) के क्षेत्रीय अध्यक्ष वासुदेव साव, सेल संचालन समिति, सौंदा बस्ती के अध्यक्ष नितिश कुमार, एटक नेता बिनोद मिश्रा सयाल डी परियोजना पदाधिकारी सुबोध कुमार से मिलकर हर पहलू पर सकारात्मक बात हुई। धरने को लेकर आज विस्थापित नेता सह सेल संचालन समिति के कार्यकारिणी अध्यक्ष राजदीप प्रसाद उपाध्यक्ष ललन प्रसाद साहू, अरविंद प्रसाद धरने स्थल पर जाकर उनकी सूद ली। वहीं इस मौके पर ऑपरेटर उत्तम महतो, मंगल मुंडा, मो शाबीर, नरेश मुंडा, अमर कुमार, राकेश रजक, संतोष महतो, अमित कुमार, सुजीत कुमार, जितेंद्र यादव, उमेश बाउरी, निरंजन, पवन कुमार, साजिद रजा, इबरार केसर, भीम रवानी, संजय कुमार, अभिमन्यु साव, विनोद बेदिया, भरत उरांव, प्रशांत कुमार, रामधनी उरांव, बनवारी उरांव, मनीष कुमार, सोहन चौहान, चंदन पासवान, नसीम अंसारी, कृष्णा राम, विनोद बेदिया, सुल्तान अंसारी, अरमान आलम आदि लोग मौजूद थे।

## अंतराज्यीय एटीएम चोर गिरोह के 5 सदस्यों को पुलिस ने किया गिरफ्तार



प्रभात मंत्र संवाददाता

**रामगढ़ :** पुलिस अधीक्षक अजय कुमार ने गुरूवार को प्रेस वार्ता को संबोधित किया। इस मौके पर उन्होंने बताया की 23 अगस्त को प्रातः 2 बजे रामगढ़ गोला रोड वी मार्ट के पास स्थित भारतीय स्टेट बैंक के एटीएम को काटकर वहां से 1 लाख 30 हजार रूपये की चोरी की घटना को अज्ञात चोरों ने अंजाम दिया था। पुलिस अधीक्षक ने बताया की कांड की गंभीरता को देखते हुए त्वरिक अनुसंधान और उदभेदन एवं इसमें शामिल अभियुक्तों की गिरफ्तारी और चोरी गए रूपये और घटना को अंजाम देने में प्रयुक्त सामानों को बरामद करने के लिए पुलिस अधीक्षक ने पुलिस उपाधीक्षक के नेतृत्व में एसआईटी टीम का गठन किया। जांच के क्रम में एसआइटी टीम द्वारा वैज्ञानिक एवं तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर घटना का उदभेदन करते हुए कांड में प्रयुक्त वाहन, चोरी गए रूपये और घटना में शामिल 5 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस अधीक्षक ने बताया की गिरफ्तार अभियुक्तों ने देश के दूसरे राज्यों के कई थानों में कांडों में अपनी संलिप्तता बताया है। पुलिस अधीक्षक ने बताया गि गिरोह में शामिल अपराधी काफी शातिर हैं और योजना बनाकर एटीएम की रेकी करते हैं उसके बाद घटना को अंजाम देते हैं। पुलिस अधीक्षक ने बताया की रामगढ़ में एटीएम से चोरी की गई रूपए में से 1 लाख 20 हजार रूपए अभियुक्तों के पास से बरामद हुए हैं। पुलिस अधीक्षक ने बताया की पुलिस की एक टीम ने आसिफ उर्फ गंजा, उम्र 25 वर्ष, पिता-हारूण उर्फ कालु, सा0-रूपाहेडी, थाना-रोजका मिव, जिला-नूंह, हरियाणा को गिरफ्तार किया।दूसरी ने अविनाश गिरी उर्फ विक्की, उम्र 35 वर्ष, पे-स्व उपेन्द्र नाथ गिरी, सा-नगडीहा, थाना-बनियापुर, जिला-सारण, बिहार, सुनील गिरी, उम्र 30 वर्ष, पे भगवान गिरी, सा-हरपुर छतवा, थाना-बनियापुर, जिला-सारण, बिहार और गुड्डू सिंह, उम्र 25 वर्ष, पे-स्व नागेन्द्र सिंह, सा-नगडीहा, थाना-बनियापुर, जिला-सारण, बिहार को गिरफ्तार किया। जबकि तीसरी ने घटना में शामिल असलम मियां उर्फ बुढ़वा उम्र-53 वर्ष, पिता-लाल मोहम्मद, सा-लिवगंज, पुरानी चट्टी, थाना-शेरघाटी, जिला-गया, बिहार को गिरफ्तार किया। पुलिस अधीक्षक ने बताया की गिरफ्तार अभियुक्तों के पास से एक वर्ना नंबर एचआर72 एच 1700, क्रेटा नंबर जेएच09एजे8372 , क्रेटा जेएच 09एजे8372 ये दोनो नंबर फर्जी, स्कॉर्पियो बीआर01एचवाई3132, 6 मोबाइल और 1 लाख 70 हजार रूपए मरामद किये गये हैं।

## बिहार फाउंड्री एंड कास्टिंग्स लिमिटेड में बच्चों ने दिखाया अपनी प्रतिभा



प्रभात मंत्र संवाददाता

**रामगढ :** बिहार फाउंड्री एंड कास्टिंग्स लिमिटेड के कर्मचारियों के बच्चों ने कंपनी की मरार स्थित फैक्ट्री का दौरा किया और भोजन संरक्षण, प्रकृति संरक्षण और स्वच्छता जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर प्रभावशाली नाटकों का मंचन किया। इन नाटकों का उद्देश्य भोजन की बर्बादी रोकने, पर्यावरण की सुरक्षा और स्वच्छता को बढ़ावा देने जैसे महत्वपूर्ण मुद्दों पर जागरूकता फैलाना था।इस कार्यक्रम में फैक्ट्री के सभी वरिष्ठ अधिकारी और कामगार पूरी तरह से उपस्थित थे। विशेष रूप से, कंपनी के उपाध्यक्ष अनंत शंकर सेठ और वरिष्ठ महाप्रबंधक राकेश कुमार गुप्ता ने बच्चों की इस पहल का समर्थन करने के लिए अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। दोनों अधिकारियों ने प्रस्तुतियों की सराहना की और बताया कि बच्चों ने किस तरह से अपने महत्वपूर्ण संदेशों को प्रभावी ढंग से प्रस्तुत किया। यह कार्यक्रम न केवल दर्शकों का मनोरंजन करने में सफल रहा, बल्कि कंपनी में स्थिरता और जिम्मेदारी के मूल्यों को भी सुदृढ़ करने में सहायक सिद्ध हुआ।ऐसे प्रयास बिहार फाउंड्री एंड कास्टिंग्स लिमिटेड की प्रतिबद्धता को दर्शाते हैं, जो अपने कर्मचारियों और उनके परिवारों के बीच महत्वपूर्ण सामाजिक मुद्दों के प्रति जागरूकता को बढ़ावा देने के लिए समर्पित है, और सामुदायिक सहभागिता और कॉर्पोरेट जिम्मेदारी के प्रति कंपनी की प्रतिबद्धता को भी मजबूत करते हैं।

## कांग्रेस नेता बजरंग महतो ने चलाया जनसंपर्क अभियान



प्रभात मंत्र संवाददाता

**गोला :** गोला प्रखंड के सुदूरवर्ती क्षेत्र ऊपरबरगा में रामगढ़ विधानसभा कांग्रेस पूर्व प्रत्याशी बजरंग महतो जी व पूर्वी क्षेत्र की जिला परिषद सदस्य रेखा सोरेन ने जनसंपर्क किया साथ ही ग्रामीणों के जनसमस्याओं से अवगत हुए और आने वाले 14 अक्टूबर को गोला की धरती में माईया सम्मान यात्रा कार्यक्रम में विधायक कल्पना सोरेन का आगमन होने जा रहा है जिसको लेकर अपील किए ज्यादा से ज्यादा संख्या में लोग गोला पहुंचे साथ सरकार के द्वारा चलाए जा रहे जनकल्याणकारी योजनाओं का धरातल पर कार्य हो रहा है किसानों का 2 लाख कर्ज माफी 200 यूनिट बिजली फ्री मुख्यमंत्री माईया सम्मान योजना का ग्रामीणों ने सराहा की अच्छी पहल के साथ कार्य कर रही है सरकार जिसके लिए आभार व्यक्त किए मौके पर सुधीर दास बाबा अशोक महतो प्रदीप महतो कमलेश कुमार महतो दिलिप महतो ओमप्रकाश गुप्ता मोटू सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित थे।

## दुलमी प्रखंड में नवरात्र का हुआ शुरुआत



प्रभात मंत्र संवाददाता

**रामगढ :** दुलमी प्रखंड में नवरात्र के पहला दिन माँ शेयलपुत्री जी का पुजा हुआ और दुलमी प्रखंड, पोटमदगा, प्रियातु, सिकनी, बेयांग, उरबा, मंदिर मे आज से नवरात्री पुजा शुभारंभ हुआ, सभी भगतो ने मंदिर से होते हुऐ नदी के और जल लाया गया माँ के भगतो ने दिन भर का उपवास कर के माता रानी से मनोकामना के लिए माता रानी घर परिवार से खुशियाँ बना रहे की कामना से रजरप्पा से पहुचे थे पंडीत जी लोकेश बाबा पहुंचे थे और मुख्य पुजारी काली चरण भगत, मुकेश कुमार महतो, मंदिर के पुझर, आयोजन समिति अध्यक्ष रितेश कुमार, सचिव, गगेश कुमार, महतो, कोषाध्यक्ष सुदामा भगत, आदि थे।

# कलश स्थापना के साथ दुर्गा पूजा का नवरात्र आरंभ





प्रभात मंत्र संवाददाता

**खलारी :** आश्विन मास के शुक्ल पक्ष की प्रतिपदा तिथि से शारदीय नवरात्र की शुरुआत होती है। ऐसे में पंचांग के अनुसार, आश्विन मास के शुक्ल पक्ष की प्रतिपदा तिथि को अभिजीत मुहूर्त में गुरुवार की सुबह खलारी कोयलांचल में कलश स्थापना के साथ शारदीय नवरात्र आरंभ हो गया। मंत्रों की ध्वनि और दुर्गा सप्तशती पाठ से क्षेत्र गुंज उठा। पूरे प्रखंड क्षेत्र में करीब एक दर्जन से अधिक जगहों पर मां दुर्गा की स्थापित प्रतिमाओं को पूजा की जा रही है। क्षेत्र के जानकी रमण मंदिर, करकट्टा, धमधमिया, खलारी बाजारटांड़, मोहननगर, डकरा, सुभाषनगर आदि जगहों पर दुर्गा पूजा किया जा रहा है। ब्राह्मणों द्वारा वैदिक मंत्रोच्चार से कलश स्थापना कराया गया। इसके अलावा कई मंदिरों व घरों में भी कलश स्थापना कर मां दुर्गा की पूजा शुरू हुई। मां दुर्गा के प्रथम स्वरूप शैलपुत्री की पूजा अर्चना की गई तथा दुर्गा सप्तशती का पाठ किया गया। करकट्टा दुर्गा मंडप में पं. बृजराज दुबे व जानकीरमण मंदिर में पं. सर्वानन्द दुबे द्वारा विधि-विधान से कलश स्थापना कर दुर्गा पाठ शुरू किया गया। सप्तशती पाठ से वातावरण भक्तिमय हो गया है। इन सभी जगहों पर भव्य प्रतिमा के साथ भव्य पंडाल भी बनाया जा रहा है।

**नवरात्र के पहले दिन मां शैलपुत्री की हुई पूजा, निकाली गई कलश यात्रा**

खलारी। शारदीय नवरात्र के पहले दिन खलारी के सभी पूजा पंडालों में पूरे विधि-विधान के साथ माता दुर्गा के पहले स्वरुप में मां शैलपुत्री की पूजा अर्चना की गई। इस मौके पर खलारी के धमधमिया और मोहननगर पूजा पंडाल में कलश यात्रा भी निकाली गई। बाकी क्षेत्र के सभी पूजा पंडालों में भक्ति गीत बजने शुरू हो गए हैं, जिसके कारण खलारी का पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया है।

## कैम्पस एक्टिववियर ने विक्रांत मैसी को बनाया ऑटम विंटर 2024 कलेक्शन का नया ब्रांड एंबेसडर




**रांची(प्रभात मंत्र संवाददाता):** भारत के सबसे बड़े खेल और एथलेटिक फुटवियर ब्रांडों में से एक, कैम्पस एक्टिववियर, ने भारतीय फिल्म अभिनेता विक्रांत मैसी को अपना नया ब्रांड एंबेसडर घोषित किया है। कैम्पस और विक्रांत मैसी के बीच यह साझेदारी स्टाइल, बहुमुखी प्रतिभा और आत्म-अभिव्यक्ति का एक बेहतरीन मिश्रण है–जो अभिनेता और ब्रांड, दोनों की पहचान का प्रतीक है।विक्रांत मैसी ऑन-स्क्रीन अपनी शानदार परफॉर्मेंस और ऑफ-स्क्रीन अपने आकर्षक और सहज व्यक्तित्व के लिए जाने जाते हैं। उनकी यात्रा, जो टेलीविजन से लेकर समीक्षकों द्वारा प्रशंसित फिल्मों तक फैली है, ठीक उसी तरह है जैसे कैम्पस एक्टिववियर का सफर, जो आज देश के सबसे बड़े एथलेज़र ब्रांड्स में शुमार है। उनके अनूठे व्यक्तित्व और अभिनय का हर पहलू, कैम्पस एक्टिववियर के महत्व और आधुनिक युवाओं के जोश और जुनून से मेल खाता है।कैम्पस एक्टिववियर के सीईओ, निखिल अग्रवाल ने कहा, विक्रांत मैसी का बहुमुखी व्यक्तित्व आज के युवाओं और उभरते कलाकारों के लिए एक प्रेरणा है। उनका सहज आकर्षण और सरलता कैम्पस एक्टिववियर के मूल्यों का प्रतीक हैं। हमारा मानना है कि विक्रांत के साथ यह सहयोग हमारे दर्शकों को अपने व्यक्तित्व को आत्मविश्वास के साथ अपनाने के लिए प्रेरित करेगा, जैसा कि विक्रांत हर दिन करता है। विक्रांत मैसी ने इस साझेदारी को लेकर उत्साह व्यक्त करते हुए कहा, मैंने हमेशा माना है कि स्टाइल किसी व्यक्ति के असली स्वयं का प्रतिबिंब होता है। मैं बेहद खुश हूं कि मुझे कैम्पस एक्टिववियर जैसे स्वदेशी ब्रांड के साथ जुड़ने का मौका मिला, जो न केवल आरामदायक बल्कि फैशन-फॉरवर्ड भी है। यह एक ऐसा ब्रांड है जो आज के युवाओं के लिए फैशन स्टेटमेंट बन चुका है।

## बच्चों के बीच फुटबॉल का वितरण



**खलारी(प्रभात मंत्र संवाददाता):** खलारी के युवा नेता सह समाजसेवी रंजन सिंह बिट्टू ने खेल को बढ़ावा देने के लिये गुरूवार को गुलजारबाग श्रीसाईनगर के बच्चों के बीच फुटबॉल का वितरण किया। मौके पर बिट्?टू सिंह ने बताया कि यहां के बच्चे शुरू से ही खेल के प्रति जागरूक रहे है। बच्चों के पास फुटबॉल नही रहने के कारण वे खेल नही पा रहे थे। इसकी जानकारी मिलने पर उन्होने बच्चों से मिलकर उन्हे खेलने के लिए फुटबॉल दिया। साथ ही बच्चों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि आगे भी खेल के लिए किसी समान का कमी नही होने दिया जायेगा।

## रोहिणी के नए परियोजना पदाधिकारी ने दिया योगदान



**खलारी(प्रभात मंत्र संवाददाता):** रोहिणी परियोजना के नए परियोजना पदाधिकारी अखिलेश्वर प्रसाद ने गुरुवार को योगदान दिया। परियोजना के खान प्रबंधक दीपक कुमार सहित अन्य कई अधिकारी एवं कर्मचारियों ने नए परियोजना पदाधिकारी को बुके देकर, शॉल ओढ़ाकर एवं माला पहनाकर स्वागत किया। परियोजना पदाधिकारी ने इससे पूर्व परियोजना का निरीक्षण कर वर्तमान स्थिति की जानकारी ली। वहीं कार्यालय में अधिकारी एवं कर्मचारियों के साथ परिचय किया। उन्होंने कहा कि सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों के साथ रोहिणी परियोजना का उत्पादन लक्ष्य को हासिल किया जाएगा। साथ ही परियोजना को आगे ले जाने का काम किया जाएगा। इस मौके पर खान प्रबंधक दीपक कुमार, एसपी निगम, जगरनाथ महतो, प्रदीप प्रसाद, आनंद पाण्डेय, साई किरण राव, सतपाल सिंह, रितेश सिन्हा, प्रदीप प्रसाद, सावित्री कुमारी, बबिता कुमारी, चंदा कुमारी, अजय भेंगरा, संजय कुमार, बालमुकुंद पांडे, अखिलेश कुमार, करमी देवी, कीर्तिका कुमारी, मुबारक खान, उमेश कुमार सहित कई कर्मचारी उपस्थित थे।

## कांग्रेस कैंपेनिंग कमेटी की टीम रामगढ़-मांडू में नुक्कड़ सभा आयोजित करेगी

**रामगढ(प्रभात मंत्र संवाददाता):** आज दिनांक 4.10.2024 को झारखंड प्रदेश कांग्रेस कैंपेनिंग कमेटी की टीम राजेश ठाकुर के नेतृत्व में रामगढ़ विधानसभा एवं मांडू विधानसभा मैं नुक्कड़ सभा कर आम जनता से मुखातिब होगी। रामगढ़ विधानसभा में सुबह 11¬00 बजे गोला डीवीसी चौक में सभा का आयोजन होगा, 1¬00 सुभाष चौक रामगढ़ में सभा का आयोजन होगा एवं मांडू विधानसभा में संध्या 4¬00 बजे सभा का आयोजन होगा इस टीम में मंत्री बन्ना गुप्ता, विधायक उमाशंकर अकेला, विधायक जयप्रकाश भाई पटेल, विधायक अंबा प्रसाद, शहजादा अनवर, पुर्व विधायक ममता देवी, धार्मिक न्यास बोर्ड के अध्यक्ष जयशंकर पाठक,गौ रक्षा आयोग के अध्यक्ष राजीव रंजन प्रसाद, रियाज अंसारी, केदार पासवान जेबा खान, जोसाइ मरांडी, शांतनु मिश्रा एवं अरुण सिंह उपस्थित रहेंगे।

## मांडू विधानसभा के भावी विधायक प्रत्याशी डॉ. नजीर अंसारी का चुम्बा में जोरदार स्वागत

**मांडु(प्रभात मंत्र संवाददाता):** मांडू प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत बड़का चुम्बा और मंझला चुम्बा पंचायत के आजाद मोहल्ला और अम्बेडकर क्लब में मांडू विधानसभा के भावी विधायक प्रत्याशी डॉ. नजीर अंसारी ने जनसंपर्क अभियान चलाया। चुम्बा पहुंचने पर जोरदार तरीके से डॉ. नजीर अंसारी का स्वागत किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता अरसद अंसारी और सतेंद्र दास ने की। इस जनसंपर्क अभियान में चुम्बा के निवासियों ने अपनी आशाएँ, चुनौतियाँ और सपने साझा किए। गांव के विकास के लिए महत्वपूर्ण मुद्दों पर गहन चर्चा की गई शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार और महिला सशक्तिकरण पर, डॉ. नजीर अंसारी ने आश्वासन दिया कि चुम्बा की प्रगति माण्डू विधानसभा के विकास का अभिन्न अंग होगी। हमारा संकल्प है कि प्रत्येक बच्चे को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा मिले, हर परिवार को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएँ उपलब्ध हों, युवाओं को रोजगार के अवसर मिलें, महिलाओं को आर्थिक और सामाजिक सशक्तिकरण का मौका मिले, जाति/ जनजाति कल्याण, गाँव में पक्की सड़कें, बिजली और स्वच्छ पेयजल की व्यवस्था हो ! मैं प्रतिबद्ध हूँ कि आपकी हर आवाज सुनी जाएगी और हर समस्या का समाधान किया जाएगा। मौके पर मौजूद सिद्दीक अंसारी, सलमान अंसारी, अरशद अंसारी, कुरबान अंसारी, अलीमुद्दीन अंसारी, आलम, रफीक, सलाम, खतिजा खातून, मुसर्रत प्रवीण, रफीदन निशा, शम्मा प्रवीण और राबिया खातून, विवेक कुमार, करण कुमार, महेंद्र राम, संतोष राम, आदि थे ।

# अड़की में एक 55 वर्षीय व्यक्ति की अज्ञात अपराधियों ने की हत्या, जांच में जुटी पुलिस



प्रभात मंत्र संवाददाता

**खूंटी :** अड़की थाना क्षेत्र के बाड़ीनिजकेल पंचायत के लुपुंगडीह टोला से लगभग 200 मीटर दूर अज्ञात अपराधियों ने 55 वर्षीय विजय मुंडा की पत्थर से कुचकर निर्मम हत्या कर दी।घटना बुधवार रात की बताई जा रही हैं । जानकारी के अनुसार विजय मुंडा हॉकी मैच देखने सोयको थाना अंतर्गत जिलिंगकेला के हितडीह गया हुआ था। मैच देखने के बाद घर वापस लौटने के दौरान इस घटना को अंजाम दिया गया। गुरुवार की सुबह ग्रामीणों ने शव को देखा और पुलिस को सूचित किया। मौके पर एसएसबी उलिहातु एवं अड़की पुलिस तत्काल घटनास्थल पर पहुंचकर जांच शुरू की और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के बाद स्वजनो को सौंप दिया। अड़की पुलिस हत्या के कारणों की गहराई से जांच कर रही है । और अपराधियों की पहचान करने का प्रयास कर रही है । फिलहाल हत्या के कारणों का पता नही लग पाई है । लेकिन स्वजन विजय मुंडा की हत्या के पीछे किसी व्यक्तिगत दुश्मनी की आशंका जता रहे है ।

# रामगढ़ चैम्बर ऑफ कॉमर्स की एक महत्वपूर्ण बैठक आहुत की गई

प्रभात मंत्र संवाददाता



**रामगढ :** रामगढ़ चैम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के सभागार में अध्यक्ष विनय कुमार अग्रवाल की अध्यक्षता में रामगढ़ चैम्बर ऑफ कॉमर्स की एक महत्वपूर्ण बैठक आहुत की गई। जिसमें अध्यक्ष द्वारा बतलाया गया कि विगत दिनों समाचार पत्रो के माध्यम से प्राप्त सुचना के अनुसार रामगढ़ छावनी परिषद का रामगढ़ नगर परिषद में विलय होने के क्रम में रामगढ़ शहर स्थित फुटबॉल मैदान को छावनी परिषद अपने अधीन रखने का प्रयास कर रहा है। फुटबॉल मैदान रामगढ़ शहर के अलावा रामगढ़ जिले की थरोहर है। इसे किसी भी स्थिति में छावनी परिषद के अधीन रखना उचित नहीं होगा। अध्यक्ष श्री विनय कुमार अग्रवाल ने कहा कि जब छावनी परिषद के पास आय का कोई स्त्रोत नहीं होगा तो छावनी परिषद उसका रख रखाव केसे करेगी। अध्यक्ष ने सदन में कहा कि रामगढ़ चैम्बर का प्रतिनिधिमंडल छावनी परिषद के अधिसाशी अधिकारी, जिला के उपायुक्त महोदय, हजारीबाग संसदीय क्षेत्र के सांसद श्री मनीष जयसवाल एवं केन्द्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ से मिलकर अपनी बातों को रखियेगा। अगर उसके बाद भी इस समस्या के संबंध में कोई समाधान नहीं निकलता है तो रामगढ़ चैम्बर ऑफ कॉमर्स उक्त समस्या के लिए आन्दोलन करने के लिए विवश होना पडेगा। आज की बैठक में अध्यक्ष विनय कुमार अग्रवाल के साथ उपाध्यक्ष मंजीत सहानी, मानद सचिव मानु चतुर्वेदी, कार्यकारिणी सदस्य अमरेश गणक, मुरारी लाल अग्रवाल, पुर्व अध्यक्ष प्रदीप कुमार सिंह, आनन्द अग्रवाल (अधिवक्ता) अनुप कुमार (बाबु सहाब) वकिल सिंह, मनजी सिंह, बिमल बुधिया, पंकज तिवारी उपस्थित थे।

# रामगढ़ में फैक्ट्री विस्तार के खिलाफ धरना



प्रभात मंत्र संवाददाता

**रामगढ :** झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा रामगढ़ विधानसभा के वरिष्ठ नेता कुशवाहा पंकज महतो के नेतृत्व में बिहार फाउंड्री एण्ड कास्टिंग लिमिटेड मरार रामगढ़ के निकट महतो टोला में बैठक आयोजित की गई जिसमे प्लांट का विस्तार का विरोध किया।प्लांट के आसङ्कपास की बड़ी आबादी प्रभावित हो रही है और पर्यावरण को बड़ा नुकसान हो रहा है क्षेत्र की जनता के बारङ्कबार आग्रह करने पर भी बड़े पैमाने पर प्रदूषण फैलाया जा रहा है और फेक्ट्री प्रबंधक द्वारा अनसुना किया जा रहा है। फेक्ट्री के आस पास सरकारी गैरमजरुआ , जंगल की जमीन पर लगे पेड़ पौधों को काटकर हटाया जा रहा है वहा पर फेक्ट्री के वाहन खड़े किए जा रहे है साथ ही कारखाने में मजदूरों के साथ शोषण किया जाता है। शिकायत करने पर उनका नोकरी से हटा दिया जाता है। आदि जायज मांगों को लेकर दिनाक 30-09-2024 को झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा के बैनर तले सावेधानिक रूप से एकदिवसीय धरना प्रदर्शन जो किया जाना था वो धरना जिला अध्यक्ष द्वारा स्थागित किया गया था पर जल्द ही बड़ा आंदोलन होगा और सुधार होगा ये लड़ाई हो रहे अन्याय के लिए, माटी के लिए, जल जंगल और जमीन के लिए, विस्थापित नीति के लिए मौके पे उपस्थित अमित महतो, दीपक राय, विजय दुबे, आरिफ राज, अंकित पटेल, सतिया बाबू, रोशन तिवारी, आयुष वर्मा, सुनीता देवी, अनिता देवी और ललिता देवी एवम अन्य लोग मौजूद थे।

# राधा गोविंद विश्वविद्यालय के एनसीसी कैडेट्स के द्वारा चलाया गया स्वच्छता अभियान



प्रभात मंत्र संवाददाता

**रामगढ :** गांधी जयंती के उपलक्ष्य पर राधा गोविंद विश्वविद्यालय 22 झारखंड बटालियन एनसीसी कैडेट्स के द्वारा एनसीसी एएनओ लेफ्टीनेंट डॉ अमन वर्मा के मार्गदर्शन पर सर्वप्रथम विश्वविद्यालय परिसर में साफ- सफाई किया। उसके बाद रामगढ़ शहर के गांधी चौक से होते हुए बिजुलिया तालाब में स्वच्छता अभियान चलाया गया। इस स्वच्छता अभियान के जरिए पूरे शहर को स्वच्छता का संदेश दिया। सभी लोगों ने एनसीसी कैडेट्स को इस पहल के लिए सराहना की।कार्यक्रम में एनसीसी कैडेट्स ने बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया और अन्य विद्यार्थियों को भी स्वच्छता के लिए प्रेरित किया।विश्वविद्यालय के कुलाधिपति बी एन साह ने एनसीसी कैडेट्स को स्वच्छता के महत्व को बताते हुए कहा की जीवन में स्वच्छता को अपनाकर ही स्वस्थ जीवन का आनंद उठाया जा सकता है। सचिव प्रियंका कुमारी ने अपने संबोधन में कहा की एनसीसी कैडेट्स का कर्तव्य है कि न केवल स्वयं साफ सफाई का ध्यान रखें बल्कि अन्य लोगों को भी स्वच्छता के बारे में जागरूक करे।प्रति कुलपति प्रो (डॉ) रश्मि ने कहा की एनसीसी कैडेट्स की स्वच्छता अभियान में भागीदारी से हमारा समाज एक बेहतर भविष्य की ओर बढ़ सकता है।कुलसचिव प्रो (डॉ) निर्मल कुमार मंडल ने अपने संबोधन में कहा की एनसीसी कैडेट्स के अनुशासन और स्वच्छता के प्रति समर्पण हमें गर्व महसूस कराता है।विश्वविद्यालय के वित्त एवं लेखा पदाधिकारी डॉ संजय कुमार, परीक्षा नियंत्रक प्रो (डॉ) अशोक कुमार, प्रबंध समिति के सदस्य अजय कुमार ने स्वच्छता अभियान की काफी सराहना की।कार्यक्रम का नेतृत्व प्रदीप कुमार रजक और अजीत कुमार ने किया।

## एसबीआई सिंगारसी शाखा प्रबंधक पर डेढ़ लाख रुपए हथियाने का आरोप

**अमड़ापाड़ा :** भारतीय स्टेट बैंक के सिंगारसी शाखा प्रबंधक पर एक ग्राहक ने अनैतिक तरीके से बड़ा रकम हथियाने का आरोप लगाया है। आदिम जनजाति समाज से आने वाले ग्राहक कमला पहाड़िया ने शाखा प्रबंधक सचिन शेखर पर डेढ़ लाख रुपए अवैध तरीके से ले लेने का संगीन आरोप लगाया है। कमला पहाड़िया ने बताया कि उनके पिताजी वाटर सप्लाई में काम करते थे। पिताजी के रिटायरमेंट के बाद उनके खाते में पैसा आया। शाखा प्रबंधक सचिन शेखर ने अपनी गाड़ी में बैठाकर गोड्डा बैंक लेकर गया। बैंक में जाकर चेक भराया और मुझसे पैसा निकलवाया। इसके बाद बैंक से बाहर आए तो 30,000 रुपए शाखा प्रबंधक ने अपने नाम से यह कहकर लिया कि वह पैसा दिलाने में काफी मेहनत किया है। शाखा प्रबंधक सचिन शेखर के एक सहयोगी भी साथ में थे, उन्होंने भी 20,000 रुपए ले लिए। बैंक से जब गाड़ी से वापस घर के लिए निकले तो रास्ते में शाखा प्रबंधक सचिन शेखर ने एक लाख रुपए किसी ऑपरेटर के नाम से ले लिया।

# रामगढ़ में पीआईबी की मीडिया कार्यशाला, सरकार की योजनाओं पर होगी चर्चा

प्रभात मंत्र संवाददाता




**रामगढ़ :** सूचना प्रसारण मंत्रालय के अंतर्गत रांची स्थित पत्र सूचना कार्यालय द्वारा रामगढ़ जिला प्रशासन के सहयोग से कल दिनांक 04 अक्टूबर 2024 को सुबह 10.30 बजे से समाहरणालय परिसर स्थित उपायुक्त सभागार में पीआईबी क्षेत्रीय मीडिया कार्यशाला %वार्तालाप% कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना और केंद्र सरकार की अन्य प्रमुख योजनाओं पर आधारित इस परिचर्चा कार्यक्रम की जानकारी प्रेस वार्ता के जरिए पीआईबी रांची के मीडिया एवं संचार अधिकारी राजेश सिन्हा एवं क्षेत्रीय प्रचार अधिकारी ओंकार नाथ पाण्डेय ने आज पत्रकारों को दी। कल होने वाले इस कार्यक्रम के मुख्य सत्र में विभाग के झारखंड व उड़ीसा राज्य के अपर महानिदेशक अखिल कुमार मिश्रा,रामगढ़ के उपायुक्त चंदन कुमार, झारखंड सरकार के जेरेडा (झारखंड रिन्यूएबल एनर्जी डेवलपमेंट अथॉरिटी) विभाग के तकनीकी विशेषज्ञ आर्यदिप्त जेना और बी.के. दास के अलावा जिला प्रशासन के वरिष्ट अधिकारियों की मौजूदगी रहेगी।मीडिया और सरकार की योजनाओं से संबंधी सरोकार से जुड़े इस महत्वपूर्ण कार्यक्रम के आयोजन के बारे में आज हुई इस प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए राजेश सिन्हा ने मीडिया से आग्रह किया कि वार्तालाप मे सभी अवश्य पधारें और विकसित भारत संकल्प के संदर्भ में सौर ऊर्जा पर दी जाने वाली जानकारी को जन जन तक पहुंचने का प्रयास करें।प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए पीआईबी के ओंकार नाथ पाण्डेय ने पीआईबी के इतिहास, कार्यक्षेत्र और संरचना पर विस्तृत जानकारी दी।आज के पत्रकार वार्ता में रामगढ़ जिला सूचना एवं जनसंपर्क कार्यालय के सोशल मीडिया पब्लिसिटी ऑफिसर विक्रम सोनी भी मौजूद रहे और उन्होंने झारखंड सरकार के द्वारा किए जा रहे हैं विकास कार्यों के बारे में बताया।वार्तालाप÷ कार्यशाला में रामगढ़ जिले के शहरी क्षेत्र एवं ग्रामीण क्षेत्र के लगभग सभी पत्रकार हिस्सा लेंगे। इस कार्यक्रम में रामगढ़ जिले में चल रही सरकार की सौर ऊर्जा और अन्य विभिन्न योजनाओं जैसे मनरेगा, पीएम आवास, आदि के बारे में भी प्रशासन द्वारा विस्तृत जानकारी दी जाएगी। पीआईबी द्वारा वार्तालाप कार्यक्रम आयोजन के जरिए भारत सरकार की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं और नीतियों को आमलोगों तक पहुंचाने में मीडिया की भूमिका पर विमर्श किया जाता है। इसमें ÷प्रश्न - उत्तर÷ का भी सत्र रखा जाता है।

# पांच सितंबर से लापता मजदूर का शव हुआ बरामद

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रामगढ़ :** ओपी क्षेत्र के तेलियातू गांव के पास पिछले एक माह से लापता मजदूर का शव कुआं से बरामद किया गया। घटना के संबंध में मृतक के मामा विरसा उरांव द्वारा बताया गया कि हम लोग क्षेत्र के विभिन्न ईट भट्ठे में ईट निकालने का काम करता था। पिछले माह 5 सितंबर को बुढ़मू थाना के अंतर्गत पडने वाले सिंगरोल निवासी जयवीर मुंडा व राजेंद्र मुंडा के साथ मृतक श्याम उरांव अपने निवास स्थान सुमो गांव जाने के लिए निकला। इस दौरान तीनों लोगों द्वारा अत्यधिक शराब का सेवन कर मोटरसाइकिल से टकरा गया। इसके बाद तीनों युवक इधर-उधर भागने लगा। इसी दौरान मृतक श्याम उरांव उम्र लगभग 40 वर्ष, पिता करमा उरांव भागने के दौरान कुआं में गिरने से उसकी मौत हो गई है। परिजनों द्वारा 5 सितंबर से लगातार खोजबीन की जा रही थी। इस दौरान मृतक के पत्नी सीमा देवी द्वारा बुढ़मू थाना में भी सनहा दर्ज कराया गया था। जिस सन्हा को बरकाकाना ओपी स्थानांतरित कर दिया गया। ओपी प्रभारी उमाशंकर वर्मा द्वारा बताया गया कि 5 सितंबर के घटना के संबंध में मृतक के साथ दोनों दोस्त जयवीर मुंडा व राजेंद्र मुंडा द्वारा इसकी जानकारी मृतक के परिजन व पुलिस को नहीं दी गई थी। जिस कारण परिजन व पुलिस विभिन्न स्थानों में ढूंढा जा रहा था। ग्रामीणों द्वारा कुआं में शव होने की बात ओपी पुलिस को दी गई। इसके बाद मृतक की पहचान उनके परिजनों द्वारा श्याम उरांव के रूप में किया गया। शव को पोस्टमार्टम कराने के उपरांत परिजनों को सौंप दिया जाएगा। आप पुलिस द्वारा यूडी केस दर्ज कर ली गई है।

# शारदीय नवरात्र प्रतिपदा को निकाली गई भव्य शोभा यात्रा, ढोल-नगाड़े और जयकारे से गुंजायमान हुआ पुरा शहर

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** केन्द्रीय दुर्गा पूजा समिति के द्वारा देवीमंडप पावरगंज चौक से भव्य कलश शोभा यात्रा निकाली गई। यात्रा में हजारों की संख्या में महिलाएं, बच्चे, युवा, बुजुर्ग सम्मिलित हुए। जय श्री राम, जय माता दी, जय मां के जयघोष और जयकारों से पुरा शहर गूंज उठा। ग्रामीण क्षेत्रों से आए नगाड़ा वादक और महिलाओं की टोलियों के नृत्य ने सरना सनातन के अनूठे संगम को दिखाया। माता के सभी भक्तगण ध्वजा हाथों में ले कर चल रहे थे। सभी श्रद्धालुओं का सोमवार बाजार, शास्त्री चौक, गुदरी बाजार में पुष्पवर्षा कर अभिवादन और स्वागत किया गया। ठाकुरबाड़ी मन्दिर में अगले नौ दिनों तक कलश स्थापना के साथ नवाह्न पारायण पाठ का आयोजन किया जाएगा।केन्द्रीय दुर्गा पूजा समिति के अध्यक्ष इंद्रजीत लकड़ा ने सभी से शांति और सौहार्द के साथ दुर्गा पूजा मानने को कहा साथ ही साथ इस वर्ष भी प्रत्येक वर्ष की तरह मेला एवं आतिशबाजी आकर्षण का केंद्र बनी रहेगी।महामंत्री मिथुन तमेड़ा ने शुभकामनाएं देते हुआ कहा कि आने वाले दस दिन हम सभी को मिलजुलकर प्रेम से यह पावन पर्व मनाना है और इसे यादगार बनाना है दर्शन एवं मेला स्थल जाने के समय अपने बच्चों के पैकेट में पुरा पता मोबाइल नम्बर के साथ रखें ताकि किसी कारण वश यदि बच्चा अपने परिजनों से अलग हो जाए तो बच्चों को केंद्रीय एवं पूजा समितियों के द्वारा उनके घरों तक पहुंचाया जा सके। पुलिस प्रशासन का पूरा सहयोग रहा,पूरी मुस्तैदी के साथ सभी अपने काम में लगे रहे। शोभा यात्रा में ओम प्रकाश सिंह,राजेंद्र खत्री, मोहन दुबे, रमेश उरांव, नीरू शांति भगत, परमेश्वर साहू, जय प्रकाश शर्मा, सूरज अग्रवाल, अजय मित्तल, मनोज कुमार गुप्ता, अजय पंकज, सुनील अग्रवाल,आनंद पांडे, मनीर उरांव, अशोक घोष, दिनेश पांडे, सरोज प्रजापति, रोहित साहू, डब्लू राय, किनेश्वर महतो, दीपक सर्राफ, महेंद्र महतो, उदय दत्ता, रमेश साहू, विक्की कसेरा, दिनेश पांडे, सुषमा सिंह, रीता पांडे, संगीता कुमारी, सामेला भगत,मीना बखला, सुमित घोष, रोहित ओझा, देवेंद्र मंडल, उमेश सिंह, विपुल तमेडा, अजय सोनी, दुर्गा प्रजापति, ब्रजेश सिंह, मृत्युजय मधुर, दीपक साहू, अशोक रजक, सुजीत सिंह, मुन्ना कुमार, रवि वर्मा, निखिल सर्राफ, सुशील कुमार, पंकज महतो, संजय महतो, सचिन सिंघानिया, विनोद सिंह, सत्यम कुमार, संगीता कुमारी, राजकुमार साहू, निश्चय वर्मा, कपिल मिश्रा, कुणाल वर्मा, आनंद गोयल, विक्रांत कुमार,डीसी कर्मकार, अभिनव कुमार, हिमांशु केसरी, चंदन गोप, अंकित कुमार, चंदन साहू, सीताराम चौधरी, लोकेश राय, राजा कुमार, सूरज साहू, राहुल राजबाला, सुशांत गुप्ता, अजय साहू, सनी साहू, निखिल गर्ग, कुशल अग्रवाल, प्रदीप साहू, गुड्डूस प्रसाद, संजय चौधरी, अवधेश मित्तल, हेमंत वर्मा सहित अन्य माता रानी के भक्तगण उपस्थित थे।




# खिलाड़ियों ने सिमडेगा को दिलाई है अलग पहचान, सभी खिलाड़ियों का सम्मान करें जिलेवासी : विधायक भूषण बाड़ा

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमडेगा :** पाकरटांड़ में गाँधी जयंती के अवसर पर विशाल हॉकी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता के फाइनल मुकाबले में करंगागुड़ी ने धवठाटोली को 3-0 से हराकर विजेता बनी। विजेता और उप विजेता टीम को मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित सिमडेगा विधायक भूषण बाड़ा ने पुरस्कार देकर सम्मानित किया। विधायक ने दोनों टीम के खिलड़ियों को जर्सी भी दिया। विधायक के कार्यक्रम स्थल पहुंचने पर ग्रामीणो ने भव्य तरीके से उनका स्वागत किया। मौके पर सिमडेगा विधायक भूषण बाड़ा ने कहा कि सिमडेगा जिले के खिलाड़ियों ने जिले को अलग पहचान दिलाई है। जिले के हर खिलाड़ियों में सिमडेगा का नाम रौशन कराने की अद्भुत क्षमता है। देश दुनिया में अपना लोहा मनवाने की काबिलियत है। आप सभी खिलाड़ी अपने अंदर की प्रतिभा को पहचाने। प्रतिभा में निखार लाने के लिए लगातार कड़ी मेहनत करें। इंडिया गठबंधन की सरकार भी आपको आगे बढ़ने के लिए कई अवसर देगी। आप अवसर का लाभ उठाएं और खेल के क्षेत्र में अपना करियर बनाएं। विधायक भूषण बाड़ा ने कहा कि न सिर्फ खेल मैदान में बल्कि खेल मैदान से बाहर भी सभी खिलाड़ी एकजुट रहें। आगामी विधानसभा चुनाव में एक अच्छे खिलाड़ी की तरह कांग्रेस का नेतृत्व करते हुए कांग्रेस पार्टी के उम्मीदवार को जिताने का काम करे। ताकि गांव से उभर कर आने वाले खिलाड़ियों को आगे बढ़ाया जा सके। सभी खिलाड़ियों को और अधिक तेज गति के साथ सरकारी नौकरी दी जा सके। विधायक ने कहा कि खेल जीवन मे हमे जूझना सिखाता है। हार कर भी आगे बढ़ना सिखाता है। हमे जीवन मे अनुशासन रहना सिखाता है। खेल से आपसी प्रेम सम्बन्ध और भाईचारा मजबूत होता है। उन्होंने कहा कि खेल और खिलाड़ियों को पहली बार आगे बढाने का काम किया गया। आने वाले दिनो में जिले का हर एक खिलाड़ी सरकारी नौकरी करे, ऐस व्यवस्था बनाने का प्रयास किया जा रहा है। मौके पर जिप सदस्य जोसिमा खाखा, कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष अजित लकड़ा, प्रमुख रजत लकड़ा, मुखिया दामोदर बिंझिया, शकील अहदम, शशि गुड़िया, अख्तर खान, लीला नाग, जुली, शोभेन, भूषण राम सहित कमेटी के सभी सदस्य एवं हजारों की संख्या में खिलाड़ी व खेल प्रेमी उपस्थित थे।



# कैरो में शारदीय नवरात्र के पहले दिन कलश यात्रा मे जय माता दी के नारो से भक्तिमय हुआ माहौल

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**कैरो-लोहरदगा :** प्रखंड कैरो जिला लोहरदगा के अंतर्गत 03 अक्टूबर गुरुवार को शारदीय नवरात्र के पहले दिन महालया के शुभ अवसर पर माँ अम्बे दुर्गा पूजा समिति कैरो के द्वारा कलशयात्रा निकालकर कलशस्थापन के साथ ही दुर्गा-पूजा की कवायद शुरू हो गई है। इस अवसर पर 03 अक्टूबर गुरुवार को अहले सुबह माँ अम्बे पुजा पण्डाल के पास सैकड़ो महिला-पुरुष माता रानी के भक्तों की भीड़ इकट्ठा होकर मातारानी की जयकारे के साथ कलशयात्रा प्रारंभ हूई जहाँ नन्दनी नदी से आचार्य कौशलकान्त त्रिपाठी जी के द्वारा संकल्पित जल लेकर श्रद्धालु नगरभ्रमण करते हुए जय माता दी के नारों के साथ पंडाल पहूँची, कलशस्थापन के साथ ही पण्डाल पर नव-दुर्गा का पाठ भी प्रारम्भ हो गया है। उक्त कलश यात्रा मे मुख्य रूप से आजसू नेत्री नीरू शांति भगत, दुर्गा पुजा समिति के अध्यक्ष शरत कुमार विद्यार्थी, संरक्षक सुरज मोहन साहु, विवेक प्रजापति, बुधुवा उरांव, महासचिव शंभू सोनी, रिंकु प्रसाद, बजरंग प्रसाद, मनोज कुमार पांडे, बाबूलाल उराँव, ललेश पांडेय, सुजीत कुमार, संजय महतो, विपिन सिंह, मनोज कुमार साहु, अंतोष कुमार, दिनेश कुमार, शैलेश कुमार, अंकित कुमार, राधेश्याम साहु, कैरो थाना के एएसआई संजय कुमार सिंह व थाना के सदल बल, प्रखंड कार्यालय कैरो के प्रतिनियुक्त दंडाधिकारी संजीव कुमार के अलावा बड़ी संख्या मे महिला-पुरुष कलशयात्रा मे उपस्थित थे।



# मंईयां सम्मान यात्रा' के तहत कल्पना सोरेन आठ को पहुंचेगी लोहरदगा करेंगी सभा को संबोधित

**तैयारियों को लेकर जिलाध्यक्ष मोजम्मिल अहमद ने की नेताओं और कार्यकर्ताओं के साथ विशेष बैठक**

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** मंईयां सम्मान यात्रा के तहत आगामी 08 अक्टूबर को विधायक कल्पना सोरेन सांसद जोबा मांझी एवं कई मंत्रियों और विधायकों के साथ लोहरदगा पहुंचेगी। जिसकी तैयारियों को लेकर झामुमो जिलाध्यक्ष मोजम्मिल अहमद की अध्यक्षता में जिला समिति के नेताओं और कार्यकर्ताओं के साथ विशेष बैठक की गई। बैठक में मुख्य रूप से केन्द्रीय समिति सदस्य विनोद यादव समीद अंसारी, जिला सचिव अनिल उरांव, जिप सदस्य राधा तिर्की, महिला जिलाध्यक्ष सरिता भगत, अल्पसंख्यक जिलाध्यक्ष सतिम टोप्पो, युवा जिलाध्यक्ष अजय उरांव, बुद्धिजीवी जिलाध्यक्ष श्यामनंदन लोहरा, छात्र मोर्चा जिलाध्यक्ष सोमी कुमारी, सरस्वती कच्छप, बुद्धिजीवी मंच के इसरार अहमद आदि मौजूद थे। मौके पर मोजम्मिल अहमद ने कार्यकर्ताओं को निर्देश दिया कि कल्पना सोरेन के लोहरदगा के कार्यक्रम को सफल बनाने में तन-मन से लग जाएं। उन्होंने कहा कि कार्यक्रम में गांवों, पंचायत से लेकर जिला स्तर पर हर एक नागरिक को इसकी जानकारी देते हुए उनकी उपस्थिति सुनिश्चित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि तैयारियों के लिए दी गई जिम्मेदारी पर सभी खरा उतरने की कोशिश करें। कोई भी नेता अथवा कार्यकर्ता तैयारियों में कोताही नहीं बरतें। उन्होंने कहा कि आगामी 06 अक्टूबर को तैयारियों की अंतिम समीक्षा की जाएगी। बैठक में बिस सूत्री अध्यक्ष अफरोज आलम, भंडरा प्रखंड अध्यक्ष परवेज आलम, कूडू प्रखंड अध्यक्ष संकर उरांव, किस्को प्रखंड अध्यक्ष साकिर अंसारी, नगर अध्यक्ष सुभम सहदेव, जुबेर अंसारी, सुषमा उरांव, नसीम मिरदहा, सोनी कुमारी, बिकास कुमार, संतोष उरांव, रूपेश उरांव, सदाम अंजर, सरोज उराव, सुमन्ती उरांव, लालो उरांव, मरियम, मुबारक अंसारी, मनोज कुमार, राजेश कुमार, अमित कुमार, निलेश कुमार आदि मौजूद थे।



## अविराम में स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम के अंतर्गत प्रतियोगिताएं और जागरूकता अभियान का आयोजन



**लोहरदगा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** अविराम कॉलेज ऑफ एजुकेशन टिको कुरू लोहरदगा की राष्ट्रीय सेवा योजना पदाधिकारी कुंदन गिद्ध के नेतृत्व में स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम के अंतर्गत विविध प्रतियोगिताएं और जागरूकता कार्यक्रमो का आयोजन 23 से एक अक्टूबर तक कराया गया।प्रथम दिन स्वच्छता अभियान पोखरा टोली गांव में प्रशिक्षुओं द्वारा चलाया गया जिसमें गांव के अखरा और आसपास के क्षेत्र में सफाई किया गया साथ ही जल जमाव वाले जगह पर ब्लीचिंग पाउडर का छिड़काव किया गया। द्वितीय दिन महाविद्यालय परिसर की सफाई प्रशिक्षुओं द्वारा महाविद्यालय परिसर की साफ सफाई की गई। तृतीय दिन निबंध प्रतियोगिता में प्रथम स्थान सुसाना लकड़ा द्वितीय स्थान अंकिता टोप्पो तृतीय स्थान बिराजनी किड़ो चतुर्थ दिन चित्रकला प्रतियोगिता में क्रमश प्रथम द्वितीय एवं तृतीय स्थान कविता कुजूर, नीलिमा कुजूर, अंजू बाला पांचवे दिन कविता लेखन प्रतियोगिता में क्रमश ‍पल्लवी कुमारी, जसलीन पन्ना, रेशमा कुमारी। छठे दिन भाषण प्रतियोगिता में क्रमशः प्रियंका मिंज, कुंदन कुमार साहू,श्वेता लकड़ा। सातवे दिन स्लोगन प्रतियोगिता में प्रियंका लकड़ा, पारुल तिर्की,निशा कुजूर अंतिम दिवस में स्वच्छता जागरूकता महाविद्यालय एवं आसपास के क्षेत्रों में आयोजित की गई तथा महात्मा गांधी की वेशभूषा में प्रशिक्षु कुंदन ने लोगों से स्वच्छता की अपील की। इस अवसर पर प्राचार्य डॉ. प्रतिमा त्रिपाठी, जंगबहादुर, आफताब, पंकज, रेणुका, ममता, पवन, शिव, शशि, प्यारी, चिनीबास आदि उपस्थित थे।

# भंडरा प्रखंड में कलश स्थापना के साथ नवरात्र पाठ का हुआ शुभारंभ



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**भंडरा-लोहरदगा :** जिले के भंडरा प्रखंड में गुरुवार को कलश स्थापना के साथ नवरात्र पाठ शुरु हो गया। आचार्य द्वारा विधिवत पूजा-अर्चना किया गया। तत्पश्चात भौंरो नदी से महिलाओं ने जल उठाया। गुरुवार को कलश स्थापना के साथ ही प्रखंड क्षेत्र में मां दुर्गा की पूजा-अर्चना में भक्त जुट गए। भंडरा प्रखंड के भंडरा,भौरो व बेदाल गांव में सैकड़ों की संख्या में महिलाएं शामिल हुई। नव युवक संघ दुर्गा पूजा समिति भंडरा व सिद्धिदायिनी दुर्गा पूजा समिति बाजार टांड़ द्वारा सैकड़ों की संख्या में महिलाओं ने भौंरो नदी से विधिवत पूजा-अर्चना करने के बाद कलश की स्थापना किया। कलश यात्रा में शामिल महिलाएं व बच्चियों का उत्साह देखते ही बन रहा था। कलश यात्रा में मां दुर्गा के उद्घोष से पूरा क्षेत्र मां दुर्गा के पूजा आराधना में लीन लग रहा था। कलश स्थापना के बाद दुर्गा पूजा समिति द्वारा भक्तों के बीच शर्बत, चना-गुड़ व केला का वितरण किया गया। इधर बेदाल व भौरों में भी विधिवत कलश स्थापना के साथ ही नवरात्र पाठ शुरु कर दिया गया। मौके पर ईश्वरी मोहन शर्मा, किशोरी मोहन शर्मा, राधा मोहन शर्मा, भीम नाथ शाहदेव, शंकर सिंह, चंदन लहेरी, बैजू साहू, श्रीकांत गुप्ता, धनेश्वर साहू सहित काफी संख्या में भक्त मौजूद थे।

# त्यौहार किसी समुदाय का हो सौहार्द व शांति से मनाये : एसपी हरीश बिन जमां

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सेन्हा-लोहरदगा :** प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न स्थानों पर कलश स्थापना के साथ शारदीय नवरात्र प्रारम्भ प्रथम दिन भक्तों ने हर्षोल्लाष और भक्ति के साथ भक्तों द्वारा माता शैलपुत्री का पूजन किया। विदित हो कि सेन्हा प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न पंचायत ग्राम शारदीय नवरात्र का शुभारंभ कलश स्थापना के साथ आरम्भ हुआ। शारदीय नवरात्र के पावन अवसर पर पुलिस लाइन प्रांगण बक्सीडीपा में जिले के पुलिस कप्तान हरीश बिन जमां पूजा में भाग ले जिला वासियों के बीच एक सकारात्मक सोच के साथ संयुक्त रूप से पर्व मनाने का संदेश दिया। वही या देवी सर्वभूतेषु शक्तिरूपेण संस्थिता नमस्तस्यै, नमस्तस्यै, नमस्तस्यै नमो नमः के उद्घोष के साथ गुरुवार को प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न पुजा पंडालो में कलश स्थापना किया गया। कलश स्थापना के साथ नौ दिनों तक चलने वाले जगत जननी मां अम्बे भवानी की अराधना प्रारम्भ हो गया है।



शारदीय नवरात्र शुरू होते ही वातावरण भी भक्तिमय हों गया है। शारदीय नवरात्र का शुभारंभ जिले के बरही, सेन्हा, झखरा, चन्दकोपा, बक्सीडीपा सहित अन्य सभी पुजा पंडालो में शक्ति स्वरूपा माता दुर्गा का पूजा हेतु सभी जगहों पर कलश स्थापना करते हुए पुजा अर्चना प्रारम्भ हो गया है। सभी पूजा पंडाल में आचार्य पुरोहितों के द्वारा विधी विधान के साथ कलश स्थापना कराया गया। शारदीय नवरात्र शुरू होते ही प्रखंड क्षेत्र के महिला पुरुष, बच्चे, बूढ़े और नवजवान सभी भक्तजन माता के अराधना में जुट गए। और माहौल भक्तिमय हो गया है।

# मंत्री डॉ. रामेश्वर उरांव ने दर्जनों लाभुकों के बीच बिजली बिल माफी प्रमाण पत्र का किया वितरण



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** गुरुवार को स्थानीय विधायक सह मंत्री वित्त विभाग, योजना एवं विकास विभाग, वाणिज्यकर विभाग एवं संसदीय कार्य विभाग झारखंड सरकार द्वारा लोहरदगा जिलांतर्गत विद्युत शक्ति उपकेंद्र (बिजली ऑफिस) पतरा टोली लोहरदगा में मुख्यमंत्री ऊर्जा खुशहाली योजना अंतर्गत 30 लाभुकों के बीच बिजली बिल माफी प्रमाण पत्र वितरण किया गया। लाभुकों को संबोधित करते हुए मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव ने कहा कि झारखंड सरकार द्वारा 200 यूनिट तक बिजली खपत करने वाली उपभोक्ताओं के लिए मुख्यमंत्री ऊर्जा खुशहाल योजना के तहत बिजली बिल माफी योजना चलाई जा रही है जिसके तहत प्रदेश के सभी घरेलू उपभोक्ताओं का बकाया बिजली बिल माफ कर दिया गया है एवं उनके बीच बिजली बिल प्रमाण पत्र का वितरण किया गया है। झारखंड सरकार राज्य के विकास के लिए तत्पर है इसी प्रयास के क्रम में लोगों के कल्याण के लिए 200 यूनिट बिजली मुफ्त दिया जा रहा है जिससे लोगों को अतिरिक्त आर्थिक भार से मुक्ति मिलेगी। साथ ही सरकार मैया सम्मान योजना के तहत झारखंड की बेटी बहनों को आर्थिक रूप से लाभ पहुंचा जा रहा है। मौके पर दीपक खलखो विद्युत कार्यपालक अभियंता लोहरदगा, आरजू कश्यप सहायक विद्युत अभियंता, सत्यदेव भगत, जुगल भगत, युनुस अंसारी, विनोद सिंह खरवार, जमील अंसारी, राजू उरांव, शंभू प्रजापति आदि उपस्थित थे।

## मै खुद समिति में आया नहीं सनातन समाज की सेवा की रक्षा हेतु प्रभु राम जी ने मुझे भेजा है : सुनील अग्रवाल



**लोहरदगा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** जय श्रीराम समिति की बैठक सदर प्रखंड के निंगनी पंचायत में महिला अध्यक्ष सुनीता देवी की अध्यक्षता में की गई जिसमें सैकड़ो महिला-पुरुष ने भाग लिया। आयोजित बैठक में जय श्रीराम समिति के नवनिर्वाचित अध्यक्ष महामंत्री एवं कोषाध्यक्ष का भव्य स्वागत किया गया। लोगों ने नव निर्वाचित पदाधिकारीयो के ऊपर पुष्प वर्षा की। तत्पश्चात सभी लोगों के बीच में मिठाइयां बांटी गई। नवनिर्वाचित जिला अध्यक्ष सुनील अग्रवाल ने कहा समिति सदस्यों ने मुझ पर जो भरोसा जताया है इसका मैं आभार प्रकट करता हूं सदस्यों के द्वारा किए जा रहे स्वागत समारोह से मैं अभिभूत हूं मानो ऐसा लग रहा हो मैं खुद समिति में आया नहीं सनातन समाज की सेवा एवं धर्म संस्कृति की रक्षा हेतु प्रभु राम जी ने मुझे भेजा है आगे कहा कि मैं अपने कर्तव्यों का निर्वहन पूरी निष्ठा के साथ करूंगा। पंचायत अध्यक्ष सुनीता देवी ने कहा जय श्रीराम समिति के कार्य से हम सब महिला वर्षो से जुड़े हैं आप लोगों का मार्गदर्शन ही हम लोगों के लिए प्रेरणा श्रोत होगी। मौके पर अजय सोनी, ओम महतो, जिला अध्यक्ष सुनील अग्रवाल, महामंत्री प्रदीप साहू, कोषाध्यक्ष विक्की कसेरा, बजरंग साहू, कृष्णा साहू, सुनीता देवी, सीता देवी, प्रतिमा देवी, पानपत्ति देवी, पूनम देवी, सबिता देवी, फुलमनी देवी, फूल कुमारी, सुमन देवी, आशा देवी, रिंकी देवी, गीता देवी, सानपिती देवी, पार्वती देवी, सुनैना देवी, अहलिया देवी, संतोषी देवी, अनिता देवी, ज्ञांति देवी, राहुल कुमार, निखिल साहू, जीवन उरांव समेत सैकड़ो लोग मौजूद थे।

# लोहरदगा में धूमधाम से निकली महाराजाधिराज भगवान अग्रसेन की शोभायात्रा

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** अग्रवाल सभा, अग्रवाल महिला समिति व अग्रवाल यूथ सोसायटी के संयुक्त तत्वाधान में गुरुवार को अग्रसेन जयंती की सुबह स्थानीय अग्रसेन धर्मशाला परिसर से महाराजाधिराज भगवान अग्रसेन की धूमधाम से शोभायात्रा निकाली गई। सुसज्जित रथ में विराजमान महाराजा अग्रसेन की सुंदर झांकी के साथ निकली शोभायात्रा की आगे चलने वाली अग्र समाज के 18 गोत्र के प्रतीक स्वरूप पताका लहराते हुए शोभायात्रा की शोभा और भी बढ़ा रही थी। अग्र समाज के संस्थापक अग्रसेन महाराज की 5148 वीं जयंती को लेकर सुबह से ही अग्रसेन भवन में गहमागहमी का माहौल था। सुबह से ही अग्रवाल समाज के लोगों का यहां पहुंचना शुरु हो गया था। शोभायात्रा के साथ ही वाहनों पर महाराज अग्रसेन के भजन बजते रहे। इनकी धुन से शहर गूंजता रहा। अग्रसेन भवन परिसर में सबसे पहले झंडोत्तोलन कर इसकी शुरुआत किया गया। इसके बाद ढोल नगाड़ों के साथ महाराजा अग्रसेन की शोभायात्रा निकाली गई। महाराजा अग्रसेन की शोभा यात्रा अग्रसेन भवन से शुरू होकर राणा चौक, तिवारी दुरा, हटिया गार्डन, तेतरतर चंद्रशेखर आजाद चौक, गुदरी बाजार, अपर बाजार, महावीर चौक, ईस्ट गोला रोड, बरवाटोली, मिशन चौक होते हुए पुन अग्रसेन भवन पहुंचा। शोभा यात्रा के दौरान अग्रवाल सभा की महिलाएं, पुरुष, युवाओं, युवतियों और बच्चों ने महाराजा अग्रसेन पर आधारित कई नारे लगाएं। महाराजा अग्रसेन की जय, कुलदेवी माता महालक्ष्मी की जय, एक रुपया एक ईट, अग्रवाल समाज अमर रहे, जय अग्रोहा जय अग्रसेन, भारत का सपूत कैसा हो, महाराजा अग्रसेन जैसा हो इत्यादि नारे लगाए। हाथों में तलवार लिए महिलाएं व युवतियां शोभायात्रा के आगे आगे चल रही थी। इधर अग्रसेन भवन में महाराजा अग्रसेन की प्रतिमा पर माल्यार्पण करने के साथ महाआरती की गई और प्रसाद का वितरण किया गया। शोभा यात्रा की अगुवाई अग्रवाल सभा के वरिष्ठ लोग कर रहे थे।



# गांधी जयंती के अवसर पर धूमधाम से किया गया हॉकी टूर्नामेंट का समापन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमडेगा :** ठेठईटांगर प्रखंड अंतर्गत टुकुपानी पंचायत के फरसा पानी में नवयुवक संघ के द्वारा सात दिवसीय हॉकी टूर्नामेंट का आयोजन किया गया जिसका समापन गांधी जयंती के शुभ अवसर पर किया गया, हॉकी टूर्नामेंट में मुख्य अतिथि के रूप में जिला हॉकी संघ के अध्यक्ष मनोज कुमार साथ ही विशिष्ट अतिथि के रूप में प्रखंड प्रमुख बिपिन पंकज मिंज एवं कांग्रेस पार्टी के प्रखंड अध्यक्ष असफाक आलम, कांग्रेस पार्टी के कार्यकर्ता गण उपस्थित हुए द्य कार्यक्रम की शुरूआत अतिथियों का स्वागत, गांव के माताएं बहनें के द्वारा स्वागत गीत एवं फूलमाला गुलदस्ता देकर किया गया तत्पश्चात खेल का शुभारंभ खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त करते हुए किया गया, मैच में प्रथम पुरस्कार माझाफारा ओडिसा , द्वितीय स्थान सहजबहल ओडिशा एवं तृतीय स्थान आसनबेड़ा हॉकी टीम को प्राप्त हुआ, प्रथम एवं द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले टीमों को अतिथियों के द्वारा खासी देकर सम्मानित किया गया एवं तीसरा स्थान पर रहे टीम को



सहयोग राशि देखकर सम्मानित किया गया द्य मौके पर प्रखंड प्रमुख विपिन पंकज मिंज ने अपने संबोधन में कहा सबसे पहले तो आप सभी को गांधी जयंती की हार्दिक शुभकामनाएं एवं कमेटी को धन्यवाद देना चाहता हूं कि उन्होंने हमारे राष्ट्रपिता एवं सत्य और अहिंसा का पाठ पूरी जगत को पढ़ने वाले बापू के नाम से आयोजन किया है इसके लिए आप सभी को तहे दिल से धन्यवाद, साथ ही कहा कि आज के समय में पढ़ाई के साथ-साथ खिलाड़ी गण खेलकूद से भी अपना भविष्य उज्ज्वल बना सकते हैं बगल गांव की हमारी जामबहर गांव की ही रोपनी कुमारी एवं पूर्णिमा कुमारी को आप देख सकते हैं उन्होंने अपना नाम जिला, राज्य, देश एवं पूरे विश्व में रोशन किया है इसके लिए हम सौभाग्यशाली है कि वे भी इसी मैदान पर खेल कर अपना भविष्य उज्जवल बनाया है साथ ही हम हमारे कांग्रेस पार्टी के माननीय कोलेबिरा विधायक नमन बिकसल कोनगाड़ी जी को धन्यवाद देना चाहते हैं कि वे पिछले कई वर्ष पूर्व यहां आए थे उस समय यहां पर स्टेज नहीं था प्लास्टिक का तंबू गाड़ के स्टेज बनाया गया था जिससे की बरसात में काफी समस्याएं होती थी, माननीय विधायक नमन बिकसल कोनगाड़ी जी ने समस्या को देखते हुए यहां पर एक पक्का सेड( स्टेज )का निर्माण कराया है, इसके लिए हम तहे दिल से माननीय विधायक नमन बिकसल कोनगाड़ी जी को धन्यवाद देते हैं, साथ ही यह बताने में खुशी महसूस कर रहा हूं कि इस टूर्नामेंट को सफल बनाने के लिए भी माननीय विधायक जी का भरपूर सहयोग मिला।

## जिले के राजनीति के मैदान के सबसे परफेक्ट खिलाड़ी हैं एनोस एक्का



**सिमडेगा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** झापा नेता एनोस एक्का और संदेश एक्का के प्रयास से जैसे ही मारारोमा गांव में खराब ट्रांसफार्मर को बदला गया, वैसे ही पूरा गांव खुशी से झूम उठा। महीनो बाद गांव में बिजली आपूर्ति बहाल होने की खुशी ग्रामीणों के चेहरे पर साफ नजर आ रही थी। सभी ग्रामीणों ने एक स्वर में एनोस एक्का और संदेश एक्का को धन्यवाद देते हुए गांव में पारंपरिक नृत्य और गीत के साथ उनका स्वागत किया। ग्रामीणों ने कहा कि जिले के राजनीति के मैदान के सबसे परफेक्ट खिलाड़ी एनोस एक्का ही है। झापा के पास समस्या पहुंचते ही समस्या दूर हो जाती है। मौके पर संदेश एक्का ने ग्रामीणों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि ग्रामीणों का प्यार, आशीर्वाद, स्नेह ही उन्हें काम करने की शक्ति देती है। उन्होंने कहा कि जनता की ताकत ही सबसे बड़ी ताकत होती है, और लोकतंत्र में इसी ताकत की पूजा की जाती है। उन्होंने कहा कि झारखंड पार्टी गांव, गरीब, वंचित, शोषित एवं सभी जाति धर्म के लोगों को एक साथ लेकर चलना जानती है। और सभी के परेशानियों को दूर करने के लिए वे लोग हमेशा तैयार रहते हैं। उन्होंने इस बार विकास के नाम पर मतदान करने की अपील की। मौके पर मतियस बागे, संध्या डांग, नोवेल हेरेंज, पंकज टेटे, अशोक लकड़ा, किशोर टेटे, इलारूस टेटे, मतियस मिंज, अरविन्द टेटे, नुवास कुजूर, मार्था मिंज, रोपनी देवी, सिलेस्टिना टेटे, सेलेस्ता टेटे, प्रतिमा बाः, सानियारो देवी सहित कई लोगों उपस्थित थे।

## चलते चलते एक नजर

### सुसाइड पॉइंट बना मुंबई का अटल सेतु



**मुंबई :** मुंबई और नवी मुंबई को जोड़ने वाले 'अटल सेतु' से कूदकर 52 वर्षीय कारोबारी ने आत्महत्या कर ली। घटना बुधवार की है और पिछले तीन दिनों में 'अटल सेतु' पर आत्महत्या की यह दूसरी घटना है। इससे पहले सोमवार को एक बैंककर्मी ने भी 'अटल सेतु' से समुद्र में कूदकर अपनी जान दे दी थी। पुलिस के एक अधिकारी ने बताया, ''बुधवार की सुबह 'अटल सेतु' से कूदकर कारोबारी फिलिप शाह ने अपनी जान दे दी। मध्य मुंबई के माटुंगा निवासी शाह अपनी सेडान कार से 'अटल सेतु' पहुंचे और एक स्थान पर कार को खड़ी कर समुद्र में छलांग लगा दी। उन्होंने कहा,पुल के सीसीटीवी नियंत्रण कक्ष के कर्मचारियों ने वहां एक कार खड़ी देखी, जिसके बाद बचाव दल को सूचित किया गया। नियंत्रण कक्ष के कर्मचारी उस स्थान पर पहुंचे, जहां से शाह समुद्र में कूदे थे। तलाश अभियान के बाद उन्हें ढूंढ निकाला गया। पुलिस अधिकारी ने बताया कि उन्हें अस्पताल ले जाया गया, लेकिन वहां उन्हें मृत घोषित कर दिया गया। मृतक की पहचान उसके आधार कार्ड से की गई, जो कार में मिला था। पुलिस ने बताया कि शाह पिछले कुछ दिनों से तनाव में थे। नवी मुंबई के न्हावा शेवा थाने में आकस्मिक मौत का मामला दर्ज किया गया है।बता दें कि 'अटल बिहारी वाजपेयी सेवरी-न्हावा शेवा अटल सेतु' को मुंबई ट्रांस-हार्बर लिंक के नाम से भी जाना जाता है। यह पुल दक्षिण मुंबई को नवी मुंबई के सैटेलाइट शहर से जोड़ता है, जिसका उद्घाटन इस साल जनवरी में हुआ था। छह लेन वाला यह पुल 21.8 किलोमीटर लंबा है और इसे देश का सबसे लंबा समुद्री पुल कहा जाता है।

## केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री ने पशुराम भवन का किया शिलान्यास

**रांची (प्रभात मंत्र संवाददाता):** रांची के सांसद सह केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने गुरुवार को गुटवा करम टोली दलादिली चौक स्थित परशुराम भवन का शिलान्यास किया। मौके पर रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने कहा परशुराम क्षेत्रीय ब्राह्मण सभा समाज के लिए अच्छा कार्य कर रही है। इस समाज ने अपनी रीति रिवाज संस्कृति छोड़ी वह समाज कभी आगे नहीं बढ़ सकता। उन्होंने कहा कि सभी समाज को अपनी संस्कृति के बारे में अपने बच्चों को बताएं ताकि आगे आने वाली पीढ़ी अपनी संस्कृति को जाने परशुराम क्षेत्रीय ब्राह्मण सभा यही काम कर रही है। अपने रीति रिवाज को कायम रखने के लिए सभी एक जगह एकत्रित होते हैं और अपनी परंपराओं को आगे बढ़ा रहे हैं आज के शिलान्यास कार्यक्रम में पूरे विधि विधान के साथ पूजा संपन्न हुआ।

# गढ़वा में बह रही है विकास की गंगा : मंत्री मिथिलेश

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गढ़वा :** जिले के विभिन्न प्रखंडों में जिला योजना अनाबद्ध निधि से लगभग 20 करोड़ रुपए की लागत से 118 योजनाओं का कार्य किया जाएगा। जिला योजना कार्यकारिणी समिति की आयोजित बैठक में शिक्षा विभाग, स्वास्थ्य विभाग, मत्स्य विभाग, पेयजल एवं स्वच्छता विभाग, पीसीसी, आंगनबाड़ी आदि की 118 योजनाओं की प्राथमिकता के आधार पर स्वीकृति प्रदान कर दी गई है। सभी योजनाओं का कार्य शीघ्र ही प्रारंभ कर दिया जाएगा।जानकारी देते हुए गढ़वा विधायक झारखंड सरकार के पेयजल एवं स्वच्छता,

**20 करोड़ रुपए की 118 योजनाएं स्वीकृत**



पर्यटन, कला संस्कृति, खेलकूद एवं युवा कार्य विभाग मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर ने बताया कि जिला योजना अनाबद्ध निधि से जिले के विभिन्न प्रखंड में 118 योजनाओं का चयन कर लिया गया है। शीघ्र ही सभी योजनाओं का कार्य प्रारंभ कर दिया जाएगा। इसके तहत जिले के गढ़वा, मेराल, डंडा, रंका, चिनियां, रमकंडा, बरडीहा, खरौंधी, भवनाथपुर, केतार, कांडी आदि प्रखंड में कईयोजनाएं शामिल हैं।उन्होंने बताया कि स्वीकृति की गई सभी योजनाएं अति महत्वपूर्ण हैं। लंबे समय से इन योजनाओं की मांग की जा रही थी।मंत्री श्री ठाकुर ने कहा के पूरे गढ़वा जिला में विकास की गंगा बह रही है। प्रत्येक गांव, प्रत्येक टोला में चप्पे चप्पे पर योजनाएं संचालित की जा रहे हैं। पूरे गढ़वा में सड़कों का जाल बिछ गया है। उन्होंने कहा कि काफी कम समय में पूरे गढ़वा की तस्वीर बदल गई है। मंत्री ने कहा कि विकास कार्यों के लिए जिन मदों में पैसा आज उपलब्ध है, उन मदों में पहले भी पैसा उपलब्ध होते थे। परंतु गढ़वा में कहीं भी कोई पूर्व का किया हुआ विकास कार्य नहीं दिखता है। उन्होंने कहा कि कार्य करने के लिए दृढ़ ही इच्छा शक्ति एवं कार्यों की जानकारी होना जरूरी है।

## मुख्यमंत्री से मिला इमारत ए-शरिया का प्रतिनिधिमंडल



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन से गुरुवार को इमारत-ए-शरिया, बिहार-झारखंड एवं ओडिशा के अमीर-ए-शरियत-सह- ऑल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड के सचिव मौलाना अहमद वली फैसल रहमानी के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल ने मुलाकात की। इस दौरान प्रतिनिधिमंडल ने वक्फ अमेंडमेंट बिल को लेकर अपनी भावनाओं से मुख्यमंत्री को अवगत कराया। मंत्री इरफान अंसारी और प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष केशव महतो कमलेश की मौजूदगी में मुख्यमंत्री से भेंट करने वाले प्रतिनिधिमंडल में सांसद और वक्फ अमेंडमेंट बिल के लिए गठित जॉइंट पार्लियामेंट्री कमेटी के सदस्य डॉ नासिर हुसैन एवं मौलाना मुहीबुल्लाह नादवी, मीन्नत रहमानी, काजी मोहम्मद अंजर आलम कासमी, मौलाना मुफ्ती अनवर कासमी, मौलाना तहजीबुल हसन, फहद रहमानी, एहतेशाम रहमानी और मुफ्ती शहाबुद्दीन प्रमुख रूप से शामिल थे।

## एबीवीपी ने फूंका मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन का पुतला

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) ने गुरुवार को मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन का पुतला दहन कर जेएसएससी सीजीएल परीक्षा में हुए भारी अनियमितताओं की निष्पक्ष जांच की मांग की। अल्बर्ट एक्का चौक पर आयोजित इस विरोध प्रदर्शन में आंदोलनरत छात्रों पर दर्ज एफआईआर वापस लेने की भी मांग की गई। एबीवीपी रांची महानगर के मंत्री ऋतुराज सहदेव ने बताया कि पूरे प्रदेश में जेएसएससी पेपर लीक मामले को लेकर विरोध प्रदर्शन का आह्वान किया गया था। उन्होंने कहा कि 21 और 22 सितंबर को झारखंड में सामान्य स्नातक योग्यताधारी संयुक्त प्रतियोगिता परीक्षा 2023 का आयोजन किया गया था, जिसमें कई अनियमितताएं सामने आई हैं। छात्रों का आरोप है कि परीक्षा के दौरान इंटरनेट जैसी मूल सुविधाएं बंद कर दी गई और कई परीक्षा केंद्रों पर पेपर एक के स्थान पर पेपर 2 बांटे गए। इसके अलावा, कुछ प्रश्न पत्रों के सील पहले से टूटे पाए गए। इस संबंध में एबीवीपी झारखंड ने मांग की है कि उक्त परीक्षा की निष्पक्ष जांच की जाए और छात्रों के हित में जल्द से जल्द निर्णय लिया जाए। प्रदेश सह मंत्री दिशा दित्या ने कहा कि पूर्व में हुए सीजीएल परीक्षा में भी पेपर लीक का मामला प्रकाश में आया था, जिसके बाद सरकार ने परीक्षा को रद्द कर दिया। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि ऐसा ही दोबारा हुआ, तो यह छात्रों को दिग्भ्रमित करने का प्रयास होगा।

## लाखों से बनी जलमीनार से टपकने लगा पानी

**नेशनल इंटरप्राइजेज के संवेदक धरातल पर योजनाओं को करने में लगें हैं विफल**

**अखिलेश सिंह @ प्रभात मंत्र**



**चैनपुर (पलामू) :** सरकार हर घर में नल से जल उपलब्ध कराने की कई योजनाओं को धरातल पर उतारने का प्रयास कर रही है। ताकि लोगों को शुद्ध जल उपलब्ध हो सके लेकिन संवेदक की मनमानी से योजना हाथी का दांत साबित हो रहा हैं। दरअसल ऐसा ही मामला चैनपुर प्रखंड क्षेत्र के बंदूआ व ओड़नार पंचायत के बरूनवा टोला में 15वें वित से मुखिया कोटे से जलमीनार लगाया गया हैं जिसमे कई प्रकार की खामियां हैं। जानकारी के अनुसार जलमीनार सरकार की महत्वाकांक्षी योजना हैं जिसे हर घर तक जल नल का व्यवस्था करना हैं लेकिन नेशनल इंटरप्राइजेज के संवेदक की मनमानी के कारण वर्तमान में लगे जलमीनार अनियमितता को दर्शा रहा हैं जलमीनार बनते ही जलमीनार का टंकी व पाइप से रिसाव होने लगा हैं जिसके कारण लाभुको के घर तक पानी नहीं पहुंच रहा हैं जबकि जलमीनार लगने के बाद तकरीबन एक वर्ष तक मरम्मती भी नहीं होना चाहिए लेकिन जलमीनार लगते ही जलमीनार में मरम्मती का काम जरूरी दिखाई देने लगा। जहां एक तरफ़ सरकार महत्वाकांक्षी योजना के लिए प्रतिबद्ध हैं वहीं दूसरी तरफ संवेदक जनप्रतिनिधि से मिलकर योजना को धरातल पर उतारने के लिए धड़ल्ले से जल नल का काम ले रहें हैं लेकिन धरातल पर जल नल का काम शोपीस बनकर रह जा रहा हैं। वहीं लाभुक गोपी राम ने कहा कि खराब काम होते हुए देखकर विरोध किया लेकिन संवेदक मेरा एक भी बात नहीं सुना और जैसे तैसे काम कर चला गया और इसका भुक्तभोगी बने है हमलोग की सरकार ग्रामीण को जल नल का व्यवस्था कर रहीं की ग्रामीणों को परेशानी नहीं झेलना पड़े लेकिन संवेदक अपना जेब भरने के लिए घटिया सामग्री लगाकर काम कर चले जाते हैं।


